Established 1865

# पायनियर

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-14 | अंक-36 | नई दिल्ली, सोमवार, 8 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)


# गोवा के नाइट क्लब में आग, 25 की मौत

## मृतकों में चार पर्यटक और 14 नाइट क्लब के कर्मचारी, सात शवों की पहचान बाकी

एजेंसी। पणजी



उत्तरी गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार आधी रात के बाद भीषण आग लग जाने से 25 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लोग पणजी से 25 किलोमीटर दूर अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के भूतल पर फंस गए थे जिसके कारण अधिकतर लोगों की मौत दम घुटने से हुई। एक ग्राम अधिकारी ने दावा किया कि निर्माण अनधिकृत था, लेकिन क्लब को ढहाए जाने के नोटिस पर एक उच्च प्राधिकारी ने रोक लगा दी थी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प व्यक्त किया है जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के बावजूद इसे संचालित करने की अनुमति दी थी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में चार पर्यटक और 14 कर्मचारी शामिल हैं जबकि बाकी सात की पहचान अभी नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग पहली मंजिल पर लगी थी और भीड़भाड़ होने एवं छोटे दरवाजों के कारण ग्राहक बाहर नहीं जा सके।

**भीड़भाड़ एवं छोटे दरवाजों के कारण नहीं निकल सके लोग**

मुख्यमंत्री सावंत ने कहा, कुछ लोग भूतल पर भाग गए और वहीं फंस गए। सावंत ने कहा, हम क्लब प्रबंधन और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन होने के बावजूद इसे संचालित करने की अनुमति दी। नाइट क्लब के मालिक एवं महाप्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सावंत ने कहा, तटीय राज्य में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना ऐसे समय में हुई है जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम घटना की मजिस्ट्रेट से विस्तृत जांच कराएंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य पुलिस ने शुरूआत में कहा था कि आग सिलेंडर विस्फोट के कारण लगी थी लेकिन कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया था कि आग क्लब की पहली मंजिल पर लगी थी, जहां पर्यटक नाच रहे थे। जब आग लगी तो कम से कम 100 लोग डांस फ्लोर पर मौजूद थे और स्वयं को बचाने के लिए उनमें से कुछ लोग नीचे की ओर रसोईघर में भाग गए जहां वे कर्मचारियों के साथ फंस गए।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मौत पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार देर रात गोवा के नाइट क्लब में आग लगने से लोगों की मौत होने पर गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गोवा की राजधानी पणजी से 25 किलोमीटर दूर अरपोरा गांव में स्थित लोकप्रिय पार्टी स्थल बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में आग लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, उत्तरी गोवा जिले में हुई आग लगने की इस दुखद घटना से मुझे गहरी पीड़ा हुई है। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करे। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया। गुप्ता ने कहा, गोवा के अरपोरा में हुई दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं।

### पीएम ने गोवा के मुख्यमंत्री से की बात



**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के एक नाइट क्लब में आग लगने से 23 लोगों की मौत हो जाने की घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से बात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजन को खो दिया है। घायल लोगों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत जी से स्थिति के बारे में बात की। राज्य सरकार प्रभावित लोगों की हर संभव मदद कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, गोवा के अरपोरा में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

# मालिकों के खिलाफ केस दर्ज

एजेंसी। पणजी



गोवा में पुलिस ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के दो मालिकों, उसके प्रबंधक और कार्यक्रम आयोजकों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की और अरपोरा-नागोवा पंचायत के सरपंच को हिरासत में लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नाइट क्लब में भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई।

**अरपोरा-नागोवा पंचायत के सरपंच को हिरासत में लिया**

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने नाइट क्लब में लगी आग की घटना की रविवार को मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दिए। नाइट क्लब में शनिवार आधी रात के बाद आग लग गई। यह नाइट क्लब राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में स्थित है। यह पार्टी स्थल पिछले साल ही खुला था। पुलिस ने बताया कि मृतकों में चार पर्यटक और 14 कर्मचारी शामिल हैं, जबकि शेष सात की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने अरपोरा-नागोवा पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर को हिरासत में लिया, जिन्होंने 2013 में परिसर के लिए व्यापार लाइसेंस जारी किया था। रेडकर ने कहा कि क्लब का संचालन सौरव लूथरा द्वारा किया जाता था, जिनका अपने साथी के साथ विवाद था। रेडकर ने कहा, उनके बीच विवाद था और उन्होंने एक-दूसरे के खिलाफ पंचायत में शिकायत दर्ज कराई थी। हमने परिसर का निरीक्षण किया और पाया कि उनके पास क्लब निर्माण की अनुमति नहीं थी। रेडकर ने दावा किया कि पंचायत ने इसे ध्वस्त करने के लिए नोटिस जारी किया था, जिस पर पंचायत निदेशालय के अधिकारियों ने रोक लगा दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह आग की घटना से उत्पन्न स्थिति की बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं।

# पटाखों से आग लगने का संदेह, चार गिरफ्तार

एजेंसी। पणजी

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को कहा कि बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में आग लगने की घटना के बाद क्लब के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्होंने उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के आदेश दिए हैं, जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन होने के बावजूद क्लब के संचालन की अनुमति दी।

**क्लब के मालिक सौरभ और गौरव भी जल्द होंगे गिरफ्तार**

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि अंदर इलेक्ट्रिक पटाखे फोड़े गए थे, जिससे आग लगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। इलेक्ट्रिक फायरक्रैकर उन पटाखों को कहा जाता है, जिन्हें बिजली से संचालित किया जाता है। पारंपरिक पटाखों की तरह इनमें रासायनिक पदार्थ जलाए जाने के बजाय इलेक्ट्रॉनिक सर्किट का उपयोग होता है। क्लब में आग लगने की घटना में 25 लोगों की मौत के कुछ घंटे बाद मुख्यमंत्री सावंत ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव डॉ. वी. कैंडावेलू और डीजीपी आलोक कुमार को दोषी सरकारी अधिकारियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। सावंत ने स्थिति की समीक्षा के लिए राज्य प्रशासन और गृह विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई बैठकें भी कीं। उन्होंने कहा कि डीजीपी को क्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं, जिनके खिलाफ प्राथमिकी पहले ही दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि दोनों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# 'वंदे मातरम' पर पीएम मोदी करेंगे डिबेट का आगाज



एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरूआत करेंगे। इसमें राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना है।

लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा सोमवार के लिए सूचीबद्ध है और इस पर बहस के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस चर्चा में दूसरे वक्ता होंगे। इस चर्चा में लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित अन्य सदस्य भी शामिल होंगे।

**संसद में बहस के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित**

संसद में यह चर्चा, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित और जदुनाथ भट्टाचार्य द्वारा संगीतबद्ध वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोह का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर 1937 में इस गीत से प्रमुख छंदों को हटाने और विभाजन के बीज बोने का आरोप लगाया था। सात नवंबर को, मोदी ने वंदे मातरम के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोहों की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच इस गीत के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अधिकारियों ने बताया, चर्चा के दौरान वंदे मातरम से जुड़े कई महत्वपूर्ण और अनजाने पहलू देश के सामने आएंगे।

### एसआईआर पर भी होगी बहस



गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को राज्यसभा में चर्चा की शुरूआत करेंगे और स्वास्थ्य मंत्री एवं राज्यसभा के नेता जे पी नड्डा दूसरे वक्ता होंगे। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर भी चर्चा होगी, जिसमें मंगलवार और बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित इसके सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। राज्यसभा में बुधवार और बृहस्पतिवार को चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। एक दिसंबर से शुरू हुए शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों की कार्यवाही एसआईआर पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बाधित रही।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले हलचल तेज

# कोलकाता में भव्य गीता पाठ का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता



पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से साधुओं एवं साध्वियों सहित लाखों श्रद्धालुओं ने कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित विशाल भगवद गीता पाठ समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजकों ने यह जानकारी दी। आयोजकों ने बताया कि भगवा वस्त्र पहने भिक्षुओं ने कार्यक्रम स्थल पर गीता की प्रतियों से एक स्वर में श्लोक पढ़ा।

**विशाल समारोह में लाखों लोगों ने लिया भाग**

जानकारी के अनुसार, इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व प्रमुख सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्र पॉल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। इसी के साथ स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज तथा धीरेंद्र शास्त्री सहित प्रमुख धार्मिक हस्तियां भी समारोह में शामिल हुई। पंच लाखो कोंठे गीता पाठ (एक साथ पांच लाख गीता पाठ) नामक इस कार्यक्रम का आयोजन सनातन संस्कृति संसद द्वारा किया जा रहा है जो विभिन्न मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से आए भिक्षुओं और आध्यात्मिक गुरुओं का एक समूह है।

पॉल ने कहा, गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं है, यह भारत के सभी 140 करोड़ लोगों के लिए है। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पश्चिम बंगाल की आध्यात्मिक विरासत को जागृत करना और धर्मग्रंथों के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इसे (कार्यक्रम) राज्य और संभवतः देश में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ बताया जा रहा है।

### अहंकार खत्म करने को तैयार बंगाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि राज्य धार्मिक अहंकार को खत्म करने के लिए तैयार है। राज्यपाल ने मुर्शिदाबाद में एक दिन पहले बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने की घटना की ओर इशारा किया। टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की आधारशिला रखी।

# बंगाल, तमिलनाडु में एनडीए की होगी बड़ी जीत : शाह

एजेंसी। अहमदाबाद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के हर कोने में जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को खारिज कर दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में जनता के समर्थन से बड़ी जीत हासिल करेगा।

उन्होंने कहा की कि 2029 विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों और 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद, अहमदाबाद 2036 ओलंपिक की भी मेजबानी करेगा। शाह ने 1,500 करोड़ रुपये की लागत वाले तीन खेल परिसर सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अहमदाबाद नगर निगम के एक कार्यक्रम को संबोधित किया। शाह ने कहा कि भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों ने बिहार में हाल के विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत हासिल करके अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा तथा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी बड़ी जीत दर्ज करेंगे, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। शाह ने कहा, 2014 के लोकसभा चुनाव से लेकर 2025 तक...यह भाजपा के लिए लगातार जीत का समय रहा है।

**लोगों ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को नकार दिया**

# क्रीमी लेयर के समर्थन पर अपने ही समुदाय की आलोचना सुनी : गवई

एजेंसी। मुंबई



पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि उन्हें एक फैसले में यह उल्लेख करने के लिए अपने समुदाय के लोगों की ओर से व्यापक आलोचना का सामना करना पड़ा कि अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' सिद्धांत लागू किया जाना चाहिए। डॉ. आंबेडकर के विचार में सकारात्मक कदम किसी पीछे चल रहे व्यक्ति को साइकिल देने के समान है, लेकिन क्या आंबेडकर ऐसा सोचते थे कि ऐसे व्यक्ति को साइकिल कभी नहीं छोड़नी चाहिए। हाल ही में प्रधान न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हुए गवई शनिवार को मुंबई विश्वविद्यालय में 'समान अवसर को बढ़ावा देने में सकारात्मक कदम उठाने की भूमिका' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे।

**पूर्व सीजेआई ने पुरानी घटना का किया जिक्र**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की क्षमता और अनुशासन को किया रेखांकित

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बदल सकते थे पाक का नक्शा

एजेंसी। लेह



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बल और भी बहुत कुछ कर सकते थे लेकिन उन्होंने जानबूझकर संयमित और संतुलित प्रतिक्रिया का विकल्प चुना।

सिंह ने कहा कि मई में हुए ऑपरेशन ने भारतीय सेना की क्षमता और अनुशासन को रेखांकित किया, जिन्होंने बिना तनाव बढ़ाये आतंकी खतरों को बेअसर कर दिया।

**हमारी सेनाएं और अधिक कर सकती थीं, लेकिन हमने संयम बरता : राजनाथ**

रक्षामंत्री सिंह ने देश के विभिन्न हिस्सों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पूरी की गई 125 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमने अपने सशस्त्र बलों, नागरिक प्रशासन और सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के बीच जो समन्वय देखा, वह अविश्वसनीय था। मैं लद्दाख और सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रत्येक नागरिक के प्रति हमारे सशस्त्र बलों को अपना समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। सिंह ने कहा, यह समन्वय ही हमारी पहचान है। हमारा आपसी बंधन ही हमें दुनिया में सबसे अलग पहचान देता है।

ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सात मई को शुरू किया गया था, जिसका लक्ष्य पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाना था। यह अभियान जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को किये गए उस हमले का बदला लेने के लिए शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे और इस हमले में जान गंवाने वालों में से अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने कहा, कुछ ही महीने पहले, हमने देखा कि कैसे पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के जवाब में, हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और दुनिया जानती है कि उन्होंने आतंकवादियों के साथ क्या किया।

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, बेशक, अगर हम चाहते तो और भी बहुत कुछ कर सकते थे, लेकिन हमारे बलों ने ना केवल वीरता, बल्कि संयम का भी परिचय दिया और केवल वही किया जो जरूरी था।

### 125 बीआरओ परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित

**लेह।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की हाल में पूर्ण हुई 125 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और इन्हें भारत के सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक प्रभावी उदाहरण बताया। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इन परियोजनाओं का निर्माण 5,000 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और ये परियोजनाएं लद्दाख और जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेशों तथा अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम सहित सात राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और चार अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। यह आयोजन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के इतिहास में एक ही दिन में किए गए सबसे बड़े और सर्वाधिक मूल्य वाले उद्घाटन का प्रतीक बना।

page 02:page 02.qxd 12/7/2025 8:36 PM Page 1



### प्रदूषण कम करने के लिए युद्ध-स्तर पर कार्य कर रही है दिल्ली सरकार : सीएम रेखा गुप्ता

# चौकीदारों को दिए इलेक्ट्रिक हीटर

- सर्दियों में खुले में आग जलाने से होने वाले धुएं व प्रदूषण को कम करना कार्यक्रम का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को राजधानी की विभिन्न आरडब्ल्यू को रात्रि चौकीदारों के लिए इलेक्ट्रिक हीटर वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य सर्दियों में खुले में आग जलाने से होने वाले धुएं व प्रदूषण को कम करना है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार भविष्य में भी इस प्रकार के कदम लगातार उठाती रहेगी, ताकि राजधानी को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण-मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इलेक्ट्रिक हीटर एक सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प हैं, जो प्रदूषण से लड़ाई में एक प्रभावी सहायक है। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रदूषण कम करने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। इलेक्ट्रिक हीटरो का यह वितरण दिल्ली हाट पीतमपुरा में डीएसआईआईडीसी के सीएसआर फंड से किया गया। मुख्यमंत्री ने इसके लिए कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण व उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और डीएसआईआईडीसी का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में सर्दियों के दौरान खुले में आग जलाना प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है, जो हवा में धुएं की मोटी परत बना देता है। चौकीदारों को दिए जा रहे बिजली के हीटर धुएं को नियंत्रित करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने के लिए युद्ध-स्तर पर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपिंग और वाटर स्प्रिंकलिंग की व्यवस्था को बढ़ाया गया है। बिजली के खंभों पर मिस्ट स्प्रे तकनीक लगाई जा रही है। पूरे शहर में डस्ट मिटिगेशन प्लान को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। साथ ही औद्योगिक इकाइयों में उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दिल्ली में वाहनों की संख्या लगभग 10 प्रतिशत बढ़ी है।

#### खुले में कूड़ा या लकड़ी जलाने पर सख्त रोक लागू

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली की लगभग 1400 किलोमीटर सड़कों की वॉल-टू-वॉल कारपेटिंग कर धूल उड़ने की संभावनाओं को कम किया जा रहा है। खुले में कूड़ा या लकड़ी जलाने पर सख्त रोक लागू है। इसके साथ ही जरूरतमंद परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि ईंधन के रूप में लकड़ी के उपयोग को घटाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इन प्रयासों के कारण ही प्रदूषण स्तर में सुधार देखने को मिला है, परंतु इसे स्थायी रूप से कम करने के लिए नागरिकों की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने आरडब्ल्यूए, निवासियों और स्थानीय समुदायों से अपील की कि यदि कहीं भी लकड़ी, कोयला या कचरा जलता हुआ दिखाई दे, तो तुरंत उसे रोकने की पहल करें। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण की इस लड़ाई में प्रत्येक नागरिक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सरकार और समाज, दोनों की साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पर्यावरण व उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली प्रदूषण के विरुद्ध एक मजबूत युद्ध लड़ रही है। करीब 40 प्रतिशत लिगेसी कचरे के पहाड़ साफ कर दिए गए हैं और बड़ी मात्रा में पुनः प्राप्त भूमि पर वृक्षारोपण किया गया है, जो प्रदूषण नियंत्रण के प्रति हमारी व्यापक रणनीति को दशार्ता है। जनभागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए व्यवहारिक बदलाव अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण मंत्री सिरसा ने नागरिकों, ठेकेदारों और सामुदायिक समूहों से अपील की कि वे पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को अपनाएं और दिल्ली को प्रदूषण-मुक्त बनाने के इस सामूहिक मिशन में सक्रिय रूप से योगदान दें।

## अब बेसमेंट और छतों से नहीं टपकेगा पानी, निर्माण सामग्री की जांच अनिवार्य

- क्रिस्टलाइन एग्रीगेट का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा प्रमाणित होना अनिवार्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी में लगातार बढ़ती भूमिगत निर्माण परियोजनाओं तथा पुरानी इमारतों में पानी के रिसाव की शिकायतों को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने कड़ा निर्णय लिया है। विभाग ने आरसीसी निर्माण में प्रयुक्त होने वाले क्रिस्टलाइन एग्रीगेट का उपयोग तभी करने की अनुमति दी है जब उसका नमूना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान या केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान द्वारा मानक अनुरूप प्रमाणित हो।

यमुना के निकट स्थित क्षेत्रों में भूमिगत निर्माण में अक्सर पानी की घुसपैठ की समस्या सामने आती है। विशेषज्ञों के अनुसार क्रिस्टलाइन एग्रीगेट कंक्रीट को दीर्घकालीन जलरोधी क्षमता प्रदान करता है, जिससे छत, बेसमेंट, फर्श और दीवारों में होने वाला रिसाव काफी हद तक नियंत्रित हो जाता है। इसी कारण विभाग ने गुणवत्ता नियंत्रण को और सख्त करते हुए परीक्षण प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया है। निदेशों के अनुसार ऐसे एग्रीगेट का उपयोग अब केवल उन्हीं परियोजनाओं में किया जाएगा, जिनके नमूने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, रुड़की; भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास या मुंबई की प्रयोगशालाओं में परीक्षण के बाद प्रमाणित हों। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में पाया गया कि अधिक शुल्क के कारण कई कंपनियाँ मान्यता प्राप्त संस्थानों में जाँच नहीं करवातीं और इसके स्थान पर स्थानीय निजी प्रयोगशालाओं से परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करती हैं, जिससे गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं हो पाती। सत्ता परिवर्तन के बाद विभाग ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर नियंत्रण और अधिक कड़ा किया है। वर्तमान में राजधानी में अस्पतालों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा फ्लाईओवरों सहित अनेक विकास परियोजनाएँ जारी हैं। विभाग का कहना है कि इन सभी परियोजनाओं में उच्च गुणवत्ता वाले जलरोधी निर्माण की आवश्यकता सर्वोपरि है, क्योंकि आरसीसी संरचनाओं में होने वाले रिसाव से न केवल भवन की आयु घटती है बल्कि सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## 100 कुण्डीय हवनः कृष्ण पाल गुर्जर ने दिया नशा-मुक्त समाज का संदेश

- बच्चे और युवा अपनी ऊर्जा खेल और पढ़ाई में लगाएं : केंद्रीय मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने रविवार को आर्य युवा समाज द्वारा आयोजित 100 कुण्डीय हवन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए नशा-मुक्त समाज का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा केवल आर्थिक हानि ही नहीं करता, बल्कि मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से पूरे परिवार और समाज को नष्ट करता है। केंद्रीय मंत्री ने बच्चों और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी ऊर्जा खेल और पढ़ाई में लगाएं, लेकिन नशे के रास्ते पर कभी कदम न रखें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने घर और कॉलोनियों को तंबाकू व शराब से मुक्त बनाएं। मंत्री ने बड़खल विधायक धनेश अदलखा की नशे के खिलाफ चल रही मुहिम की भी प्रशंसा की और कहा कि घर स्वयं नशा-मुक्त होंगे तभी नशा-मुक्त भारत का लक्ष्य पूरा होगा। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और नशा न करने की शपथ ली। इस अवसर पर विधायक धनेश, पार्षद जगत भड़ाना, पार्षद नरेंद्र भड़ाना, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा आर्य समाज योगी सूरी, बीके चोपड़ा, राकेश धुन्ना सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आर्य समाज और डीएवी संस्थाओं द्वारा बच्चों को संस्कार और समाज में सकारात्मक दिशा देने का कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को नशा-मुक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति और परिवार की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

### सफल किडनी ट्रांसप्लांट का एम्स ने बनाया कीर्तिमान

**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा संस्थान एम्स दिल्ली ने एक साल में 21 किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी संपन्न करके एक कीर्तिमान बना दिया है। इससे जहां किडनी फेल्योर की समस्या से जूझ रहे मरीजों को नया जीवन मिल रहा है. वहीं, किफायती चिकित्सा सेवाओं के चलते किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी के मामलों में 40% की दर से वृद्धि हो रही है। एम्स दिल्ली के य्रोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. अमलेश सेठ ने कहा, केवल एक साल में मिला यह परिणाम बेहद उत्साहजनक है। य्रोलॉजी विभाग में रोबोटिक सर्जरी सेवाओं के शामिल होने से हमारी क्षमता में इजाफा हुआ है जिससे मरीजों की लंबी वेटिंग लिस्ट को कम करने में मदद मिल रही है। उन्होंने बताया कि देश में किडनी प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे मरीजों के लिए यह विस्तार जीवनदान की तरह है। इस सफलता पर अन्य विशेषज्ञों ने भी टीम की सराहना की।

## शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों का देश सदा ऋणी रहेगाः डॉ. विजय सिंह चौहान

- जिला वार मेमोरियल सिविल लाइन में शहीदों को किया गया नमन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति हरियाणा द्वारा स्थानीय सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्मारक, जिला वार मेमोरियल में स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों को समाज के अग्रणी व्यक्तियों ने 10 मिनट उनका स्मरण करते हुए नमन किया। प्रत्येक माह के पहले रविवार को आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में समाज के अग्रणी लोगों की भागीदारी रही।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शिक्षाविद् रॉयल ग्रुप ऑफ शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह चौहान का स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति की ओर से स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा जिला वार मेमोरियल व स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर पुष्प चक्रअर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। ध्वजारोहण करके राष्ट्रीय गान गाया गया। उपस्थित समूह द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम, भारत माता की जय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे, स्वतंत्रता सेनानी अमर रहे के नारे लगाए गए। मुख्य अतिथि डॉ. विजय सिंह चौहान ने उपस्थित स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि देश सदैव नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आजाद हिंद फौज अधिकारियों व सैनिकों द्वारा देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों का ऋणी रहेगा। उनके बलिदान व शौर्य से ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमारे अपने शासन-प्रशासन व सरकार की स्थापना हुई। समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि डा. विजय सिंह चौहान को आजाद हिंद फौज का स्मृति चिन्ह देकर व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल, उपाध्यक्ष रोशन लाल यादव, समिति के प्रदेश प्रवक्ता एवं अध्यक्ष समन्वय समिति हरियाणा, चौधरी समरजीत सिंह व प्रदेश कोषाध्यक्ष लेखराज राघव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने वकीलों को दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- जजों से बदसलूकी बर्दाश्त नहीं

ट्रायल कोर्ट के जज के सामने ऊंची आवाज में दलीलें पेश करने के एक अधिवक्ता के बर्ताव की आलोचना करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट या हाई कोर्ट के जज के साथ बुरा बर्ताव नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया की पीठ ने साथ ही मेरिट पर केस न आने पर न्यायाधीशों को धमकाने की कोशिश करने वाले कुछ वकीलों की ऐसी आदतों पर कड़ी टिप्पणी की।

पीठ ने कहा कि हाल के दिनों में यह देखा जा रहा है कि जब मेरिट पर कोई केस नहीं होता है तो कुछ अधिवक्ता विशेष तौर पर जिला कोर्ट के जज को किसी तरह से डराने की कोशिश करते हैं।

पीठ ने उक्त टिप्पणी ट्रायल कोर्ट के आदेश में वकील के बर्ताव का ब्यौरा नोट करते हुए की। 2016 से लंबित एक सिविल केस को आगे बढ़ाने के अधिवक्ता के अनुरोध को अदालत द्वारा ठुकराने पर अधिवक्ता ने ऊंची आवाज में बात की थी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त अधिवक्ता ने ट्रायल कोर्ट के जज से ऊंची आवाज में कहा था कि वह सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। हालांकि, जिरह का आखिरी मौका मिलने पर भी उसने ट्रायल जज से कहा कि वह बहस नहीं करेगा।

## वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन का संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन, फरीदाबाद पूर्व का संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम आज सायं 4 बजे डीएवी स्कूल सेक्टर-14 के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केंद्र की आचार्य द्वारा संस्कार पक्ष प्रस्तुति से हुई, जिसमें संस्था के केन्द्रों के बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम पेश किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गिरीश (सेक्टर-8) ने की तथा मंच संचालन योगेंद्र ने किया। सुखवीर गोयत ने अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय मंत्री एवं दक्षिण संभाग प्रमुख श्री राम अग्रवाल ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता राष्ट्रीय प्रभारी एवं वीएचपी के राष्ट्रीय मंत्री मान बीरेंद्र ने संस्था के कार्यों की आवश्यकता और सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र कौशिक, सुरेश चंद्र गर्ग, एस.के. अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में विभाग अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एपी ढिल्लो के कॉन्सर्ट के लिए एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 7 दिसंबर को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में सिंगर एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट को देखते हुए एक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। यह कॉन्सर्ट शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक होगा और इसमें बड़ी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक, पार्किंग और एंट्री को को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। इसके अनुसार (दोपहर 03:00 बजे से रात 11:00 बजे तक) कई सड़कों की यात्रा से बचना चाहिए। इसमें आईपी मार्ग, विकास मार्ग, रिंग रोड (राजघाट से आईपी डिपो तक) शामिल है। राजघाट से आईपी मार्ग तक भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। जरूरत पड़ने पर डायवर्जन/प्रतिबंध आईपी मार्ग और विकास मार्ग पर मौके की स्थिति के अनुसार डायवर्जन किया जाएगा।

## वीकेंड पर दिल्ली की सड़कों पर लगा महाजाम

- लोधी रोड सहित कई मार्ग बंद, रेंगती रहीं गाड़ियाँ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रविवार को राजधानी की सड़कों पर ट्रैफिक का बुरा हाल रहा। शाम होते-होते कई क्षेत्रों में स्थिति इतनी बिगड़ गई कि गाड़ियों की रफ्तार रेंगने लगी। खासकर पर्यटन क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर वाहनों का भारी दबाव देखने को मिला, जिसके कारण यात्रियों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोधी रोड फ्लाईओवर से हुमायूं रोड की ओर जाने वाले मार्ग को सुरक्षा कारणों से अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इस कारण आसपास के मार्गों पर वाहनों का बोझ बेहद बढ़ गया। ओबेरॉय फ्लाईओवर, लोधी रोड और इनके आसपास के क्षेत्र में लंबी कतारें लगने से यात्रियों को सामान्य दूरी तय करने में भी काफी समय लग गया। कई इलाकों में कार, बाइक और ऑटो रिक्शा सवार यात्रियों को गंभीर परेशानी झेलनी पड़ी।

#### विशेष ट्रैफिक व्यवस्था

सूत्रों के अनुसार 8 से 13 दिसंबर तक लाल किला परिसर में सांस्कृतिक विरासत संबंधी अंतर-सरकारी समिति के 20वें सत्र के आयोजन के कारण सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। इस अवधि में कई रूटों पर यातायात प्रतिबंध और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग अनिवार्य रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने की अपील की है।

### तहजीब, नजाकत और नफासत संग चला मौसिकी का जादू, कथक प्रस्तुति ने मोहा मन

# यादगार फिल्मी गानों पर झूमे लोग

- जावेद अख्तर, वसीम बरेलवी और परवाज के अल्फाजों ने दी गर्माहट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली






सराय काले खां स्थित बांसेरा पार्क में रेख्ता फाउंडेशन की ओर से चल रहे कार्यक्रम के दूसरे दिन लखनवी अंदाज का जादू चला। उर्दू शायरों के फिल्मी शाहकार के तहत यादगार फिल्मी गीत और उन पर कथक की लयबद्ध प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने-गुनगुनाने पर मजबूर किया। हुमा खलील के निर्देशन में कलाकारों ने तहजीब, नजाकत और नफासत के हर रंग को अपने नूरानी नृत्य में उकेरा। इससे पहले संगीतकार सलीम-सुलेमान ने प्रस्तुति दी। "नूर-ए-इलाही...", "अली मौला..." आदि से सूफी संगीत की परंपरा से जोड़ा। वहीं वसीम बरेलवी, विजेंद्र सिंह परवाज, जावेद अख्तर, हिलाल फरीद जैसे शायरों ने दिल्लीवासियों को मुहब्बत की भीनी खुशबू के अहसास से सराबोर किया। विजेंद्र सिंह परवाज ने वतनपरस्ती को बयान करते हुए सनाया "जर्रा-जर्रा तेरी धरती का गुलों सा महके, सबको रास आए ऐ खुदा मेरा वतन की खुशबू"। वहीं अज्म शाकिरी के शेर "तेरे ख्याल के शम्आ जलाए बैठे हैं, कोई तो फूल चढ़ाए इसी तमन्ना में, हम अपने आपको पत्थर बनाए बैठे हैं" ने खूब वाहवाही बटोरी।

दयार-ए-इजहार के तहत मिर्जा गालिब पर आधारित ड्रमेटिक रीडिंग में शेखर सुमन ने गालिब के दौर को जीवंत किया तो वहीं साहित्यिक विमर्श "रश्म-उल-खत" में उर्दू, देवनागरी और रोमन स्क्रिप्ट पर चर्चा की गई। कवि व लेखक जावेद अख्तर ने भारतीय संस्कृति में विदेशी शब्दों को आत्मसात किए जाने का सिलसिला सुनाया। कहा, रिक्शा को सभी को लोग आमतौर पर आटोरिक्शा कहते हैं। जबकि आटो ग्रीक शब्द है और रिक्शा जर्मन शब्द है। दोनों यहां इंडिया में आकर मिले। वहीं जूही बब्बर सोनी ने एकल नाट्य प्रस्तुति में आजादी के पहले और बाद के सामाजिक, राजनीतिक और साहित्यिक परिदृश्य को उकेरा। इसका निर्देशन मकरंद देशपांडे ने किया। ध्रुव सांगरी ने नुसरत फतेह अली खां की मशहूर सूफी कव्वाली "शाहे मर्दान-ए-अली..." और "अली मौला, अली मौला..." से महफिल में चार चांद लगाया। वहीं आयोजन के तहत भारतीय पकवानों और जायकों के इतिहास पर भी चर्चा हुई।

### डीटीसी बस चालक की पिटाई, इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के अमन विहार इलाके में शनिवार देर रात बारात के दौरान सड़क पार करने को लेकर हुए विवाद ने खतरनाक रूप ले लिया। डीटीसी बस के चालक और एक ऑल्टो कार चालक के बीच हुए मामूली झगड़े ने कुछ ही देर में मारपीट का रूप धारण कर लिया। जानकारी के मुताबिक, रात करीब 11:20 बजे पीसीआर को झगड़े की कॉल मिली। पुलिस तुरंत सिटी वाटिका, शिव चौक पहुंची, जहां पता चला कि ऑल्टो कार चालक ने रास्ता रोकने की बात पर बहस के बाद अपने परिजनों को बुला लिया। आरोप है कि कार चालक के रिश्तेदारों ने बस चालक विकास (27) पर हमला कर दिया। इसी दौरान बीच-बचाव करने आए एक राहगीर सूरज भी घायल हो गया। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां से बस चालक विकास को गंभीर हालत में सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। वहीं बस कंडक्टर उमेश (36) के बयान पर थाना अमन विहार में मामला दर्ज की गई।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस समारोह में सम्मिलित हुई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

- वीर बलिदानियों के परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना हर भारतीय के लिए गर्व का विषय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज मानेकशॉ सेंटर दिल्ली कैंट में आयोजित सशस्त्र सेना झंडा दिवस समारोह में सम्मिलित हुई। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा में समर्पित हमारे वीर सैनिकों, वीर बलिदानियों के परिवारों और पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। यह दिवस हमें उन अनगिनत त्यागों की याद दिलाता है जिनके कारण हम सुरक्षित और स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ उपस्थित रहकर शौर्य एवं विशिष्ट सेवा पदक से अलंकृत वीर सशस्त्र बल कर्मियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही सशस्त्र बलों के कल्याण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 10 विशिष्ट नागरिकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्य से सैन्य परिवारों के प्रति संवेदनशीलता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की मिसाल प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, सैन्य आधुनिकीकरण और रणनीतिक क्षमता के नए आयाम स्थापित किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध किया कि भारत अपनी सीमाओं, नागरिकों तथा बहन-बेटियों के सम्मान की रक्षा में दृढ़, सक्षम और निर्णायक राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा-यही हमारी सेना की पहचान है।

# दिल्ली में एआई ग्राइंड चैलेंज की शुरूआत

## छात्रों के बीच पहुंचे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, अनुभव किए साझा

■ विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में योगदान देने का किया आग्रह





अंतरिक्ष यात्री एवं भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में योगदान देने का आग्रह किया है। दिल्ली सरकार के एआई ग्राइंड चैलेंज की शुरूआत के अवसर पर रविवार को शुक्ला ने छात्रों से यह अपील की।

उन्होंने छात्रों के साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव साझा किए और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) की भूमिका पर प्रकाश डाला। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुक्ला ने छात्रों से कहा, आप भविष्य हैं। मैं आपसे कार्य करने का आान करता हूं। आपको 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए काम करना होगा।

इस साल की शुरूआत में, शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का दौरा करने वाले पहले भारतीय बने। अठारह दिनों के मिशन के बाद वह 17 अगस्त को अमेरिका से भारत लौटे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि एआई ग्राइंड भारत का पहला शहर-केंद्रित एआई नवाचार इंजन है।

गुप्ता ने कहा कि छह महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली के स्कूलों, समुदायों और उद्योगों को एक साथ लाना है, ताकि वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान सहयोगात्मक रूप से विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल दिल्ली को एआई-आधारित नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली एआई ग्राइंड भारत का पहला शहर-आधारित एआई नवाचार इंजन है। अपनी तरह का यह सबसे बड़ा कार्यक्रम छह महीने तक चलेगा। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली के स्कूल, समुदाय और उद्योग एक साथ मिलकर वास्तविक चुनौतियों के समाधान तैयार करें। यह कदम दिल्ली को एआई आधारित नवाचार के केंद्र के रूप में आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

# क्रिकेटर प्रतीका रावल को मिलेगा 1.5 करोड़ का नकद पुरस्कार

■ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को महिला क्रिकेटर प्रतीका रावल से अपने आवास पर मुलाकात की और दिल्ली सरकार की ओर से उन्हें 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की।

रावल ने हाल में समाप्त हुए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 308 रन बनाए। वह लौरा वोल्वार्ड्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर थीं। दिल्ली की यह क्रिकेटर बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ग्रुप लीग मैच के दौरान चोटिल हो गई थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं खेल सकी थी। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता। गुप्ता ने कहा, आज मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में हमने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी प्रतीका रावल का स्वागत किया। प्रतीका ने दिल्ली को गौरवान्वित किया है। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार देगी। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली भी उपस्थित थे।

# साइबर अपराध में शामिल और चीन से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



■ दिल्ली पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराध में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसका कथित तौर पर चीन से संदिग्ध संबंध है।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस गिरोह ने ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर एक वरिष्ठ नागरिक से कथित तौर पर 33 लाख रुपये से अधिक की ठगी की थी। पुलिस ने बताया कि 61 वर्षीय एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि ऑनलाइन निवेश की आड़ में उनके साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि पैसा कई खातों के माध्यम से अंततः एक फर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बैंक खातों में पहुंचा। उन्होंने बताया कि फर्जी कंपनी से जुड़े दो लोगों की पहचान उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निवासी शिवम सिंह और दिल्ली निवासी लक्ष्य के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया, लक्ष्य को 19 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था।

पूछताछ के दौरान, उसने सह-आरोपी शुभम और अन्य के निर्देश पर एक कंपनी का खाता खोलने की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि उसने बैंक खाते बनाए और सिम कार्ड खरीदे, जिसके ऐवज में पैसे लिये। पुलिस ने बताया कि शुभम की तलाश में एक टीम ने कई सप्ताह तक दिल्ली-एनसीआर में व्यापक छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि शुभम पकड़े जाने से बचने के लिए सिम कार्ड बदलता रहा। आखिरकार उसे शनिवार को तिलक नगर से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया, टीम ने शुभम के कब्जे से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, पांच चेकबुक और छह डेबिट कार्ड बरामद किए। पूछताछ के दौरान, शुभम ने गिरोह के वित्तीय नेटवर्क का खुलासा किया, जिसमें कई फर्जी कंपनियां शामिल थीं। अधिकारी ने बताया, शुभम ने यह भी दावा किया कि उसने यूएसडीटी (एक तरह की क्रिप्टोकरेंसी) प्राप्त की और उसे एक चीनी हैंडलर को बेच दिया, जिससे बार-बार धनशोधन का चक्र चलता रहा।

# टावर से आरआरयू चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टावरों से रिमोट रेडियो यूनिट (आरआरयू) चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लोनी (गाजियाबाद) निवासी अमन उर्फ मंडे (20) के रूप में हुई। क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिल रही थी कि मोबाइल नेटवर्क के सिग्नल ट्रांसमिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आरआरयू की चोरी हो रहे हैं। बदमाश वारदात को अंजाम देने के लिए दिल्ली-एनसीआर में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम ने लोनी से अमन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अमन 10वीं तक पढ़ा है और पहले फूड डिलीवरी बॉय का काम करता था। पूछताछ में उसने अपने साथी आमिर के साथ मिलकर आरआरयू चोरी की बात कबूल की। उसने बताया कि अधिक पैसे की लालच में चोरी का काम शुरू कर दिया था।

## गोवा नाइट क्लब हादसे पर दिल्ली पुलिस सतर्क

# राष्ट्रीय राजधानी के पार्टी क्षेत्र में बढ़ाई चौकसी

■ क्लब, बार, रेस्तरां और कार्यक्रम स्थलों में अग्नि सुरक्षा अनुपालन की समीक्षा करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में क्रिसमस और नए साल पर भीड़ बढ़ने की संभावना के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने रविवार को घोषणा की कि प्रमुख पार्टी क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाएगी और क्लब, बार, रेस्तरां और कार्यक्रम स्थलों में अग्नि सुरक्षा अनुपालन की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस ने ये निर्देश गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार को लगी भीषण आग के बाद जारी किए हैं, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में प्रतिष्ठानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अग्निशामक यंत्र काम कर रहे हों, निकास द्वार बिना किसी रुकावट के हों और बिजली खपत भार की निगरानी की जा रही हो। उसने जोर देकर कहा कि भारी भीड़ वाली रातों में आपातकालीन प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन अनिवार्य है। राजधानी में रास्ता और यति क्लब के संस्थापक जॉय सिंह ने कहा कि उनके क्लब, पदाधिकारियों द्वारा जारी सभी नियमों का पूरी तरह से पालन करते हैं। सिंह ने बताया, हमारे सभी क्लब पूरी तरह से नियमों का पालन करते हैं और हम अधिकारियों द्वारा जारी किए गए हर नियम का पालन करते हैं। जहां तक गोवा की घटना का संदर्भ है, तो दिल्ली में अधिकांश क्लब पहले से ही सभी नियमों का पालन करते हैं। यह एक हृदय विदारक घटना है। प्रत्येक मानव जीवन महत्वपूर्ण है। उन्होंने नाइटलाइफ क्षेत्र में प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए नियमों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। सिंह ने कहा, अगर कोई उक्त क्लब या पार्टी स्थल में प्रवेश कर रहा है, तो मैं दृढ़ता से सुझाव दूंगा कि वे नियमों का पालन करें। यह एक निरंतर विकसित होती दुनिया है, और हमारे क्लब में आने वाले लोगों से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। हमें सावधान रहना चाहिए और सभी निर्धारित मानदंडों का पालन करना चाहिए, ताकि उनकी शाम अच्छी और सुरक्षित रहे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि त्योहारों के दौरान अत्यधिक भीड़ वाले स्थानों पर नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए जिला अधिकारियों और अग्निशमन अधिकारियों के साथ जांच को मजबूत किया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आगामी त्योहारों के लिए एक मजबूत सुरक्षा योजना पहले से ही तैयार है। उन्होंने कहा, हमने शहर में पहले ही अतिरिक्त पीसीआर, मोटरसाइकिल सवार तैनात कर दिए हैं और पैदल गश्त बढ़ा दी है।

# मंत्री आशीष सूद ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने रविवार को सर्दियों में लोगों के लिए बनाए गए नाइट शेल्टर यानी रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां लोगों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिनके सिर पर छत नहीं है, उन्हें अच्छी छत देने के लिए दिल्ली की सरकार प्रतिबद्ध है।

आशीष सूद ने कहा कि पिछली सरकारों की 27 वर्षों की नाकामियों की वजह से लोगों को सर्दी के मौसम में सड़क किनारे समय बिताने को मजबूर किया। हम उन्हें समझा रहे हैं कि नाइट शेल्टर सुरक्षित हैं लेकिन लोगों के पुराने अनुभव नाइट शेल्टर्स के अच्छे नहीं है। हमारी रेस्क्यू टीम उन्हें समझाती है कि अब ये नाइट शेल्टर्स सुरक्षित हैं। अब इनमें प्रोपर खाना मिलता है, लेकिन क्योंकि उनका अनुभव अच्छा नहीं है ऐसी असुविधाएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को मुनिरका और एम्स इलाके के नाइट शेल्टर और पगोड़ा कैंप्स का निरीक्षण किया गया। विंटर एक्शन प्लान के तहत पगोड़ा कैंप्स में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। रास्ते में कुछ लोग भी मिले, जिन्हें नाइट शेल्टर और पगोड़ा कैंप्स में कंबल, भोजन और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई और उनसे आग्रह किया कि वह इन नाइट शेल्टर में जाकर रहें।

# पैसों को लेकर झगड़े में युवक की हत्या, पुलिस ने 5 नाबालिग आरोपियों को पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के सब्जी मंडी रेलवे थाना क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर केस शुरू में एक रहस्य बन गया था, लेकिन अशोक विहार पुलिस की टीम ने सिर्फ 12 घंटे में इसे सॉल्व कर दिखाया। पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा है और आगे की कार्रवाई जारी है।

मामला तब सामने आया जब 6 दिसंबर को 3:16 बजे पुलिस को एक पीसीआर कॉल आया कि डब्ल्यूपीआईए की झुग्गियों के पास रेलवे ट्रैक पर एक लाश पड़ी है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और देखा कि 25 से 30 साल का एक युवक खून से सना पड़ा है। उसके चेहरे, गले और गर्दन पर कई धारदार हथियारों से वार किए गए थे। चोटें इतनी गहरी थीं कि चेहरा पहचानने लायक भी नहीं बचा था। यह मामला रेलवे एरिया का था, इसलिए फौरन इसे पुलिस स्टेशन सब्जी मंडी रेलवे को ट्रांसफर किया गया। मामला बेहद संवेदनशील था, इसलिए एसीपी अशोक विहार आकाश रावत की निगरानी में एक स्पेशल टीम बनाई गई। जांच की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार को दी गई, जिनके साथ एसआई नवीन, हेड कांस्टेबल करण पाल, कांस्टेबल भूपेश, कांस्टेबल संदीप और कांस्टेबल दिनेश की टीम लगातार काम पर लगी रही। सबसे बड़ी चुनौती थी लाश की पहचान। लगातार कोशिशों के बाद टीम यह पता लगाने में सफल हुई कि मृतक का नाम मोनू उर्फ मनोज था, जो सीएसए कॉलोनी, डब्ल्यूपीआईए का रहने वाला और अशोक विहार थाने का रजिस्टर्ड बैड कैरेक्टर था। उसके खिलाफ सात गंभीर मामले पहले से दर्ज थे। पहचान होने के बाद जांच ने तेजी पकड़ी। टीम ने डिजिटल फुटप्रिंट्स को खंगाला, कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की और अलग-अलग जगहों पर जाकर ग्राउंड वेरिफिकेशन किया। धीरे-धीरे संदिग्धों की मूवमेंट और पैटर्न सामने आने लगे। जब सुराग पक्के हुए तो टीम ने बिना समय गंवाए छापे मारे। इन छापों में पांच आरोपियों को पकड़ लिया गया। आरोपी नाबालिग है, जिनकी उम्र 15 से 18 साल के बीच है। पुलिस के अनुसार ये पांचों इस हत्या में सीधे शामिल थे। पूछताछ में पूरी कहानी साफ हो गई। पता चला कि मोनू इन पांचों नाबालिगों से चोरी और छोटे-मोटे अपराध करवाता था। बाद में पैसे के बंटवारे को लेकर झगड़ा होने लगा। मोनू अक्सर उन्हें धमकाता था और उनसे पैसे जबरन लेता था। ये विवाद इतना बढ़ गया कि बदला लेने की सोचकर इन पांचों लड़कों ने मोनू को रास्ते से हटाने की योजना बना ली। घटना वाली रात उन्होंने रेलवे ट्रैक पर मोनू को घेरकर चाकू और पेचकस से कई वार कर उसकी हत्या कर दी।

# मृतक के परिजन को 64.7 लाख मुआवजा देने का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने आर के पुरम में 2020 में हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए 37 वर्षीय माली के परिवार को 64.71 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। पीठासीन अधिकारी डॉ. शिरीष अग्रवाल ने जगदीश प्रकाश के परिजनों द्वारा दायर दावा याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

जगदीश प्रकाश की साइकिल 24 जनवरी, 2020 को एक कार की चपेट में आ गई थी। घटना में जगदीश की मौत हो गई थी। न्यायाधिकरण ने 21 नवंबर को दिए गए फैसले में कहा, जगदीश को दुर्घटना में घातक चोटें आईं जिसके कारण उनकी मौत हो गई। तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यह घटना हुई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी में वरिष्ठ माली के रूप में कार्यरत जगदीश की लापरवाही से चलाई जा रही कार की चपेट में आने से मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। न्यायाधिकरण ने कहा कि जगदीश अपने परिवार के कमाने वाले इकलौता शख्स थे और उनपर उनके माता-पिता, पत्नी और पांच बच्चों समेत आठ लोग आश्रित थे। न्यायाधिकरण ने दावेदारों को कुल 64.71 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। न्यायाधिकरण ने कहा कि अमेरिकी दूतावास के प्रतिनिधि के स्वामित्व वाला वाहन दुर्घटना की तारीख को बीमाकृत नहीं था, इसलिए वाहन के चालक और मालिक को पूरी राशि का भुगतान करना होगा।

# शाहदरा में मल्टी सुपर स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप का किया गया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




शाहदरा में रविवार को भाजपा के सांसद, विधायक, पार्षद और समाजसेवी एक मल्टी सुपर स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैम्प में एकत्रित हुए। यह हेल्थ चैकअप कैम्प डॉ आर. बी. गुप्ता जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर डॉ.आर. बी.गुप्ता फाउंडेशन द्वारा लगाया गया था। जिसमें दिल्ली के विख्यात डॉक्टरों ने भाग लिया।

डॉ आर. बी. गुप्ता इस क्षेत्र के प्रमुख चिकित्सक तथा प्रमुख समाज सेवी रहे है उनकी स्मृति में हर वर्ष उनकी पुण्य तिथि पर फाउंडेशन द्वारा एक बड़ा हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया जाता है। जिसमें दिल्ली के प्रमुख चिकित्सक कैम्प में पहुंचने वाले लोगों की निशुल्क जांच करते हैं। इस कैम्प में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शिरकत की।

हर्ष मल्होत्रा ने इस अवसर पर कहा कि डॉ आर. बी. गुप्ता जी ने इस क्षेत्र में काफी सामाजिक कार्य किए है जिनके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। डॉ गुप्ता क्षेत्रीय लोगों के साथ और उनकी सेवा के लिए सदैव तैयार रहते थे।

इस अवसर पर उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने डॉ आर बी गुप्ता फाउंडेशन द्वारा डॉ साहब की स्मृति में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा की हम सभी को डॉ साहब से प्रेरणा लेकर समाज के पीड़ित तथा शोषित वर्ग को ऊपर उठाना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन जी, विधायक जितेन्द्र महाजन, अजय महावर जी, संजय गोयल, डॉ अनिल गोयल, राज कुमार भाटिया, निगम पार्षद रितेश सूजी, चंदर प्रकाश शर्मा, रीना माहेश्वरी, पंकज लूथरा, संदीप कपूर भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में 800 से अधिक लोगों का चैकअप किया गया। इस कैम्प में कैंसर, हार्ट, बोन की जांच की गयी और स्वास्थ्य को लेकर निःशुल्क परामर्श दिए गए।

# मनोज तिवारी ने सांसद खेल महोत्सव का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के खजूरी चौक यमुना खादर में सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एन श्रवण कुमार के साथ मिलकर प्रतीकात्मक रूप से क्रिकेट का टॉस किया, जिससे झरोदा और संत नगर की टीमों के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट को आरंभ करवाया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि टूर्नामेंट में 42 टीमें खेल रही हैं। इसमें 41 वार्डों से आईं 41 टीमें शामिल हैं और 42वीं टीम लोकसभा की मीडिया टीम है। इन सभी टीमों में कुल 620 खिलाड़ी हैं। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर को टूर्नामेंट का समापन होगा, जिस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद रहेंगी। मनोज तिवारी ने बताया कि लगभग दो हफ्ते चलने वाले इस टूर्नामेंट में दिल्ली के बड़े-बड़े अधिकारी और कई नेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए आएंगे। उन्होंने बताया कि 41 मंडल अध्यक्षों को इस टूर्नामेंट से जुड़े संगठन के लिए मेंटॉर बनाया है।

# नमो भारत कॉरिडोर पर एस्केलेटर के सुरक्षित उपयोग के लिए अभियान शुरू

■ एनसीआरटीसी की टीम ने कई नमो भारत स्टेशनों पर और ट्रेन में सवार यात्रियों के साथ बातचीत की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



तीव्र गति नमो भारत कॉरिडोर पर यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने अपने स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियों (एस्केलेटर) के सुरक्षित उपयोग पर एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस पहल के तहत एनसीआरटीसी और इसके संचालन तथा रखरखाव साझेदार, डीबी आरआरटीएस इंडिया की टीम ने कई नमो भारत स्टेशनों पर और ट्रेन में सवार यात्रियों के साथ बातचीत की, ताकि बुनियादी एस्केलेटर सुरक्षा नियमों और जिम्मेदार यात्रा व्यवहार के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। एक बयान के अनुसार पहले चरण में इस अभियान की अधिकतम पहुंच के लिए आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ दक्षिण समेत अधिक भीड़भाड़ वाले स्टेशनों को शामिल किया गया। बातचीत के दौरान यात्रियों को परामर्श दिया गया कि वे एस्केलेटर का उपयोग करते समय रेलिंग को पकड़ें, जल्दबाजी से बचें, मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा भारी सामान ले जाते समय लिफ्ट का इस्तेमाल करें। इसमें कहा गया है कि उन्हें आपातकालीन स्टॉप बटन के स्थान और उनके उचित उपयोग के बारे में भी बताया गया। स्टेशन परिसर में प्रमुख सुरक्षा संदेशों वाले बैनर और पोस्टर प्रमुखता से प्रदर्शित किये गये। बयान के अनुसार बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया तथा कर्मचारियों ने बच्चों के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक किया, जैसे कि बच्चों के हाथों को मजबूती से पकड़ना, उन्हें किनारों से दूर रखना तथा उन्हें एस्केलेटर पर दौड़ने या खेलने से रोकना।

एनसीआरटीसी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस तरह के जागरूकता अभियान सुरक्षित यात्रा की संस्कृति को मजबूत करने और सभी नमो भारत उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसने कहा कि सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए, सभी नमो भारत स्टेशनों और रेलगाड़ियों को चौबीसों घंटे सीसीटीवी निगरानी से सुसज्जित किया गया है, जिसकी निगरानी एक केंद्रीय सुरक्षा नियंत्रण केंद्र से की जाती है। इसके अनुसार प्रत्येक स्टेशन में स्थानीय प्राधिकारियों के साथ त्वरित समन्वय के लिए एक समर्पित पुलिस कक्ष भी है, जबकि प्रवेश बिंदुओं पर यात्रियों की जांच मल्टी-जोन डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) के माध्यम से की जाती है। बयान में कहा गया है कि वर्तमान में, 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का न्यू अशोक नगर और मेरठ साउथ के बीच 55 किलोमीटर लंबा हिस्सा, जिसमें 11 स्टेशन शामिल हैं, संचालित है। इसमें कहा गया है कि शेष खंड को जल्द ही जनता के लिए खोल दिए जाने की उम्मीद है।

# सीजेआई ने ब्रिटेन में कैदियों को चिप लगाकर घर पर रहने की अनुमति की सराहना की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार की देर शाम को गुरुग्राम जिला भोंडसी जेल से राज्य की विभिन्न जेलों में कौशल विकास केंद्रों, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं आईटीआई-स्तरीय व्यावसायिक कार्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ किया। इसी कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने पंजाब, हरियाणा एवं यू.टी. चंडीगढ़ में एक माह चलने वाले राज्यव्यापी नशा-रोधी जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू एवं उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश तथा राज्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति जेल से बाहर आने के बाद उपयुक्त मार्गदर्शन, शिक्षा एवं कौशल समर्थन नहीं पाता तो उसका समाज में पुनर्वास कठिन हो जाता है। कई बार वह दोबारा अपराध चक्र में फंस जाता है। उन्होंने कहा कि यदि जेल या जैसा वे कहना पसंद करते हैं सुधार गृह में शिक्षा, कौशल, मनोवैज्ञानिक समर्थन और पुनर्वास की संरचित व्यवस्था न हो, तो जेलें अनजाने में वंचनाओं को और गहरा कर सकती हैं। आज की सुधारात्मक न्याय व्यवस्था पुनरावृत्ति रोकने के लिए योजनाबद्ध, सामूहिक और मानव-केन्द्रित रणनीति की मांग करती है। उन्होंने ब्रिटेन में अपनाए गए एक अभिनव मॉडल का उल्लेख किया, जिसे बेंगलुरु की एक सॉफ्टवेयर कंपनी के सहयोग से विकसित किया गया है। इस मॉडल में कैदियों को निगरानी चिप लगाकर घर पर रहने की अनुमति मिलती है, जिससे उनका पारिवारिक जीवन, आय व सामाजिक जिम्मेदारियां बाधित नहीं होतीं। यह मानवीय सुधार मॉडल सुरक्षा और पुनर्वास के बीच संतुलन स्थापित करता है।

**प्रवासी मजदूरों की चुनौतियां परिस्थितिजन्य हैं, आपराधिक नहीं:** जस्टिस सूर्यकांत ने प्रवासी मजदूरों की विशिष्ट संवेदनशीलताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी चुनौतियां परिस्थितिजन्य हैं, आपराधिक नहीं। उनके लिए सरल जमानत प्रक्रिया, बहुभाषीय कानूनी सहायता और आवश्यक दस्तावेज सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ मजबूत किया जाना चाहिए। कौशल अवसर देता है, लेकिन मनोवैज्ञानिक स्थिरता व्यक्ति को आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है।



■ मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि यदि व्यक्ति जेल से बाहर आने के बाद उपयुक्त मार्गदर्शन, शिक्षा एवं कौशल समर्थन नहीं पाता तो उसका समाज में पुनर्वास कठिन हो जाता है। कई बार पुनः अपराध चक्र में फंस जाता है

### पुनर्वास योजनाबद्ध प्रक्रिया पर आधारित हो

अपने संबोधन में जस्टिस सूर्यकंत ने सुधारात्मक प्रणाली को मजबूत करने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्वास केवल आशा पर नहीं, बल्कि एक योजनाबद्ध प्रक्रिया पर आधारित होना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक जिले में पुनर्वास बोर्ड गठित किए जाएं, जिनमें प्रोबेशन अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं एवं मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल हों, ताकि प्रत्येक रिहाई एक ठोस कार्ययोजना के साथ हो।

## पति पर हमले की साजिश रचने वाली पत्नी सहित चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



शहर में बढ़ते आपराधिक मामलों पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पति के हाथ-पैर तुड़वाने की साजिश रचने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने पत्नी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पीड़ित ललित, निवासी जवाहर कॉलोनी, ने थाना सारन में शिकायत दी थी कि 24 सितंबर की रात को वह ड्यूटी के लिए घर से जैसे ही बाहर निकला, कुछ नकाबपोश लोगों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया था। गंभीर चोटों के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 को सौंपी।

जांच के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों गुन्ना अरनव (20) निवासी सेक्टर-30, हर्ष भाटी (24) निवासी भारत कॉलोनी, अनिल (22) निवासी सेक्टर-87 और पीड़ित की पत्नी श्वेता (काल्पनिक नाम) (42) निवासी जवाहर कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि आरोपी महिला की अपने पति से अक्सर कहासुनी होती थी और वह उससे परेशान थी। इसी रंजिश में उसने अपने परिचित हर्ष को पति को सबक सिखाने के लिए कहा। जिसके बाद 24 सितंबर की रात हर्ष अपने साथियों गुन्ना और अनिल के साथ पीड़ित के घर के बाहर पहुंचा और उसके बाहर निकलते ही उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने चारों को अदालत में पेश किया, जहां से गुन्ना अरनव, हर्ष भाटी और अनिल को जमानत मिल गई, जबकि महिला आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## सांसद के आवास पर मिड डे मील वर्करों का प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** चार जिलों नूंह, पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम से आए सैकड़ों मिड डे मील वर्करों ने रविवार को फरीदाबाद के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के आवास के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। वर्करों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताते हुए प्रधानमंत्री के नाम विभिन्न 12 सूत्री मांगों के ज्ञापन मंत्री के पुत्र देवेंद्र चौधरी को सौंपे।

प्रदर्शन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बड़खल मोड़ से शुरू हुआ, जहाँ जिला प्रधान कमलेश, मूर्ति, सोनवती और बरीशा की संयुक्त अध्यक्षता में विरोध सभा आयोजित की गई। सभा का संचालन सीटू जिला सचिव पलवल रामरति चौहान ने किया। इस दौरान सीटू नेताओं वीरेंद्र सिंह डंगवाल, रमेश चंद, विजय झा और श्रीपाल भाटी ने भी संबोधित किया। वर्करों की मुख्य मांगों में मिड डे मील वर्करों को नियमित करने, 26000 रुपये न्यूनतम वेतन, 12 महीने वेतन प्रदान करने, मानदेय सीधे व्यक्तिगत खाते में डालने, समय पर भुगतान, ग्रेच्युटी और सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने तथा न्यूनतम 12,000 रुपये पेंशन देने की मांग शामिल थी।

## संक्षिप्त खबरें

### लाइव पेंटिंग सत्र में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा



**फरीदाबाद।** कालीबाड़ी सेक्टर-16 स्थित आर्ट स्कूल में रविवार को लाइव पेंटिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व एवं वर्तमान छात्रों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से उड़ान दी। इस वार्षिक पेंटिंग सत्र और फरीदाबाद कालीबाड़ी कैलेंडर 2026 निर्माण गतिविधि में जिलेभर से सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम फरीदाबाद कालीबाड़ी के प्रधान डॉ. प्राणजीत भौमिक और महासचिव ए. के. पंडित के सान्निध्य में आयोजित किया गया। प्रसिद्ध कलाकार दीपक कुमार घोष के नेतृत्व में बच्चों को नियमित रूप से पेंटिंग का प्रशिक्षण मिलता है। वरिष्ठ सदस्य अभिजीत गांगुली ने बताया कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करना और समुदाय को कला एवं पेंटिंग के महत्व से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और समाज में कला शिक्षा के महत्व का सशक्त संदेश प्रसारित होता है। इस लाइव पेंटिंग सत्र में कुल 65 बच्चों ने भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में सराय विद्यालय का दबदबा, मिलाप्रथम स्थान



**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा के जूनियर रेडक्रॉस व ब्रिगेड सदस्य विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सभी दस इवेंट्स में भाग लिया और छह में प्रथम तथा दो में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। डिबेट में मंदिश मिश्रा व राहुल प्रथम रहे, डॉक्यूमेंट्री में धीरज, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में अंश, भाषण में श्वेता, कविता गायन में संजना और स्लोगन लेखन में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध में रिया और स्किट में खुशी-चांदनी की टीम द्वितीय रही। प्राचार्य मनचंदा ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और सहयोगी शिक्षक दल का सम्मान करते हुए उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एक सप्ताह में 36 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 15.88 लाख रुपए बरामद

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में साइबर अपराधियों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह में 36 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। 29 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच की गई इस कार्रवाई में 15,88,434 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। साथ ही 261 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 3,57,942 रुपये संदिग्ध खातों में फ्रिज किए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार साइबर थानों की टीम ने 22 मामलों में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की है, जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 2, सेंट्रल के 15 और बल्लभगढ़ के 5 मामले शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप, वैभव, दिलशाद अंसारी, भारत सिंह, जगबीर, मनोज कुमार लोधी, जतिन अरोड़ा, मिनर्वा, वसीम खान, सौरभ तोमर, अजय कुमार दास, अभिषेक तिवारी, अनिकेत सिंह सहित कुल 36 साइबर ठग शामिल हैं। ठग लिंक भेजकर घर बैठे ऑनलाइन टास्क का लालच देते हैं फिर बड़ी रकम ठग लेते हैं।

## भारत के ऋषियों की साधना ने विश्व को सत्य के मार्ग पर चलाया : राधाकृष्णन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




भारत के उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि भारत के ऋषियों, मुनियों और तपस्वियों की साधना ने विश्व को ध्यान, आत्मबल और सत्य के मार्ग पर अग्रसर किया है। राजयोग, विपस्सना और तपस्या जैसी समृद्ध आध्यात्मिक परंपराएं आज भारत को विश्व गुरु बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प में भी यही आध्यात्मिक शक्ति राष्ट्र का मार्गदर्शन कर रही है।

उप-राष्ट्रपति रविवार को गुरुग्राम जिला के बोहड़ाकलां में स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती वर्ष के रश्मियां कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उप-राष्ट्रपति के हरियाणा आगमन पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने स्वागत किया। उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करके अपने संबोधन में कहा कि ध्यान आत्मा, मन और शरीर को गहन शांति प्रदान करता है। ध्यान की अवस्था में सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं और आंतरिक ऊर्जा का संचार होता है। इसी ध्यान की अनुभूति के बीच, समाज के विभिन्न क्षेत्रों एविएशन, चिकित्सा, विज्ञान, प्रशासन, सामाजिक सेवा और राजनीति से आए हुए व्यक्तित्वों से परिचय हुआ, जो इस बात का प्रमाण है कि ध्यान और आध्यात्मिक शांति हर मनुष्य की आवश्यकता है। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि धर्म का पालन शांति और विजय दोनों देता है। मन को जीतना ही सफलता का प्रथम सूत्र है, यही गीता का संदेश है। जब तक हम भीतर सकारात्मकता, विनम्रता और सेवा-भाव नहीं अपनाते, तब तक मन की शांति संभव नहीं। तमिल परंपरा के महान कवि तिरुवल्लुवर ने कहा है- मन में लाखों विचार आते हैं, पर जीवन का अगला क्षण भी निश्चित नहीं। अतः चिंता नहीं, बल्कि

## गंदगी से पटे नाले ने खोली साफ-सफाई के दावों की पोल



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नगर निगम द्वारा शहर के नालों की सफाई पूरी किए जाने के दावे अब जमीनी हकीकत में खोखले साबित हो रहे हैं। शहर के कई इलाकों में नालों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। कहीं आधी-अधूरी सफाई हुई है तो कहीं नालों को पूरी तरह छोड़ दिया गया है। नतीजा यह कि शहर का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से चरमराया हुआ है।

बरसात के बाद कई नाले एक बार फिर गंदगी से लबालब भर गए हैं, लेकिन उनकी दुबारा सफाई की सुध लेने वाला कोई नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों की समय-समय पर सफाई न होने के कारण समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

सैनिक कॉलोनी मोड़ का नाला इसका बड़ा उदाहरण है। यहां मौजूद नाला गंदगी से पूरी तरह भरा हुआ नजर आया। प्लास्टिक, कीचड़, कचरा और बदबूदार पानी के कारण स्थिति बेहद खराब है। पैदल निकलने से लेकर वाहनों की आवाजाही तक में परेशानी होती है। नाले के दोनों ओर बदबू के कारण खड़ा होना तक मुश्किल हो जाता है।

शहवासियों का कहना है कि निगम की ओर से कुछ समय पहले पूरे शहर में नालों की सफाई किए जाने का दावा किया गया था। कई जगह मशीनें लगाई भी गईं, लेकिन ज्यादातर काम अधूरा ही छोड़ दिया गया। सफाई कर्मियों ने कुछ नालों को छुआ तक नहीं। सफाई में लापरवाही का नतीजा अब लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## थार से खतरनाक स्टंट, पुलिस ने 7,000 का चालान काटा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बल्लभगढ़ में तीन युवकों द्वारा खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि तीन युवक एक पुराने मॉडल की ओपन थार में सड़क पर स्टंट कर रहे हैं। इस दौरान एक युवक पैरों से गाड़ी की स्टेयरिंग चला रहा था, दूसरा युवक स्टंट को मोबाइल कैमरे से रिकॉर्ड कर रहा था और तीसरा युवक गाड़ी के पीछे खड़ा होकर स्टंट का हिस्सा बन रहा था।

जानकारी के अनुसार, यह घटना 5 दिसंबर शुक्रवार शाम सेक्टर-65 में हुई। स्थानीय निवासियों ने युवकों की खतरनाक हरकत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में शामिल युवकों की उम्र 18 से 20 वर्ष बताई जा रही है।

फरीदाबाद पुलिस को वीडियो मिलने के तुरंत बाद कार्रवाई करते हुए



6 दिसंबर को स्टंट कर रहे ड्राइवर का पोस्ट चालान किया। पुलिस ने कुल 7,000 का जुमार्ना लगाया। थार ड्राइवर के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 146/196 और 184/186 के तहत मामला दर्ज किया गया। इन धाराओं में बिना इंश्योरेंस वाहन चलाना, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना और दूसरों की जान को खतरे में डालना शामिल है।

## डॉक्टरों की हड़ताल : रोगियों की बढ़ेगी परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले के बीके सिविल अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में सोमवार और मंगलवार को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की हड़ताल के चलते मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। चिकित्सक एसोसिएशन लंबे समय से सीधे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (एसएमओ) की भर्ती, एसीपी आदेशों में विलंब और सेवा नियमों के संशोधन की मांग कर रहा है। एचसीएमएसए का कहना है कि सरकार का यह फैसला उन चिकित्सकों के साथ धोखा है, जो 15 वर्षों से जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत हैं।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, सीधे भर्ती हुए एसएमओ पदों पर पदोन्नत होकर सीएमओ बन जाएंगे, जबकि अन्य चिकित्सक उसी पद पर सेवानिवृत्त होंगे। हरियाणा में




■ डीएमए इंडिया ने किया एचसीएमएसए का समर्थन

चिकित्सकों को करियर में तीन एसीपी मिलनी चाहिए, लेकिन सरकार ने इसे लागू नहीं किया है। पिछले साल आंदोलन के बाद सरकार ने एसीपी बढ़ाकर 5 साल में 6600 रुपए, 10 साल में 8000 रुपए और 15 वर्ष में 9500 रुपए करने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक यह लागू नहीं हुआ। सरकार से कई बार मिलकर समाधान का प्रयास किया गया, लेकिन कोई ठोसॅ कार्रवाई नहीं हुई।

बीके अस्पताल में सोमवार को सबसे अधिक भीड़ रहती है। ओपीडी में 2200 तक मरीज पहुंचते हैं, वहीं इमरजेंसी में सड़क दुर्घटना और अन्य आपात स्थिति में करीब 100 मरीज आते हैं। हड़ताल के चलते चिकित्सकों की अनुपस्थिति से मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। डिलीवरी, ऑपरेशन, पोस्टमॉर्टम और महिला डॉक्टर की सेवाएं भी प्रभावित रहेंगी। बीके अस्पताल में प्रतिदिन 10 से 13 गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी होती है, जो हड़ताल के दौरान स्थगित हो सकती है।

स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और आयुष के डॉक्टर ओपीडी, इमरजेंसी और डिलीवरी की सेवाएं संभालेंगे। इसके अलावा पीजी छात्र भी अस्पताल में सेवा देंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि हड़ताल के बावजूद मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## बड़ौली-प्रहलादपुर में तोड़फोड़ पर नाराजगी

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने बड़ौली और प्रहलादपुर में हुई तोड़फोड़ पर भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह कार्रवाई अंग्रेजी शासन की तानाशाही की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा बिना पूर्व नोटिस दिए सुबह 6 बजे शुरू की गई तोड़फोड़ सरकार की किसान, गरीब और आमजन विरोधी नीति को उजागर करती है।

रोहित नागर ने आरोप लगाया कि सरकार गांववासियों की जमीन मात्र 645 रुपये प्रति गज में अधिग्रहित कर रही है और बाद में वही जमीन लाखों रुपये गज में बेच रही है, जो सीधा-सीधा अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि तिगांव क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति बेघर करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगा और भविष्य में किसी भी तरह की तोड़फोड़ का कड़ा विरोध किया जाएगा।

## डॉ. योगी अनूप नाथ की पुस्तक का विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भारत विश्व शांति केंद्र में रविवार को भारतीय सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परंपरा का एक ऐतिहासिक पर्व मनाया गया। शाश्वत हिंदू संगठन द्वारा आयोजित इस समारोह में प्रख्यात शिक्षाविद्, औघड़ संत एवं लेखक डॉ. योगी अनूप नाथ की पुस्तक भक्ति-शक्ति यात्रा का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में विजय कौशल जी महाराज, जैन मुनि लोकेश मुनि एवं प्रख्यात एस्ट्रोलॉजर पवन सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह आयोजन केवल एक पुस्तक विमोचन नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के नवसंगम का प्रतीक बन गया। पुस्तक भक्ति शक्ति यात्रा उस आध्यात्मिक साधना-पथ का सजीव वर्णन प्रस्तुत करती है, जिसकी शुरूआत मध्यप्रदेश के राजगढ़-ब्यावरा स्थित घूरेल पशुपतिनाथ मंदिर में 300 वर्षों बाद बुझ चुके धुने के पुनर्जीवन से होती है। यह घटना नाथ परंपरा की पुनर्स्थापना ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक निरंतरता और परंपरा-शक्ति का ऐतिहासिक प्रतीक मानी जा रही है।

पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध कथा वाचक विजय कौशल जी महाराज ने मंदिरों को भारतीय संस्कृति की संस्कारशाला बताते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब समाज अपने मूल्यों और संस्कारों से जुड़ा रहे। उन्होंने युवाओं को सात्विकता, सुचिता और आध्यात्मिकता अपनाने का आह्वान किया।

## नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू महापंचायत से पहले नजरबंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नूंह हिंसा का आरोपी और गोरक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार पांचाल उर्फ बिट्टू बजरंगी को क्राइम ब्रांच की टीम ने रविवार को घर में नजरबंद कर लिया। बिट्टू आज पलवल में होने वाली महापंचायत में शामिल होने वाले थे। यह महापंचायत नाबालिग हिंदू लड़की को मस्जिद में ले जाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुलाई गई थी।

पलवल पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान ने बताया कि मामले में मौलवी सहित पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि अन्य



लोग भी शामिल हैं, जिन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया। इसी को लेकर महापंचायत बुलाई गई थी।

राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी फरीदाबाद के संजय एन्क्लेव पर्वतीय कॉलोनी का निवासी है। वह 31 जुलाई 2023 को नूंह में बृजमंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में भी शामिल पाया गया था। उस समय उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था और बाद में फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था।

## सीएनजी पशु श्मशान घाट का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद में खेड़ी पुल के समीप पालतू और बेसहारा पशुओं के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए आधुनिक सीएनजी आधारित श्मशान घाट मुक्ति पथ का उद्घाटन हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री विपुल गोयल ने किया। यह श्मशान घाट न केवल आधुनिक तकनीक और पर्यावरण हितैषी ऊर्जा का उदाहरण है, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और पशु कल्याण की दिशा में एक मिसाल भी पेश करता है।

उद्घाटन अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि दया, करुणा और सहयोग जैसे मूल्य ही किसी समाज को श्रेष्ठ बनाते हैं। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर हर जीव का समान अधिकार है और 'मुक्ति पथ' इसे सुनिश्चित करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इसे सिर्फ अवसंरचना परियोजना नहीं बल्कि सामाजिक मूल्यों, सम्मान, संवेदना और करुणा का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह श्मशान घाट मानवता और सभ्यता के उच्च आदर्शों को प्रस्तुत करता है।



■ शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने किया उद्घाटन

मंत्री ने कहा कि यह आधुनिक श्मशान घाट शहर को एक पशु हितैषी और संवेदनशील पहचान देगा। उन्होंने नगर निगम, परियोजना से जुड़े अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को इस पहल में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आशा जताई कि मुक्ति पथ आने वाले समय में न केवल फरीदाबाद में बल्कि पूरे देश में पशु कल्याण और स्वच्छता के आदर्श मॉडल के रूप में प्रेरणा देगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 'जल ही जीवन है' विषय पर नुक्कड़ नाटक कर दिया जागरूकता का संदेश



**गाजियाबाद।** मॉडर्न कालेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज गाजियाबाद के विद्यार्थियों ने मथुरापुर गांव में 'जल ही जीवन है' विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल बबादी रोकने के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कॉलेज के विभिन्न विभागों के लगभग 11 छात्रों ने इस प्रस्तुति में भाग लिया। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से बताया कि किस प्रकार पानी की कमी भविष्य में गंभीर समस्या बन सकती है और हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पानी बचाने की आदत डाले। नुक्कड़ नाटक में वर्षा जल बचाने, रिसते नलों को ठीक कराने, नदियों-तालाबों की सफाई और दैनिक जीवन में कम पानी उपयोग करने जैसे संदेशों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और कई गांववालों ने कहा कि वे अपने घरों में जल बचाने के उपाय अवश्य अपनाएंगे। कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों की इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती हैं।

### हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया

नोएडा। मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के थाना क्षेत्रों में रविवार को महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने महिलाकर्मियों को थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र के उद्देश्य, कार्य प्रणाली एवं महिला सुरक्षा से संबंधित उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। साइबर ठगी के प्रकार और इससे बचने के उपायों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और बच्चियों को विविध हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी बताया गया। वर्तमान में पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है कि सभी महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।

### दोपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

नोएडा। छिजारसी में मेट्रो पिलर-41सी के पास से सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने रेकी कर दोपहिया वाहन चोरी करने वाले बदमाश को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की बाइक, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ। बदमाश की पहचान हरदोई के मुंडेर गांव निवासी अभय उर्फ सोनू के रूप में हुई है। वर्तमान में वह नोएडा के चोटपुर कॉलोनी में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। उस पर चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में 12 मुकदमे दर्ज हैं।

### वाणिज्य मेले में 500 विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई

गाजियाबाद। नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित वाणिज्य मेले में 16 जिलों के 33 विद्यालयों से लगभग 500 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में विद्यार्थियों ने प्रश्नमंच, प्रदर्श तथा पत्रवाचन जैसे विषयों को मॉडल और चार्ट के जरिए आसान तरीके से समझाकर प्रस्तुत किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष प्रो. अखिलेश मिश्र रहे।

### शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में मेरठ और गाजियाबाद की टीम विजयी

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में रविवार को 44वीं सीनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन किया गया। बालक वर्ग में मेरठ की टीम ने बाजी मारकर पहला स्थान प्राप्त किया। सहारनपुर दूसरे और गाजियाबाद तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, बालिका वर्ग में गाजियाबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करके पहला स्थान प्राप्त किया। आजमगढ़ दूसरे और वाराणसी की टीम तीसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष अजय ने विजेता टीमों को नकद इनाम और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता इंटरनेशनल शूटिंग बॉल फेडरेशन के महामंत्री रविंद्र तोमर ने की।

### आईटीएस कॉलेज में माता की चौकी का आयोजन

मुरादनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस कॉलेज में शनिवार रात माता की चौकी का आयोजन किया गया। इसमें दो हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरात मां दुर्गा, मां वैष्णो देवी, श्रीगणेश, भगवान शिव, राधा कृष्णा, भगवान श्रीराम, हनुमान का पंडाल सजाया। इस दौरान भजनों ने सभी को मंनमुग्ध कर दिया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और अर्पित चड्ढा ने सभी का स्वागत किया।

### शराब तस्कर गिरफ्तार



**नोएडा।** फेज-1 थाने की पुलिस ने रात दस बजे के बाद चोरी छिपे शराब की तस्करी करने वाले तस्कर को रविवार को सेक्टर-8 के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान दिल्ली के कोंडली निवासी हिमांशु कुमार के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से 104 टैट्रा पैक अवैध देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ठेके बंद होने पर महंगे दाम पर शराब को बेचता था।

## एक ही छत के नीचे मिलेंगी सुविधाएं, 18 लाख का बजट पास

# तीन गांवों को मिलेंगे पंचायत घर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- इन तीन पंचायतों में भोजपुर विकासखंड की एक शकुरपुर, वहीं लोनी विकासखंड की दो पंचायत निठौरा, सिरोरा सलेमपुर शामिल है
- पुस्तकालय में पढ़ाई के लिए नहीं लगानी पड़ेगी शहरों की दौड़

जिले के तीन गांवों में पंचायत घर बनाए जाएंगे। इसके लिए पंचायती राज विभाग को प्रत्येक पंचायत घर के निर्माण के लिए 18 लाख रुपये का बजट मिला है। इन पंचायतों में ग्राम प्रधान,सचिव कक्ष पुस्तकालय आदि का निर्माण किया जाना है। पंचायत घर बनने के बाद ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल सकेंगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुविधाएं देने के लिए अलग-अलग स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद की तीन पंचायतों को बेहतर बनाने साथ ही उनमें आधुनिक सुविधाएं देने के लिए पंचायत घर बनाने की कवायत शुरू हो गई है।

इन तीन पंचायतों में भोजपुर विकासखंड की एक शकुरपुर, वहीं लोनी विकासखंड की दो पंचायत निठौरा, सिरोरा सलेमपुर शामिल है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए जनपद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीन ग्राम पंचायतों में पंचायत घर बनाने का लक्ष्य मिला है। गावों में पंचायत घर बनने से ग्रामीण लोगों को सरकारी योजनाओं में आवेदन से लेकर या अपने सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनवाने व युवाओं, छात्रों को पुस्तकालय में पढ़ाई करने के लिए शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उनको अपने ही गांव में इन सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। पंचायत घर में पुस्तकालय और इंटरनेट की भी सुविधा होगी। जिसमें गांव में रहने वाले युवाओं को पढ़ाई करने के लिए एक उचित स्थान मिलेगा साथ ही युवा अपनी पढ़ाई को आधुनिक तकनीक की सहायता से कर सकेंगे। साथ ही पंचायतों में इंटरनेट की सुविधा होने से ग्रामीणों को ऑनलाइन सेवाएं, पोर्टल, ई-शिक्षा सामग्री, सरकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी।

**एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिलेंगी :** अब पंचायत में ग्रामीणों को हर छोटे-बड़े कार्य के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इन पंचायतों के निर्माण के बाद ग्रामीणों के सभी कार्य एक ही स्थान पर हो सकेंगे। पंचायत में ग्राम प्रधान और सचिव का कार्यालय स्थापित होगा, जिससे प्रमाणपत्र, शिकायत, पेंशन, राशन कार्ड व अन्य सरकारी कार्यों को आसानी से किया जा सकेगा।



### हो सकेगा सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन

विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पंचायत घर बनाने से ग्राम पंचायत में सरकारी कार्यक्रम से लेकर अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आसानी से एक ही स्थान पर आयोजित हो सकेंगे। जहां ग्रामीण कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर सकेंगे। सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को पंचायत घर से मिल सकेगी।

## हुक्का बार पर छापेमारी, युवती समेत पांच गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। लोनी

- पकड़े गए युवकों में सनवर उर्फ सोनू, रोहित, विशाल, राहुल, आरिश शामिल हैं
- हुक्का बार संचालक की तलाश जारी

लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने शनिवार रात एक रेस्तरां की ऊपरी मंजिल पर अवैध रूप से संचालित हुक्का बार पर छापेमारी की। पुलिस ने हुक्का बार का संचालन करने वाले पांच आरोपियों और एक युवती को गिरफ्तार किया।

लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने शनिवार रात सूचना पर क्षेत्र में मीनाक्षी सिनेमा हॉल के पास एक रेस्तरां की पहली मंजिल पर संचालित हुक्का बार में छापेमारी की। कंगारू कैफे नाम से चल रहे रेस्तरां का गेट खोलने पर देखा कि चारों ओर धुआं भरा हुआ था। पुलिस को देखकर हुक्का बार में मौजूद लोग फरार हो गए।

पुलिस ने हुक्का बार में काउंटर के पास बिलिंग कर रही युवती समेत पांच लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपने नाम सनवर उर्फ सोनू, रोहित, विशाल, राहुल, आरिश बताया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि हुक्का बार दिल्ली शाहदरा निवासी सतीश गर्ग का है। लाइसेंस और कागजात मांगे जाने पर आरोपी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। उन्होंने चोरी छिपे हुक्का बार का संचालन करना स्वीकार किया है। पुलिस हुक्का बार संचालक को तलाश रही है।

## कार से 50 हजार चोरी, गार्ड की पत्नी पर आरोप



**ट्रांस हिंडन।** वसुंधरा सेक्टर सात में रहने वाली रीमा कचरू के अनुसार उनकी कार पार्किंग में खड़ी थी। कार में पचास हजार रुपये का पैकेट रखा था। पांच दिसंबर की सुबह उन्होंने सोसाइटी में तैनात सुरक्षाकर्मी की पत्नी गुड्डी को कार की सफाई के लिए कहा था। कार की सफाई के बाद जब उनके पति कार में पहुंचे तो कार में नकदी नहीं थी। उन्होंने इसके बारे में गुड्डी से भी पूछा। आरोप है कि महिला ने उनसे अभद्रता शुरू कर दी। यहां तक कि बाद में देख लेने की धमकी दी और गाली-गलौज करते हुए वहां से चली गई। बताया कि महिला और उसके पति पहले भी कई बार झगड़ा कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी।

## मामूली विवाद में स्कूटी में आग लगाई



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- उसकी जीजा से फोन पर कहासुनी हो गई थी। इस बात से जीजा नाराज थे
- स्कूटी पर तेल डालकर कर दिया आग के हवाले

सलारपुर गांव में मामूली विवाद में एक व्यक्ति ने अपने साले की स्कूटी पर तेल डालकर आग लगा दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-39 थाने की पुलिस से की है।

फिरोजाबाद के योगेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में वह सलारपुर गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहे हैं। वह बीते कई सालों से नोएडा की एक फैक्टरी में काम करता है। उसका अपने जीजा सुनील से पारिवारिक विवाद चल रहा है। दोनों में कई बार कहासुनी हो चुकी है। बीते दिनों भी उसकी जीजा से फोन पर कहासुनी हो गई थी। इस बात से जीजा नाराज थे।

दो नवंबर को जीजा सुनील अपने साले के कमरे पर आए और वहां खड़ी इलेक्ट्रानिक स्कूटी में तेल डालकर आग लगा दी। वारदात के बाद सुनील मौके से फरार हो गया। जबतक शिकायतकर्ता कुछ समझ पाता स्कूटी पूरी तरह से जल चुकी थी। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित के जीजा सुनील के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साइबर ठगी के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



- आरोपी फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अलग-अलग नामों से बैंक खाते खुलवाते थे और खातों को साइबर अपराधियों को बेचते थे

अदालत ने साइबर ठगी के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी वरुण प्रताप सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने दलीलें सुनने और दस्तावेजों के अवलोकन के बाद यह निर्णय दिया। नोएडा के सेक्टर-68 स्थित डंपिंग ग्राउंड के पास से आठ नवंबर को आरोपी वरुण प्रताप सिंह के साथ तीन अन्य आरोपी सार्थक गुप्ता, अर्थव दीक्षित और मोनू यादव को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपी फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अलग-अलग नामों से बैंक खाते खुलवाते थे और खातों को साइबर अपराधियों को बेचते थे। आरोपियों के मोबाइल फोन से कई बैंकों के खातों का डाटा, डेबिट कार्ड, चेकबुक और अन्य दस्तावेज बरामद हुए थे। इन खातों की दैनिक लिमिट 50 लाख रुपये से लेकर पांच करोड़ रुपये तक थी। इन खातों का डिजिटल अरेस्ट में भी इस्तेमाल किया गया था।

पुलिस ने एक कार, सात डेबिट कार्ड, एक चेकबुक और 2200 रुपये नकद भी बरामद किए थे। मुख्य सह-आरोपी मोनू यादव की व्हाट्सऐप चैट में कई बैंक खातों की जानकारी साइबर ठग रोहित यादव को भेजे जाने के प्रमाण मिले थे। केस डायरी के अनुसार बरामद डेबिट कार्डों में कई खाताधारकों अशोक कुमार, धनेश कुमार आदि से संपर्क नहीं हो सका।

वहीं, शेखर शाक्य ने बताया कि उसके साथ चार लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और दस्तावेजों के अवलोकन के बाद माना कि बड़े स्तर पर साइबर फ्रॉड को अंजाम देने के लिए खुलवाए गए ये फर्जी खाते किसी संगठित ठगी रैकेट का हिस्सा प्रतीत होते हैं, इसलिए आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती।

## मां की हत्या के मामले में बेटे को जेल

पायनियर समाचार सेवा। मोदीनगर



महिला के भतीजे हरीश दीक्षित की तहरीर पर पुत्र राहुल भारद्वाज, पुत्रवधू परिणिता और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुत्रवधू की हत्या में क्या भूमिका है, इसकी जांच की जा रही है।

**-अमित सक्सेना**
एसीपी मोदीनगर

जनता कॉलोनी में गृह क्लेश के चलते धारदार हथियार से गला रेतकर की गई मां की हत्या के मामले में आरोपी बेटे को जेल भेज दिया गया। इस मामले में महिला के भतीजे की तहरीर पर पुलिस ने पुत्र, पुत्रवधु और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जनता कॉलोनी में शनिवार को गृह क्लेश के चलते राहुल भारद्वाज ने दरांत और चाकू से ताबड़तोड़ गर्दन पर वार कर अपनी मां मधु शर्मा को मौत के घाट उतार दिया था। हत्या करने के बाद आरोपी खुद ही थाने पहुंच गया था। बताया जा रहा है कि मकान को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। महिला अपनी बेटियों को मकान देना चाह रहा थी, जबकि बेटा ऐसा करने से मना करता था। इस बात को लेकर आए दिन विवाद रहता था। शुक्रवार को मधु शर्मा और राहुल भारद्वाज की पत्नी परिणिता के बीच मारपीट हुई थी। इसके बाद परिणिता घर छोड़कर चली गई थी।

शनिवार को मां बेटे के बीच भी विवाद हुआ। मां के पैर छूकर माफी मांग कर करना चाहता हूं अंतिम संस्कार पुलिस हिरासत में आरोपी राहुल भारद्वाज ने बताया कि शनिवार सुबह साढ़े दस बजे मां बहन के घर से वापस आई थी।

देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि पहले चाकू से कई हमले किए और फिर दरांत से गर्दन पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। राहुल भारद्वाज का कहना है कि उसे अपने किए पर पछतावा है। उसका कहना है कि यह पाप करके अब आगे अपनी जिंदगी कैसे जिएगा। वह पैर छूकर मां का अंतिम संस्कार करना चाहता है। बहन बोली होनी चाहिए फांसी की सजा ममता शर्मा ने बताया कि राहुल पांच बहनों का इकलौता भाई है। शुरू से ही उसे काफी लाड़ प्यार में पाला गया। उनका कहना है कि मां ने भाई के लिए सब कुछ किया,लेकिन उसने ही उनकी हत्या कर दी। कभी ऐसा सोचा नहीं था। पांचों बहनों का कहना है कि राहुल ने जो किया, उसके लिए उसे फांसी होनी चाहिए।

## तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार कारतूस और नकदी बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने ब्रह्मपुत्र मार्केट के पास से रविवार को वारदात करने की फिराक में घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा, कारतूस और 2500 रुपये बरामद हुए। आरोपी की पहचान सेक्टर-27 निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में राहुल ने बताया कि वह चोरी की वारदात के लिए रेकी करने निकला था। उसके अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### दो लोगों के मोबाइल चोरी



**नोएडा।** दिल्ली निवासी मोहम्मद अजहर 11 अक्तूबर को नोएडा में चिकित्सक से परामर्श लेने आए थे। वह बॉटेनिकल गार्डन से मेट्रो पकड़कर सेक्टर-15 जा रहे थे। मेट्रो परिसर में तीन चार युवकों ने अजहर का मोबाइल चुरा लिया। वहीं, सेक्टर-53 निवासी गरिमा खटवानी 25 नवंबर को सेक्टर-70 स्थित सफायर स्कूल के पास आईं थीं। वहां पर किसी ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़िता ने फेज तीन थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस दोनों मामले में जल्द ही आरोपी को दबोचने का दावा कर रही है।

### जूता बदलने को लेकर दुकानदार से मारपीट

**मुरादनगर।** मैन बाजार में जूते खरीदने को लेकर दुकानदार और युवकों के बीच विवाद हो गया। दुकानदार का आरोप है कि युवक लूट करने के लिए आए थे। व्यापारियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। मैन बाजार में दिनेश गर्ग की शू सेंटर के नाम से दुकान है।

बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर तीन युवक दुकान पर आए थे। किसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गई। दुकानदार दिनेश गर्ग का कहना है कि युवक लूट करने के इरादे से आए थे। कार्रवाई करने की मांग को लेकर व्यापारियों ने जमकर हंगामा किया। एसीपी मसूरी सर्किल का कहना है कि लूट का कोई मामला नहीं है। जूता बदलने को लेकर मारपीट हुई थी।

## कुत्तों को खाना खिला रही महिला से अभद्रता, मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। ट्रांस हिंडन



इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के न्याय खंड स्थित आम्रपाली विलेज सोसाइटी में कुत्तों को खाना खिला रही महिला के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आम्रपाली विलेज सोसाइटी में रहने वाली रहने वाली प्रेरणा के अनुसार दो दिसंबर की रात वह सोसाइटी के गेट नंबर चार पर कुत्तों को खाना खिला रही थी। उसी समय वहां भूपेंद्र अपनी कार से आए और तेज रफ्तार में कार की हाई बीम लाइट उनकी तरफ ऑन कर दीं। इससे वह असहज महसूस करने लगी।

आरोप है कि अचानक चालक ने तेज रफ्तार में उनकी तरफ कार बढ़ा दी। इस पर उन्होंने आपत्ति जताई तब चालक ने उनसे अभद्रता करते हुए हाथ दिखाना शुरू कर दिया।

यहां तक कि धमकी भी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सोसायटी गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा स्टेडियम के आसपास आज वाहनों के लिए रास्ते बदले रहेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- यातायात पुलिस ने योजना तैयार की है
- यह व्यवस्था दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक रहेगी

सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम के आसपास सोमवार को वाहनों के लिए रास्तों में बदलाव रहेगा। वाहनों की संख्या बढ़ने पर वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से निकाला जाएगा। यह व्यवस्था दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक रहेगी।

स्टेडियम के फुटबॉल मैदान में सोमवार को सांसद डॉ. महेश शर्मा की माता का तेहरवीं कार्यक्रम है। इसमें कई वीवीआईपी के आने का अनुमान है। इसके अलावा काफी संख्या में लोग भी पहुंचेंगे। इसको लेकर यातायात पुलिस ने योजना तैयार की है। डीसीपी यातायात डॉ. प्रवीन रंजन ने बताया कि मास्टर प्लान रोड नंबर-1 पर सेक्टर-3 रजनीगंधा चौराहे की ओर से सेक्टर-12-22-56 तिराहे की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर-10-21से यू-टर्न लेकर जलवायु विहार चौराहा से निठारी होकर सेक्टर-31-25 चौराहा, एनटीपीसी, गिझौड़ चौराहा होते हुए गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

सेक्टर-12-22-56 तिराहे से स्टेडियम चौराहे की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर-57 चौराहा, गिझौड़ चौराहा से सीधे सेक्टर-31-25 चौराहा होकर गंतव्य की ओर जा सकेंगे। डीसीपी ने बताया कि सेक्टर-12-22-56 तिराहे से रजनीगंधा चौराहे की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर-11 मेट्रो अस्पताल, सेक्टर-8, 10, 11, झुंडपुरा, हरौला होकर जा सकेंगे।

डीएम चौराहे से मोदी मॉल, रिलायंस चौराहे की ओर जाने वाले वाहन जलवायु विहार चौराहे से निठारी, सेक्टर-31-25, एनटीपीसी चौराहे से होकर जा सकेंगे। इसी तरह सेक्टर-54 चौकी तिराहे से सीधे जलवायु विहार चौराहे की ओर जाने वाले वाहनों को गिझौड़ चौराहा, सेक्टर-31-25 चौराहे से होकर निकाला जाएगा।

### वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा

पुलिस ने वीवीआईपी और लोगों के लिए अलग-अलग जगह पार्किंग बनाई है। वीवीआईपी गेट नंबर-2 से प्रवेश करेंगे। उनके वाहन क्रिकेट मैदान परिसर में खड़े होंगे। आम लोगों वाहनों के साथ गेट नंबर-4 से आ सकेंगे। इसके अलावा गेट नंबर-6 से प्रवेश कर रामलीला मैदान में भी आम लोग वाहन खड़े कर सकते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एडोब कंपनी के पास खाली मैदान को रिजर्व पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। पैदल लोग गेट नंबर-3 से कार्यक्रम में आ सकेंगे।

## महिला को जान से मारने की धमकी

**नोएडा।** सेक्टर-12 निवासी महिला को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। महिला ने अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज कराया है। जिन मोबाइल नंबरों से महिला को कॉल आ रही है, उसकी सूची भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई है। सेक्टर-12 के वाई ब्लॉक में रहने वाली देवेश्वरी रावत ने पुलिस को शिकायत दी कि बीते कुछ महीनों से उसके मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से कॉल आ रही हैं। कॉल करने वाला व्यक्ति उनको गाली देने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा है। वह जब कॉलर का नाम पूछती हैं, तो कॉल काट दी जाती है। पूरे घटनाक्रम को लेकर महिला और उसका परिवार चिंतित और भयभीत है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल पर दी जान से मारने की धमकी दी

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी मिली है। पीड़ित युवक ने जानमाल को खतरे की आशंका जताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। सैनी गांव निवासी गौरव के मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से पिछले कई दिन से कॉल का रहीं हैं। अज्ञात कॉलर उनसे गाली-गलौज कर रहा है। आरोपी ने सात दिसंबर को दोबारा उसी नंबर से कॉल कर अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने घर से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि नंबर की जांच करने पर पता चला कि उसके गांव का ही समीर खां नामक युवक धमकी दे रहा है, जबकि उसका आरोपी से कोई विवाद तक नहीं है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 8 दिसंबर 2025



## सशस्त्र बल झंडा दिवस

# राष्ट्र का सम्मान और कृतज्ञता

सात दिसम्बर का दिन भारत के लिए केवल एक औपचारिकता भर नहीं बल्कि कृतज्ञता का ज्वार है। यह वह अवसर है जब पूरा राष्ट्र अपने उन वीरों को याद करता है जिनकी बदौलत हम अपनी धरती पर सुरक्षित और स्वतंत्र सांस ले पाते हैं। सशस्त्र बल झंडा दिवस देश के शौर्य, समर्पण और पराक्रम की स्मृति को सहेजने का दिन है। यह हमारे राष्ट्रीय चरित्र का वह उजला पहलू है जो बताता है कि भारत अपने सिपाहियों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और आभार प्रकट करने में कभी पीछे नहीं हटता। झंडा दिवस का इतिहास भले ही 1949 में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय से शुरू हुआ हो, पर इसकी भावना अनादिकाल से भारतीय समाज में जीवित रही है। यह भावना हर उस परिवार के साथ खड़ी रहती है जिसका कोई सदस्य सीमा पर राष्ट्र की रक्षा में तैनात है। भारत के जवान जब बर्फीली चोटियों पर, मरुस्थल की तपती रेत में, समुद्र की गहराइयों में या आसमान की ऊंचाइयों पर डटे रहते हैं, तब 7 दिसम्बर का यह दिन उनकी ताकत बनकर सामने आता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सैनिक केवल बॉर्डर पर नहीं लड़ता, बल्कि उसका परिवार भी हर दिन त्याग और धैर्य का दायित्व निभाता है। सरकार इस दिन के आयोजन को केवल औपचारिकता नहीं मानती, बल्कि इसे एक ऐसी राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझती है जो सैनिकों के प्रति उसके संकल्प को मजबूती देती है। झंडा दिवस के माध्यम से जो निधि एकत्र की जाती है, उसका उपयोग घायल सैनिकों के उपचार, पुनर्वास, विकलांग सैनिकों की सहायता, वीर नारियों की आर्थिक सुरक्षा और शहीदों के बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाता है। यह सहायता केवल आर्थिक नहीं बल्कि भावनात्मक भी होती है। इससे जवानों को यह भरोसा मिलता है कि उनकी कुर्बानी देश कभी नहीं भूलता और उनका परिवार राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज के समय में जब सुरक्षा की चुनौतियां बहुआयामी हो चुकी हैं, तब झंडा दिवस का महत्व और बढ़ जाता है। यह वह क्षण है जब सरकार और जनता दोनों एकजुट होकर सेना के साथ खड़े होते हैं। सरकार जवानों की आवश्यकताओं को समझते हुए आधुनिक हथियारों, उन्नत तकनीकों और बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था करती है, वहीं समाज इस दिन के माध्यम से यह दिखाता है कि वह केवल सुरक्षा का लाभ नहीं उठाता बल्कि उसकी कीमत को भी समझता है। झंडा दिवस का संदेश यही है कि देश की सुरक्षा केवल फौजी चौकियों से नहीं बल्कि नागरिकों की भावनाओं, समर्थन और सहभागिता से भी मजबूत होती है। सेना के तीनों अंग इस दिन देशवासियों तक पहुंचते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से लोगों को अपने कार्यों और चुनौतियों से अवगत कराते हैं। यह केवल फौजी ताकत का प्रदर्शन नहीं होता बल्कि यह जनता और सेना के बीच भावनात्मक पुल को और मजबूत बनाता है। स्कूलों में, दफ्तरों में और सार्वजनिक स्थलों पर जो छोटे-छोटे झंडे लगाए जाते हैं, वे केवल प्रतीक भर नहीं, बल्कि अपने जवानों के प्रति सर्वोच्च सम्मान की अभिव्यक्ति हैं। झंडा दिवस समाज में सेवा और सहयोग की संस्कृति को भी बढ़ावा देता है। यह हमें याद दिलाता है कि राष्ट्रनिर्माण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि नागरिकों की भी समान भूमिका है। जब हम झंडा दिवस को मनाते हैं, तब हम उस मूल भावना को स्वीकार करते हैं कि देश पहले है और उसके रक्षक सर्वोपरि हैं। उनकी हर जरूरत, हर तकलीफ और हर संघर्ष हमसे जुड़ा है। सैनिकों के लिए एकत्र किया गया धन उस विश्वास का संबल है कि जब जवान हमारी सुरक्षा के लिए खड़ा है, तो हम उसके परिवार की सुरक्षा के लिए खड़े हैं।

# जल स्वशासन को नई मजबूती



**डॉ. संजय सिंह**
जल वैज्ञानिक
जल जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक

भारत फिलहाल जल-संकट के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। केंद्रीय भूजल बोर्ड (उत्रङ्घइ) की राष्ट्रीय भूजल आकलन रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में 193 जिले ऐसे हैं, जहाँ भूजल की स्थिति संकटपूर्ण बनी हुई है। इनमें से 102 जिले गंभीर और 22 जिले अतिझ्रगंभीर श्रेणी में आते हैं। यह स्थिति लगातार खराब हो रही है—2024 के डेटा के अनुसार भारत की कुल भूजल निकासी 62% तक पहुँच गई है और 87% भूजल कृषि में उपयोग हो रहा है। (उ्ळए रिपोर्ट 2024)

ऐसे समय में भारत सरकार का हालिया निर्णय—कि अत्यधिक जल-संकटग्रस्त जिलों में मनरेगा की 65% राशि केवल जल संरक्षण और पुनर्भरण के कार्यों पर खर्च की जाएगी—ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए एक निर्णायक कदम साबित हो सकता है। सेमी-क्रिटिकल जिलों के लिए यह सीमा 40% तय की गई है।

भारत के ग्रामीण इलाकों में जल संकट किसी एक कारण का परिणाम नहीं है; यह अनेक संरचनात्मक, भौगोलिक और प्रशासनिक चुनौतियों का सम्मिश्रण है। बदलती वर्षा-पद्धति, बढ़ते तापमान, अनियमित मानसून और भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन इस समस्या को और जटिल बनाते हैं। क्टऊकी 2024 रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशकों में भारत में औसत वर्षा में 8झ्र10% की कमी आई है, जबकि बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में यह कमी 12झ्र14% तक दर्ज की गई है। 1990 की तुलना में भारत में ल्र्ीं३ट्ट५ी ि८२ 125% बढ़े हैं। पिछले दो दशकों में देश के कई इलाके बुंदेलखंड, बीजापुर, कर्नाटक, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में भूमिगत जल स्तर निरंतर गिरा है। ऐसे में मनरेगा की धनराशि को जल संरक्षण में प्राथमिकता देना न केवल नीति-आधारित निर्णय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की जल सुरक्षा से जुड़ा कदम भी है।

दुनिया के उन देशों ने, जहाँ पानी की उपलब्धता सीमित है—जैसे इज़राइल, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन—ने जल संरक्षण की



## मनरेगा के 65 फीसद फंड को जल-संरक्षण में लगाने का महत्त्वपूर्ण निर्णय
## सरकार के इस निर्णय से देश में बन सकते हैं जल संपन्न गाँव
## जल संचयन जन भागेदारी से जल संरक्षण के सफल होंगे प्रयास

सफलता का राज तीन प्रमुख सिद्धांतों में पाया हैः रनऑफ को अधिकतम रोकना, भूजल पुनर्भरण को बढ़ाना, और समुदाय की सक्रिय भागीदारी। भारत में भी जहाँ इन सिद्धांतों पर कार्य हुआ, वहाँ उल्लेखनीय सफलता मिली है। महाराष्ट्र के 'जलयुक्त शिवार' अभियान में 2015 से 2019 के बीच लगभग 27,000 गाँवों में भूजल स्तर में 0.5झ्र2 मीटर तक की वृद्धि दर्ज हुई। राजस्थान के अलवर में सामुदायिक जोहड़ों और तालाबों ने 12 सूखी नदियों को पुनर्जीवित किया। मध्यप्रदेश के देवासझ्रखंडवा मॉडल में वाटरशेड आधारित कार्यों से सिंचाई क्षमता 30झ्र40% तक बढ़ी। ये उदाहरण बताते हैं कि जब वैज्ञानिक भू-आकृति विज्ञान, जल-बजट और वाटरशेड सिद्धांतों के साथ काम होता है, तो परिदृश्य बदल सकता है।

मनरेगा भारत का सबसे बड़ा ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम है, जिसका ढांचा सामुदायिक भागीदारी और श्रम आधारित निर्माण पर आधारित है। 2023झ्र24 में मनरेगा के तहत 18 लाख से अधिक जल-संरक्षण संरचनाएँ बनाई गईं—जिनमें 4.2 लाख चेकडैम, 6.1 लाख खेत-तालाब, 2.5 लाख कंटूर-बंडिंग, और 1.8 लाख गली-प्लग शामिल हैं। लेकिन इन संरचनाओं की गुणवत्ता और वैज्ञानिकता हमेशा एक जैसी नहीं होती। यदि सरकार के नए निर्णय को सही दिशा और तकनीकी आधार दिया जाए, तो इससे सूखे क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण बढ़ेगा, छोटे-छोटे तालाब और पहाड़ी नालों की पकड़ क्षमता बेहतर होगी, कृषि उत्पादन और पशुधन पर पड़ने वाला दबाव कम होगा, और अनेक स्थानों पर छोटी नदियाँ और झरने पुनर्जीवित हो सकते हैं। विशेष रूप से बुंदेलखंड, जहाँ पिछले दो दशकों में वर्षा में लगातार गिरावट और तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है, वहाँ जल-संरक्षण कार्य ही भविष्य की जीवनरेखा बन सकते हैं।

योजनाएँ चाहे कितनी भी मजबूत क्यों न हों, यदि ग्राम पंचायतें सक्रिय न हों तो संरचनाएँ केवल कागज़ पर ही सीमित रह जाती हैं। जीपीडीपी स्तर की योजनाओं में जल संरक्षण को प्राथमिकता तो दी गई है, लेकिन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं, कई पंचायत प्रतिनिधियों में उदासीनता, ग्राम सभा जैसी इकाई की निष्क्रियता, और समितियों—जैसे पेयजल समिति व जल-सुरक्षा समिति—की कमजोर भूमिका सबसे बड़ी रुकावट हैं। अटल भूजल योजना, जो नौ राज्यों की 6,000 से अधिक पंचायतों में लागू की गई थी, इसका उदाहरण है। नीति उत्कृष्ट थी, लेकिन पंचायतों की वास्तविक क्षमता और तकनीकी समझ कमजोर होने के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।

जहाँ-जहाँ महिलाओं को जल प्रबंधन में नेतृत्व मिला है, वहाँ परिणाम अधिक सकारात्मक देखे गए हैं। बुंदेलखंड की जल-सहेलियाँ इसका सशक्त उदाहरण हैं। इनके नेतृत्व में गाँवों में जल-संरक्षण की नियमित निगरानी, संरचनाओं का रखरखाव, और जल बजट का व्यावहारिक उपयोग संभव हो सका है। यदि ऐसे मॉडलों को पूरे देश में अपनाया जाए तो पंचायत स्तर पर जल-कैडर तैयार हो सकता है, जो योजनाओं को स्थायी बना सके।

आने वाले वर्षों में जल-संकट केवल बढ़ेगा। उहउ और नीति आयोग के 2024झ्र25 अनुमानों के अनुसार 2030 तक भारत की 40% आबादी पानी की कमी झेल सकती है। 2050 तक पानी की मांग 20% बढ़ जाएगी, जबकि उपलब्धता और भी घटती जाएगी। ही३ल्ल२ि और तालाबों की हालत भी चिंता का विषय है—2024 के आँकड़ों के अनुसार भारत के 65% से अधिक ६ी३ल्ल२ि खतरे में हैं, और देश के लगभग 10 लाख पारंपरिक तालाब/झीलें अस्तित्व खोने की कगार पर हैं। ऐसे में केवल धनराशि खर्च करना समाधान नहीं है। इसके लिए जरूरी है वैज्ञानिक जल-शासन (हंइी१ ॠङ्म५ी१ल्लंल्ली), भू-आकृति आधारित योजना, जल-उपयोग दक्षता, वर्षा-पानी का वैज्ञानिक संग्रह, और मजबूत निगरानी तंत्र।

मनरेगा से मिलने वाली 65% राशि तभी प्रभावी होगी जब निर्माण गुणवत्ता, निगरानी और सामुदायिक साझेदारी साथ-साथ हों। सरकार का यह निर्णय भारत के भविष्य की जल-सुरक्षा का खाका भी है। यदि मनरेगा की धनराशि को सही दिशा दी जाए, पंचायतों की क्षमता विकसित हो, महिलाओं का नेतृत्व बढ़े, और वैज्ञानिक मानकों पर आधारित संरचनाएँ बनें, तो भारत के सूखे क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन संभव है। यह निर्णय गाँवों को जल-संपन्न बनाने, नदियों और तालाबों को पुनर्जीवित करने, हरियाली और जैव-विविधता को बढ़ाने, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की क्षमता रखता है।भारत का जल-संकट गंभीर है, लेकिन समाधान असंभव नहीं। यदि नीति, समुदाय और विज्ञान—ये तीनों साथ आएँ तो भारत सचमुच पानीदार गाँवों वाला देश बन सकता है ।

# आयोग का विशेष क्षेत्राधिकार और चुनाव सुधार

**वर्तमान में जारी एसआईआर प्रक्रिया पहला अवसर नहीं है, जब चुनाव आयोग एक व्यापक मतदाता सूची तैयार कर रहा है। हालांकि इस बड़े पैमाने के कार्यक्रम के लिए कोई निश्चित समय सारिणी, जैसे हर 10 साल में एक बार या ऐसी कोई अन्य अवधि, निर्धारित नहीं है, लेकिन यह माना जाता है कि जब तक यह आवधिक पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा, चुनाव परिणाम जनभावना को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं करेंगे।**

**स्वपन दासगुप्ता**

पचास साल से भी अधिक समय पहले, भारतीय राजनीति के एक प्रतिष्ठित ब्रिटिश विद्वान ने व्यंग्यपूर्वक टिप्पणी की थी कि चुनाव उन चीज़ों में से एक हैं जिन्हें भारतीय बहुत अच्छे से संपन्न करते हैं।ᵻ भारतीय लोकतंत्र के स्थायी रूप से स्थगित हो जाने या 'निर्देशित' हो जाने की आशंका (जो पूरी तरह से गलत नहीं थी) की पृष्ठभूमि में, चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता को सार्वजनिक जीवन की एक उद्धारक विशेषता के रूप में देखा जाता था। लोकतंत्र के इस प्राथमिक स्तंभ की अंतिम पुष्टि 1977 में तब हुई, जब आपातकाल की छाया के बावजूद, भारत के मतदाताओं ने एक अधिनायकवादी शासन को वोट के जरिये सत्ता से बाहर कर दिया।

चुनाव आयोग (ईसीआई) की यह सुनिश्चित करने की क्षमता कि जनमानस की इच्छा विधायिकाओं में परिलक्षित हो, स्वतंत्रता प्राप्ति के पिछले सात दशकों में बार-बार परखी गई है। हालाँकि, मार्ग से विचलित होने के उदाहरण मौजूद हैं—इनमें 1972 का पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव और 1987 का जम्मू-कश्मीर चुनाव, दो उल्लेखनीय उदाहरण हैं— लेकिन, भारत का चुनावी अनुभव आमतौर पर राजनीतिक प्रणाली की वैधता बनाए रखने में सहायक रहा है।

जैसा कि सर्वाधिक मत से जीत की प्रणाली (फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट) में होता है, जो विधायी बहुमत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाती है, ऐसे उदाहरण भी हैं, जब हारने वाले लोग हैरानी में रह गए जिनके चुनावी अभियान के अनुभव परिणाम से मेल नहीं खाते थे। 1971 में, एक पराजित पक्ष ने जोर देकर कहा कि सोवियत-निर्मित 'अदृश्य स्याही' के उपयोग ने इंदिरा गांधी को शानदार जीत हासिल करने में मदद की। उपग्रह द्वारा ईवीएम के हेरफेर के ऐसे ही अविश्वसनीय दावे 2009 के आम चुनाव के बाद भी सुने गए थे। जो कभी साजिश सिद्धांतकारों का विशेषाधिकार हुआ करता था, वह पिछले वर्ष अब हाशिए का मुद्दा नहीं रहा है। अपनी पार्टी के संख्या-विश्लेषकों से प्रोत्साहित होकर, जिनकी भविष्यवाणियाँ परिणाम से भिन्न थीं, विपक्ष के नेता ने मतदाता सूचियों की सत्यता को चुनौती दी है। जोरदार दावे किए गए हैं कि चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण का उपयोग कर अल्पसंख्यक मतदाताओं को इस आधार पर बाहर करने पर विचार कर रहा है कि वे भारतीय नहीं भी हो सकते हैं। यह विवाद पश्चिम बंगाल के राजनीतिक दलों के बीच खींचतान का विषय बन चुका है और यह असम तथा अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में भी फैल सकता है।



चूंकि संविधान का अनुच्छेद 321 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम चुनाव आयोग को चुनाव के संचालन के संबंध में 'विशेष क्षेत्राधिकार' देता है, इसलिए चुनावी प्रक्रिया को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर रखा गया है। दशकों से चुनाव आयोग ने चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचार पेश किए हैं। सबसे महत्वपूर्ण उपायों में आदर्श आचार संहिता शामिल है, जो अप्रिय राजनीतिक व्यवहार पर अंकुश लगाती है और ईवीएम ने वोटों में हेरफेर को और अधिक कठिन बना दिया है, हालांकि यह असंभव नहीं है। अब मतदान केंद्रों पर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए नियम मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त, प्रौद्योगिकी के प्रसार के साथ, चुनाव आयोग मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों पर जोर दे रहा है, ताकि मर्यादा बनी रहे तथा मतदान अधिकारियों और मतदाताओं को डराया-धमकाया न जा सके।

निश्चित रूप से, यह सच है कि इन नवाचारों में से कोई भी पूरी तरह से दोषरहित नहीं है। मतगणना केंद्रों सहित स्थानीय स्तर पर अक्सर बाहुबल का प्रभाव रहता है और इसके संभावित रूप से विकृत परिणाम हो सकते हैं। मतदान अधिकारियों द्वारा हेरफेर के अनुभवजन्य प्रमाणों को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। जब संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी, तो संभव है कि देश को आदर्श लोकतांत्रिक आचरण के अन्य विचलनों के बारे में सुनने को मिले, जिनका चुनाव आयोग द्वारा समाधान किये जाने की आवश्यकता है।लोकतांत्रिक परियोजना में एक महत्वपूर्ण हितधारक के रूप में, संसद को आम जनता के लिए अपने व्यापक चुनाव अनुभव को संकलित करने की आवश्यकता है। हालांकि, अच्छी राजनीति के बड़े लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होगी यदि राजनीतिक कार्यपालिका चुनाव आयोग के खिलाफ आम धमकियों, जिसमें शारीरिक नुकसान भी शामिल है, का इशारा करती है और सरकारी अधिकारियों—जिनके शालीन आचरण पर पूरी प्रणाली निर्भर करती है—को अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने से रोकती है। पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर के दौरान सत्तारूढ़ दल का आचरण शर्मनाक है। कहने की जरूरत नहीं है कि सटीक मतदाता सूची का अस्तित्व लोकतंत्र की मूल शर्त है। यदि वंचित समुदायों के सदस्य मतदान केंद्रों से दूर रहने के लिए मजबूर किए जाते हैं, तो इसका विरोध होना स्वाभाविक है। दुर्भाग्यवश, इस बात का विरोध काफी कम होता है, जब बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाता है या दोहरी और तिहरी प्रविष्टियाँ होती हैं, जो परिणाम को प्रभावित कर सकती है। चुनाव आयोग ने मतदाता पहचान पत्र और तस्वीरों के माध्यम से धोखाधड़ी की समस्या को सुलझाने की कोशिश की है। हालांकि, धोखेबाजों ने मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित लोगों के नाम पर वोट देकर चुनाव प्रणाली को चकमा देने के तरीके भी निकाल लिए हैं। पूर्वी भारत में अतिरिक्त समस्या यह है कि मतदाता सूचियों में उन व्यक्तियों को जोड़ दिया गया है, जो भारतीय चुनावों में वोट देने के लिए अयोग्य हैं। वर्तमान में जारी एसआईआर प्रक्रिया पहला अवसर नहीं है, जब चुनाव आयोग एक व्यापक मतदाता सूची तैयार कर रहा है। हालांकि इस बड़े पैमाने के कार्यक्रम के लिए कोई निश्चित समय सारिणी, जैसे हर 10 साल में एक बार या ऐसी कोई अन्य अवधि, निर्धारित नहीं है, लेकिन यह माना जाता है कि जब तक यह आवधिक पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा, चुनाव परिणाम जनभावना को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं करेंगे।

20वीं सदी के शुरुआती दशकों में आयरलैंड के संदर्भ में कहा जाता था कि लोगों को 'जल्द वोट दें और अक्सर वोट दें' की सलाह दी जाती थी। एक उत्साही शोधकर्ता के लिए यह दस्तावेज बनाने लायक हो सकता है कि भारत के कुछ हिस्सों में किस प्रकार की अभिनव प्रथाएँ प्रचलित हैं, जैसे मृत व्यक्तियों द्वारा मतदान या एक उम्मीदवार के मतों का उसके प्रतिद्वंद्वी के खाते में सहजता से स्थानांतरित हो जाना। एसआईआर रचनात्मक राजनीति के इन सभी उदाहरणों को इतिहास में नहीं बदल देगा, लेकिन यह वैश्विक भरोसे में थोड़ी और दृढ़ता जोड़ेगा कि भारत अपनी चुनाव प्रक्रियाओं को अच्छे से संचालित करता है। आशा यह है कि आने वाले दशकों में किसी भी राज्य या क्षेत्र के बारे में यह नहीं कहा जाएगा कि वहाँ चुनाव नहीं होते, बल्कि उन्हें 'प्रबंधित' किया जाता है।

## आप की बात

### गोवा अग्निकांडः सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही का नतीजा

महोदय, गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी विनाशकारी आग ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश में सुरक्षा इंतजामों पर चल रही लापरवाही कितनी घातक हो सकती है। किचन में गैस सिलेंडर फटते ही धुएं का घना बादल पलभर में पूरे क्लब में फैल गया और सौ से अधिक लोगों की मौजूदगी वाले इस भीड़भरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सबसे अधिक मौतें दम घुटने से हुईं, जो यह बताती हैं कि न तो आपातकालीन निकास सही थे, न ही धुएं को बाहर निकालने की कोई आधुनिक व्यवस्था मौजूद थी। तीन झारखंडी युवकों सहित 25 लोगों की मौत ने कई परिवारों को तबाह कर दिया, जबकि क्लब मालिक और प्रबंधन पर लापरवाही का मामला दर्ज हो चुका है, लेकिन सवाल यह नहीं कि किस पर मामला दर्ज हुआ,सवाल यह है कि ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों दोहराई जाती हैं। दरअसल देश में सुरक्षा निरीक्षण का पूरा ढांचा ही एक तरह से रस्मी औपचारिकता बनकर रह गया है। जिन अधिकारियों पर अग्निशमन मानकों की जांच का दायित्व है, वे नियमित निरीक्षण की जगह महज़ उपस्थिति दर्ज कराने, अनियमित वसूली करने और कागजी खानापूर्ति करने में लगे रहते हैं। नतीजा यह कि क्लब, होटल, बस, फैक्ट्री या स्कूल,हर जगह सुरक्षा उपकरण या तो खराब मिलते हैं, या मौजूद ही नहीं होते; हाल ही में स्कूलों की जांच में यह बात साफ सामने भी आ चुकी है। कोई भी बड़ा हादसा कुछ दिनों तक हलचल पैदा करता है, मगर कुछ हफ्ते गुजरते ही सब कुछ भूलकर व्यवस्था उसी ढर्रे पर लौट आती है और मौतें फिर किसी अग्निकांड या औद्योगिक दुर्घटना के रूप में सामने आ जाती हैं। अब वक्त आ गया है कि सरकार निरीक्षण करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए कड़े कानून बनाए, जिनमें लापरवाही साबित होते ही तत्काल निलंबन, सेवा से बर्खास्तगी और दंडात्मक कार्रवाई को अनिवार्य किया जाए। सबसे बड़ा सुधार यह होगा कि जिनकी लापरवाही से लोगों की जान जाती है, उनके वेतन, पेंशन और संपत्ति से ही मृतकों के परिवारों को मुआवजा दिलाया जाए, ताकि जिम्मेदारी का वास्तविक दबाव पैदा हो। जब तक नियमों को केवल कागज़ पर पूरा करने की संस्कृति खत्म नहीं होगी और निरीक्षण को भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक इस तरह की मौतें रोकी नहीं जा सकेंगी। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं बल्कि मूल अधिकार है, और जब व्यवस्था इसे सुनिश्चित करने में विफल होती है तो यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि प्रबंधकीय अपराध बन जाता है,जिसका समाधान कठोर जवाबदेही, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के वास्तविक डर से ही संभव है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,रतलाम.मप्र**

### विमान यात्रियों का आर्थिक मुंडन रोकें

यह पत्र रजनीश कपूर के लेख, ''अब हवाई यात्रा भी बन गई आफत'' के संदर्भ में है अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत बनाए गए नियमों का इंडिगो ने उल्लंघन किया है इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से अन्य एयरलाइनों ने हवाई किराये में मौके की नजाकत देखकत बढ़ोतरी कर दी आनन-फानन में कुछ विमान यात्री तत्काल प्रीमियम बुकिंग देकर अपने गंतव्य तक पहुंच सके डीजीसीए और इंडिगो की लापरवाही के कारण लोगों के कीमती समय , ऊर्जा एवं और धन की बर्बादी का हर्जाना मिलना एवं जुर्माना लगना समय की कानूनी आवश्यकता है डीजीसीए एक नियामक संस्था के रूप में अपना कर्तव्य का निर्वहन करने में विफल दृष्टिगोचर हुई है एवं साख पर बट्टा लगता दिख रहा है नौकरी के नियम शर्तों में वर्णित समय सीमा से ज्यादा समय तक विमान उड़ाने से पायलटों को भौतिक मनोवैज्ञानिक थकान होती है, तो दुर्घटना का अंदेशा भी बढ़ता है विमानों के बढ़ते रखरखाव खर्च एवं प्रतियोगिता के चलते विमान यात्रियों का आर्थिक मुंडन रोकने के लिए डीजीसीए नियमों में कोताही ना बरते लापरवाही के मामलों को माननीय न्यायपालिका स्वत संज्ञान में लेने की कृपा करें

**युगल किशोर शर्मा, फ़रीदाबाद**

### ऑनलाइन उपस्थिति—सबके लिए क्यों नहीं ?

प्रदेश के शिक्षक वर्ग का सरकार की किसी भी सुधारात्मक व्यवस्था का विरोधी कभी नहीं रहा है ।शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाली हर पहल का शिक्षकों ने स्वागत किया है और भविष्य में भी करते रहेंगे। मगर प्रश्न यह है कि ऑनलाइन उपस्थिति जैसी व्यवस्था केवल शिक्षकों तक ही सीमित क्यों है ? यदि यह व्यवस्था प्रशासनिक अनुशासन और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अनिवार्य है, तो फिर वल्लभ भवन से लेकर तहसील,जनपद, पंचायत तक सभी विभागों के अधिकारीझ्रकर्मचारी इस दायरे में क्यों न आएँ ? कोई भी नियम यदि 'समानता' और 'जवाबदेही' के आधार पर लागू किया जाए, तभी वह प्रभावी सिद्ध होता है । पिछले एक दशक के बोर्ड परीक्षा परिणाम गवाह हैं कि प्रदेश के सरकारी शिक्षकों ने सीमित संसाधनों के बावजूद निजी विद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है ।यह उपलब्धियाँ शिक्षकों की प्रतिबद्धता और परिश्रम का प्रमाण हैं ।ऐसे में केवल शिक्षकों पर कठोर निगरानी और बाकी विभागों को स्वतः मुक्त रखना सवाल खड़े करता है ।चिंता का दूसरा बिंदु यह है कि शिक्षकों की निगरानी हेतु पहले से ही ब्लॉक, जिला एवं संकुल स्तर पर अनेक अधिकारी तैनात हैं। यदि ऑनलाइन उपस्थिति ही अंतिम समाधान है, तो फिर इतना विशाल निगरानी तंत्र किस उद्देश्य से बना हुआ है? क्या यह स्वीकार किया जाए कि वर्षों से खड़ा यह तंत्र निष्प्रभावी रहा है? यदि ऐसा है, तो उसकी समीक्षा एवं पुनर्विनियोजन होना चाहिए। प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी है। ऐसे में निगरानी में लगे कार्मिकों को शिक्षण कार्य में लगाया जाए तो विद्यालयों में वास्तविक सुधार अधिक तेज़ी से संभव है ।सच यह है कि शिक्षक समय का पालन करते हैं क्योंकि उनका समय सीधे बच्चे के भविष्य को प्रभावित करता है। पर क्या शेष विभागों का समय जनता के जीवन को प्रभावित नहीं करता? क्या आम नागरिक कार्यालयों के बाहर घंटों प्रतीक्षा नहीं करते? यदि शिक्षकों के लिए समय पालन अनिवार्य है, तो वही कठोरता हर विभाग पर लागू क्यों नहीं ? हमारी विनम्र परंतु ठोस अपेक्षा है कि राज्य सरकार ऑनलाइन उपस्थिति को 'एक विभाग' का नहीं, बल्कि 'पूरे प्रशासन' का नियम बनाए। तभी पारदर्शिता का वास्तविक अर्थ सामने आएगा और जनता का भरोसा बढ़ेगा।

**अरविंद रावल 51, गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)**

# सरयू नदी तट पर चल रहे विकास कार्यों का मुख्यमंत्री धामी ने किया निरीक्षण

- स्थानीय नागरिकों से संवाद कर विकास योजनाओं का लिया फीडबैक
- सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं





**पायनियर समाचार सेवा। बागेश्वर**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बागेश्वर में सरयू नदी तट पर चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों से संवाद करने के साथ ही योजनाओं का फीडबैक लिया।

भ्रमण के दौरान वह बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम पहुंचे, जहां उन्होंने खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रशिक्षण सुविधाओं, खेल उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि राज्य सरकार खेल अवसंरचना को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि उत्तराखण्ड के खिलाड़ी राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

मुख्यमंत्री इसके बाद बागनाथ मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया और अपने विचार साझा किए।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिवस देश के वीर सैनिकों की अदम्य वीरता, बलिदान और उत्कृष्ट सेवाओं को स्मरण करने का अवसर है। इस दौरान सैनिक कल्याण विभाग ने मुख्यमंत्री को टोकन फ्लैग एवं लपेल पिन लगाया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, दायित्वधारी शिव सिंह बिष्ट, भूपेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, विधायक पार्वती दास, विधायक सुरेश गडिया, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, एसडीएम प्रियंका रानी, ललित मोहन तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# रामनगर के ग्राम पुछड़ी में अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई, भारी पुलिस बल तैनात

- 52 अवैध घर ढहाए, 90 से अधिक परिवार प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा। रामनगर**




नैनीताल जिले के रामनगर के ग्राम पुछड़ी क्षेत्र में लंबे समय से चल रही अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कवायद आखिरकार रविवार को भारी पुलिस बल के बीच बुलडोजर चलने के साथ शुरू हुई। प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 52 अवैध घरों पर कार्रवाई की, जिसके चलते 90 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई, जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में एडीएम नैनीताल विवेक राय, एसडीएम रामनगर, एसपी क्राइम जगदीश चंद्र, रामनगर कोतवाल समेत भारी संख्या में पुलिस बल, पीएसी तथा वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासनिक टीम सुबह से ही मौके पर डटी रही और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान ड्रोन कमरों से निगरानी भी की गई।

इधर, कार्रवाई का विरोध कर रहे उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के नेता प्रभात ध्यानी को पुलिस ने मौके से हिरासत में लिया, साथ ही कई कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लेकर कोतवाली ले जाया गया है।

अभियान के चलते क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते स्थिति नियंत्रण में रही। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई लंबे समय से लटके अवैध कब्जों को खत्म करने और सरकारी भूमि को मुक्त कराने के उद्देश्य से की जा रही है।

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**

सशस्त्र बलों के शहीदों को सम्मानित करने के लिए हर वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर रविवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हल्द्वानी में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। इस दौरान सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कर्नल रमेश सिंह (अ.ग्रा.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एवं ले. कर्नल. बी.एस. रौतेला (अ.प्रा.), अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक लीग, हल्द्वानी ने जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को टोकन फ्लैग, लापेल पिन लगाया गया।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कार्यालय में उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं एन.सी.सी. कैडेट को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। आम



नागरिकों के बीच सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के प्रति जागरूकता लाने तथा आम जनमानस को इस पुनीत कार्य में दिल खोलकर दान देने के लिए प्रेरित करने के लिए एन.सी.सी. कैडेट का सहयोग प्राप्त कर हल्द्वानी शहर के मुख्य बाजारों में एन.सी.सी. कैडेट द्वारा रैली निकाल कर आम नागरिकों को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के टोकन फ्लैग लगाये गये।

इस दौरान कर्नल रमेश सिंह, जि.सै.क. अधिकारी, ले. कर्नल बी.एस. रौतेला, अध्यक्ष, पूर्व सैनिक लीग, कैप्टन मदन सिंह राठौर, कैप्टन डी.के. जोशी, समस्त ब्लाक प्रतिनिधि तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरा वाहनः दो की मौत, चार घायल

**पौड़ी गढ़वाल।** पौड़ी जिले के थलीसैंण ब्लॉक के टीला रोड पर एक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। थानाध्यक्ष पैठानी ने जानकारी देते हुए बताया कि घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतकों में वीरेंद्र (23) पुत्र सरदार सिंह ग्राम टीला ,पैठानी व संतोष सिंह (35) पुत्र रघुवीर सिंह ग्राम टीला थाना पैठानी शामिल हैं। वहीं घायलों में सोहन सिंह (32) पुत्र मदन सिंह ग्राम टीला थाना पैठानी, वीरेंद्र सिंह (25) पुत्र दिलीप सिंह ग्राम संखरोडी रुद्रप्रयाग, सिताब सिंह (31) पुत्र मदन सिंह ग्राम संखरोडी रुद्रप्रयाग, वीरेंद्र सिंह (28) पुत्र सूरज सिंह ग्राम टीला थाना पैठानी शामिल हैं। सभी गंभरी घायल व्यक्तियों को हायर सेंटर एम्स के लिए रेफर किया गया है।

### बिना अनुमति के गेल ने खोद डाली सड़क

# गेल के सभी कार्य अनुमति निरस्त, लगा 2 माह का प्रतिबंध

- डीएम द्वारा एसडीएम कुमकुम जोशी के नेतृत्व में गठित कमेटी ने किया खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**

जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशानुसार एसडीएम कुमकुम जोशी के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे रोड कटिंग कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि गेल एजेंसी द्वारा नियमों के विपरीत परियोजना समन्वय समिति की अनुमति के बिना कई स्थानों पर रोड कटिंग कर कार्य कराया जा रहा है।

निरीक्षण में रिस्पना-आराघर चौक, कारगी-मौथरोवाला रोड, दून यूनिवर्सिटी रोड, शिमला बाईपास रोड



सहित अन्य क्षेत्रों में अनियमितताएँ और सुरक्षा मानकों की घोर उल्लंघन पाया गया, जिनमें कार्य स्थल पर बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टिंग टेप्स तथा साइनेंज का अभाव पाया, जगह-जगह खोदे गए मलवे के ढेर, जिससे मार्ग संकीर्ण व यातायात हेतु असुरक्षित हो गया है। दिन एवं रात निरंतर कार्य किए जाने से स्थानीय जनमानस को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्यूआरटी टीम द्वारा गेल एजेंसी के प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि कार्य स्थलों पर जमा समस्त मलवा एक दिन के भीतर हटाया जाए, मार्ग को यथावत एवं सुरक्षित स्थिति में बहाल किया जाए तथा यातायात संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा न रहे।

अनुमति की शर्तों के गंभीर उल्लंघन के मद्देनजर, जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में जारी अनुमति पत्र के क्रमांक 01, 4(1), 4(2), 6(2), 7 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। साथ ही, गेल एजेंसी को आगामी 02 माह तक किसी भी प्रकार की रोड कटिंग अनुमति से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क कटिंग एवं सार्वजनिक कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाली किसी भी एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# उप कारागार चिकित्सालय में विधायक ने दिया हाई टेक जनरेटर



**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**

हल्द्वानी स्थित उप कारागार चिकित्सालय में विधायक निधि से लगाए गए हाई टेक 82.5 केवीए साइलेंट सीपीसीबी IV+ जनरेटर का लोकार्पण विधायक सुमित हृदयेश द्वारा किया गया। इस अत्याधुनिक जनरेटर के स्थापित होने से अब चिकित्सालय एवं कारागार परिसर में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से संभव हो सकेगी।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कारागार जैसी संवेदनशील संस्थाओं में विद्युत आपूर्ति का सुचारू रहना अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक तकनीक से युक्त यह जनरेटर न केवल चिकित्सालय के संचालन में सहायक होगा, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शोभा बिष्ट, अधीक्षक उप कारागार प्रमोद कुमार, पार्षद शैलेन्द्र सिंह दानू, डॉ. मयंक भट्ट सहित विभागीय अधिकारी एवं कारागार के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कारागार प्रशासन ने विधायक का आभार व्यक्त किया तथा जनहित में उनके निरंतर सहयोग की सराहना की।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह के खिलाफ सिख समाज नाराज

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**

देहरादून में अधिवक्ताओं के चल रहे धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा एक सिख अधिवक्ता पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर पूरे राज्य के सिख समाज में भारी रोष है। इसी घटना के विरोध में रविवार को हल्द्वानी सिख समाज द्वारा तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क हल्द्वानी में हरक सिंह रावत के विरोध में नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया।

इस दौरान गुरुप्रीत प्रिंस ने कहा कि 12 बजे मजाक का विषय नहीं है, यह सिख इतिहास का गौरव है। सिख फेडरेशन के गगनदीप कोहली ने कहा कि धर्म का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गगन सयाली ने कहा कि हरक सिंह गुरुद्वारा साहिब में जाकर सार्वजनिक रूप से सिख समाज से माफी मांगे। इस दौरान



- हल्द्वानी बुध पार्क में जमकर नारेबाजी कर फूंका पूतला

परमजीत सिंह पम्मा, मनप्रीत सेठी, अमन कोहली, कुलविन्दर सिंह, तरन बिंद्रा, बलविंदर सिंह, बलबीर सिंह, मनिंदर सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, कंवलजीत रेखी, पुनीत सबरवाल, कमलदीप, दिलप्रीत सिंघ, बलजीत आनंद, रविंद्रपाल सिंह हेमी, सुरेन्द्र सेठी, , इकजोत कालरा, मनदीप सिंह, हरजस सिंह, विक्की सेठी, रिम्पी, तरन सेठी, मन्नू सयाली, अमनदीप पिंडी, अमरजीत आनंद, सुमित सबरवाल, जसप्रीत गुजराल, गुरजीत कोहली, हरमीत बिंद्रा, अमरजोत सेठी,नवजोत सिंह, गुरविंदर सिंह, जसप्रीत सेठी,मोहन पाठक, नीरज बिष्ट, राजेन्द्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



## 140 नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. ने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को जनपद को नशामुक्त बनाए जाने के लिए नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश फर्त्याल व प्रभारी एसओजी राजेश जोशी के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा गोला बाईपास रोड से आरोपी शाहरुख उर्फ बीड़ी (27) पुत्र अयूब निवासी मोहम्मदी मस्जिद के पास थाना बनभूलपुरा को 140 नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार है। वहीं पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 8/22 एडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की है।

# अनियमितताएं मिलने पर जनसेवा केंद्र पर जिला प्रशासन की कार्रवाई, किया सील

**पायनियर समाचार सेवा। ऋषिकेश**

जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के क्रम में जनपद में संचालित विभिन्न जन सेवा केंद्रों पर की जा रही निरीक्षण एवं छापेमारी कार्रवाई के तहत उप जिलाधिकारी ऋषिकेश योगेश मेहर ने शहर के वीरपुर खुर्द स्थित पशुलोक क्षेत्र में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में पाया गया कि सेंटर के बाहर लगे बोर्ड पर सीएचसी संचालक के रूप में विभा नामदेव का नाम अंकित है तथा बोर्ड पर विभा नामदेव एवं आर. नामदेव का मोबाइल नंबर भी प्रदर्शित है, जबकि संचालन की आईडी मनीषा नामदेव के नाम पर पंजीकृत है। यह भी पाया गया कि विभा नामदेव, आर. नामदेव



की पुत्री है, जिनका विवाह हो चुका है तथा वर्तमान में वे हरिपुरकलां में निवासरत हैं।

सेंटर से निर्गत प्रमाण पत्रों से संबंधित पंजिका का संधारण नहीं किया गया है। साथ ही, केंद्र पर विभिन्न व्यक्तियों के 9 आधार कार्ड,3 राशन कार्ड, 3 श्रम कार्ड, 1 आयुष्मान कार्ड आदि मूल दस्तावेज बड़ी संख्या में पाए गए। पूछताछ के दौरान विभा नामदेव एवं आर. नामदेव कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं कर सके, जिससे इन मूल दस्तावेजों के दुरुपयोग की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। निरीक्षण के दौरान बीपीएल सर्वेक्षण 2002 से संबंधित खाली कार्ड भी बरामद हुए, जिनके बारे में भी संचालकों द्वारा कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनपद में जन सेवा केंद्रों पर चल रही छापेमारी के संबंध में कहा कि जन सेवा केंद्र आम नागरिकों को सरकारी सेवाएं सरलता से उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता, दस्तावेजों का अनुचित संधारण, मूल दस्तावेजों को बिना कारण अपने पास रखना, या निर्धारित मानकों का पालन न करना गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नागरिकों की सुरक्षा एवं संवेदनशील दस्तावेजों की गोपनीयता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में संचालित जन सेवा केंद्रों की जांच की जाएगी तथा जहां भी अनियमितताएं पाई जाएंगी, तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी।

### वैलनेस, योग-आयुर्वेद का रूस में विस्तार, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक संबंध तथा स्किल्ड लेबर का आदान प्रदान

# पतंजलि योगपीठ और रूस सरकार के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

- आध्यात्मिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से भारत व रशिया एक दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे : स्वामी रामदेव



> स्वामी जी ने कहा कि भारत और रूस मित्र देश हैं। भारत का रूस से इमोशनल कनेक्ट आजादी से पहले भी था और आज भी है। भारत में लोग रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतीन को एक सशक्त ग्लोबल लीडर के तौर पर पहचानते हैं। उनके शौर्य, वीरता व पराक्रम से पूरा विश्व परिचित है। भारत व रूस की मैत्री से कुछ बड़े लोग खुश नहीं हैं। लेकिन किसी भी परिस्थिति में रशिया भारत का मित्र था, है और रहेगा। आध्यात्मिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से भारत व रशिया एक दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे।

**पायनियर समाचार सेवा। हरिद्वार**

पतंजलि समूह तथा रूस सरकार के मध्य दिल्ली में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए जिसमें पतंजलि समूह की ओर से स्वामी रामदेव जी तथा मॉस्को सरकार (रूस) की ओर से भारत-रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूस के वाणिज्य मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि यह एमओयू स्वास्थ्य एवं वेलनेस का संवर्धन, स्वास्थ्य पर्यटन, कुशल मानव संसाधन का आदान-प्रदान तथा अनुसंधान आदि विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि रूस में योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को लोग पसंद करते हैं तथा इनका अनुसरण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम हमें ऋषियों की इस वैलनेस विधा को पूरे विश्व के लगभग 200 देशों में पहुँचाना है जिसका एण्ट्री प्वाइंट रूस ही होगा। इस एमओयू के पहला महत्वपूर्ण बिन्दु रूस में पतंजलि की वैलनेस सेवाओं का विस्तार करना है। हम रूस के साथ मिलकर आयु को रिवर्स करने, लंबी उम्र पर गहन अनुसंधान करेंगे जिससे गम्भीर रोगों का मानव शरीर में आने से वर्षों पहले ही पता किया जा सकेगा। इसका दूसरा बिन्दु भारत के आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कृति, योग, आयुर्वेद तथा भारत की अमूल्य धरोहरों से संबंधित ज्ञान को रूस के साथ साझा करना है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 2 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाला पतंजलि ही एकमात्र प्राइवेट पार्टनर रहा है। हम रूस को कुशल योगी व कुशल श्रमिक उपलब्ध कराएँगे। साथ ही इस एमओयू के तहत भारत के उच्च स्तरीय ब्रांड्स को रूस में तथा रूसी ब्रांड्स को भारत में प्रोमोट करना है। हम विश्वस्तरीय पतंजलि ब्रांड को रशिया लेकर जाएंगे जिससे पतंजलि के गुणवत्तायुक्त उत्पादों का लाभ रूस के नागरिकों को भी मिलेगा।

इस अवसर पर सर्गेई चेरेमिन ने कहा कि हम पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लेकर हम रूस के लोगों की जीवनशैली परिवर्तित करेंगे और उन्हें निरोगी बनाएंगे।

# दबिश देने पहुंची एसटीएफ टीम पर तस्करों ने की फायरिंग

**पायनियर समाचार सेवा। नैनीताल**

खनस्यूं थाना क्षेत्र के पतलोट में शनिवार देर शाम वन्यजीव और चरस तस्करों की तलाश में गई एसटीएफ टीम पर तस्करों ने अचानक फायरिंग कर दी। घटना में एसटीएफ के सिपाही भूपेंद्र मर्तोलिया और एक स्थानीय किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मौके से एक तस्कर को दो भालू की पित्त के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा तस्कर जंगल में फरार होने में सफल रहा, जिसकी पुलिस द्वारा तलाश लगातार जारी है। शनिवार को करीब 6 बजे एसटीएफ टीम दबिश देने पतलोट क्षेत्र में पहुंची ही थी कि आरोपियों ने पुलिस टीम पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। गोली एसटीएफ सिपाही भूपेंद्र



- सिपाही समेत दो घायल, एक तस्कर गिरफ्तार

मर्तोलिया के पेट में जा लगी, जबकि एक अन्य गोली 69 वर्षीय स्थानीय किसान नरसिंह के जबड़े को छूकर निकल गई। घायल होने के तुरंत बाद दोनों को हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। रविवार को दोनों को जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।

घटना के दौरान एसटीएफ टीम ने मौके से चंपावत निवासी वन्यजीव तस्कर सुंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से दो भालुओं की पित्त बरामद की गई, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

पंतनगर एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ खनस्यू थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उससे पूछताछ चल रही है। दूसरा तस्कर धलौड़ा के जंगल की ओर भाग गया था, जिसकी तलाश के लिए पुलिस व एसटीएफ की टीमें लगातार दबिशें दें रही हैं।

### सहारनपुर दौराः एसआईआर को लेकर गंभीर दिखे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# एक घंटे की समीक्षा बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा, दिए निर्देश

- अधिक से अधिक लोगों के प्रपत्र भर कर मतदाता सूची का शुद्धिकरण की हिदायत



पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि गहनता के साथ अधिक से अधिक लोगों के प्रपत्र भरें जाये और जो भी समस्या मतदाताओं को आ रही है उसका तत्काल निस्तारण किया जाये। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम और बैठक की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

आकस्मिक दौरे पर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के साथ लगभग एक घंटा बैठक की। बताया जाता है की बैठक में एसआई आर को लेकर विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धिकरण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती और अधिक से अधिक लोगों के प्रपत्र भर कर मतदाता सूची का शुद्धिकरण करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 11 दिसंबर तक इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाए ताकि 16 दिसंबर तक इसे अंतिम रूप दिया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक देर शाम तक चली लेकिन किसी भी अधिकारी ने बैठक के संबंध में कोई पुष्टि नहीं की केवल अनुमान के अनुसार ही बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से फिर को लेकर यह बैठक बुलाई थी। बैठक में मंडल आयुक्त डॉ रूपेश कुमार, डीआईजी अभिषेक सिंह जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, पुलिस देहात सागर जैन समेत प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी, राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, विधायक राजीव गुंबर मुकेश चौधरी देवेंद्र निम, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र सैनी महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पार्षद संजय सैनी समेत समस्त अधिकारी पूर्व विधायक एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## सीएम के आगमन पर चौकस दिखी सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रतिबंधित





**सहारनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद दिखायी दी। पुलिस लाइन से हसनपुर चौक तथा शुगर मिल चौराहे तक पुलिस और अधिकारियों का जमावड़ा देखने को मिला। नगर निगम की ओर से जहां सड़कों पर पानी का छिड़काव हुआ वहीं किनारे लगे पेड़ों पर पानी तक डाला गया। जिला और पुलिस प्रशासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर काफी मुश्तैद नजर आया। पुलिस लाइन से सर्किट हाउस तक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की जगह जगह मौजूदगी देखने को मिली। सख्ती का आलम यह रहा कि सड़कों पर चलने वाले वाहनों के साथ साथ संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस की पैनी नजर रही। मुख्यमंत्री जहां विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की जहां समीक्षा बैठक करने वाले थे वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था देखने के मिली। गेट के अंदर जाने वाले लोगों की न सिर्फ उनकी मशीन से स्केनिंग की जा रही बल्कि तलाशी तक ली जा रही है। वैसे सभी मुख्यमंत्री के इस अचानक आगमन से सभी भौचक्के दिखे। सुरक्षा व्यवस्था की बेहतर को और सुव्यवस्थित करने के लिए पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन स्वयं सर्किट हाउस के प्रमुख द्वार पर मौजूद दिखे। उन्होंने कवरेज के लिए वहां मौजूद मीडियाकर्मियों को भी एक जगह पर खड़े होकर रिपोर्टिंग करने को कहा। सबसे अहम बात तो यह रही कि जब तक योगी आदित्यनाथ नाथ ने समीक्षा मीटिंग करते रहे तब तक हसनपुर से शुगर मिल को जाने वाली सर्किट हाउस रोड पर आवागमन पूरी तरह प्रतिबंध रहा।

## तहसील के चक्कर काट रहा है नेत्रहीन वृद्ध

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के गांव आदमपुर मोचनी निवासी एक नेत्र हीन वृद्ध अपने मकान को कब्जा मुक्त कराने और बनामा कराने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। नेत्रहीन वृद्ध का आरोप है कि खांजापुर के कुछ दबंग व्यक्ति को उसने ग्राम प्रधान के सामने अपना मकान डेढ़ लाख में बेचा था। लेकिन उक्त दबंग व्यक्ति ने उसकी मकान का न तो बनामा कराया है और न ही मकान के बाकी रुपये दिए है वृद्ध का कहना था कि दबंगो ने उसे मात्र उसकी जमीन के 50 हजार रुपये ही दिए थे। कोतवाली क्षेत्र के गांव आदमपुर मोचनी निवासी नेत्रहीन वृद्ध मोहनवीर पुत्र हत्थन ने तहसील अधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुय बताया कि उसका मकान खंजापुर गांव में है, जिसे उसने खांजपुर गांव के ही एक व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपये में ग्राम प्रधान के कागज पर लिख कर प्रधान के सामने बेचा था। उक्त लोगों ने उसे 50 हजार रुपये दिए थे। उसके बाद उसे बाकी रुपये नही दिए यही नही न ही पक्का बनामा कराया है और न ही उक्त व्यक्ति ने उसके मकान के बाकी रकम दी है।

## एक नजर

### पत्नी को एचआईवी संक्रमित कर भागा पति

**खतौली।** रविवार को कोतवाली में सामने आया एक ऐसा मामला जिसने



इलाके में सनसनी मचा दी। दिल्ली के द्वारका सेक्टर-21 निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति निवासी भूड़-चूना भट्टी खतौली ने निकाह व कोर्ट मैरिज के बावजूद उसे अकेला छोड़ दिया। महिला का दावा है कि उसका पति एचआईवी संक्रमित है और उनके संपर्क में आने से वह भी संक्रमण की शिकार हो गई है। वह इस समय एक माह की गर्भवती हैं और भविष्य को लेकर बेहद चिंतित है। महिला ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि विवाह से पहले भी वह अपने पति के साथ दिल्ली में एक-साथ रहते थे। दोनों ने हाल ही में कोर्ट मैरिज भी की, परंतु शादी के कुछ समय बाद ही उसका पति ने घर छोड़ने की नौबत कर दी और मीनू को तलाक की धमकियां देने लगा। महिला का कहना है कि उसने अपने पति के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी न होने के कारण उनके साथ संबंध बनाए, बाद में जांच में उसे खुद एचआईवी पॉजिटिव पाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला का बयान दर्ज कर लिया गया है और संबंधित साक्ष्यों की तफ्तीश की जा रही है।

### अवैध चरस के साथ तस्कर और टप्पेबाज गिरफ्तार



**बेहट।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक नशे के तस्कर को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ कस्बे के निकट संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी,कि एक नशा तस्कर नशीला पदार्थ लेकर बेचने का लिए कहीं जा रहा हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सतर्क हो गई और बारीकी से जांच करने लगी तभी पुलिस को बेलका पावर हाउस नहर के पुल के पास एक व्यक्ति तनहाई में खड़ा हुआ दिखाई दिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रहीस पुत्र सईद निवासी ग्राम हुसैन मलकपुर थाना बेहट बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 150 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी को सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। दूसरी और पुलिस ने एक टप्पेबाज युवक को नगदी के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक टप्पे बाज को गिरफ्तार किया है पकड़े गए युवक ने अपना नाम मिंटू सिंह पुत्र रमेश निवासी ग्राम नगला खुर्द थाना बेहट बताया पुलिस ने इसके कब्जे से 3900 रुपए की नगदी बरामद की है। पकड़े गए व्यक्ति को अदालत के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

### भाकियू रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुलिस ने रोका



**नागल।** क्षेत्र की विभिन्न समस्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपने की योजना बना रहे भाकियू रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं को पुलिस ने जाने से पहले ही उनके आवास पर होम अरेस्ट कर लिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कस्बे के बस अड्डे पर सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को कई बार बस अड्डे पर फ्लाई ओवर बनाए जाने की मांग को लेकर तथा किसानों का हिंदुस्तान शुगर मिल द्वारा समय पर गन्ने का भुगतान न होने पर, समितियां पर समय के अनुसार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराया जाने तथा कस्बे के वन चेतना पार्क का पुनः जिर्णोद्धार के लिए ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन प्रशासन द्वारा कोई समाधान नहीं कराया गया। ज्ञातव्य हो कि रविवार को सहारनपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के दौरान उनके संगठन द्वारा समस्या संबंधी ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई गई थी। लेकिन ज्ञापन सौंपने से पहले ही थाने की पुलिस के द्वारा सुबह ही उन्हें होम अरेस्ट कर लिया गया।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शामली।** क्षेत्र के गांव ताजपुर सिम्भालका में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक के एक ताऊ ने जहां उसकी हत्या की आशंका जतायी है तो दूसरे ताऊ के परिजनो ने युवक की शराब के अधिक सेवन से मौत होना बताया है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के कमरे से शराब के कई खाली पाउच भी बरामद हुए हैं। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव ताजपुर सिम्भालका निवासी 28 वर्षीय राविल के माता-पिता की मौत हो चुकी है जिसके बाद वह अपने बडे ताऊ ब्रहमपाल के पास रहता था। राविल शराब का आदी था और उसके नाम पर काफी जमीन थी। चर्चा है कि राविल का अपने ताऊ ब्रहमपाल व उसके परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिसके बाद वह अपने दूसरे ताऊ तेजपाल के पास रह रहा था। तेजपाल के दो बच्चे हेमंत व आशीष उसके साथ रहते थे।

## इमोशनल कार्ड खेलकर जनता को गुमराह कर रही भाजपा : अखिलेश

- वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए अखिलेख यादव

पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज सपा के वरिष्ठ नेता मांगेराम कश्यप, चौ.अब्दुल गफूर के यहां शादी समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उदाहरण देते हुए कहा कि वह आगे भी मुख्यमंत्री रहेंगी। भाजपा के इमोशनल कार्ड के जवाब में दूसरा पक्ष भी इमोशनल कार्ड खेल रहा है इसकी जिम्मेदार भाजपा है।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आधार कार्ड की जानकारी को नजरअंदाज कर रही है और वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में रुपया कमजोर हुआ है और डॉलर मजबूत हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ सहारनपुर से विधायक आशु मलिक, विधायक उमर खान, सपा नेता पार्षद अहमद मलिक, पूर्व विधायक मनोज चौधरी, राष्ट्रीय नेता चौधरी रुद्रसेन और पूर्व सांसद हाजी फजलरहमान, परवेज मलिक सपा जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद आदि मौजूद थे।



### एयरपोर्ट पास के लिए सपा में नोंक झोंक

**सहारनपुर ।** अखिलेश यादव के सहारनपुर आगमन से ठीक पहले एयरपोर्ट पर सपा नेताओं के बीच अचानक जुबानी जंग छिड़ गई। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री की अपने ही एक वरिष्ठ साथी से तीखी नोक झोंक हो गयी। विवाद की वजह थी एयरपोर्ट के लिए बनाया जा रहा पास। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि नेता ने अपना पास जानबूझकर छुपाया और अपने पास पर किसी दूसरे व्यक्ति को अंदर भेजने की कोशिश की। इसी बात को लेकर दोनों में काफी देर तक कहासुनी चलती रही। स्थिति बिगड़ती देख पार्टी के एक विधायक मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

## इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाला गिरफ्तार

**शामली।** थानाभवन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में थाना थानाभवन पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई। थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कंटेंट पोस्ट किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक पवन कुमार, कांस्टेबल राहुल तोमर व कांस्टेबल संदीप कुमार ने आरोपी मकबूल को जलालाबाद कस्बे से गिरफ्तार कर लिया।

## बजरंग बली पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर रासुका की मांग

- बघरा आश्रम के पीठाधीश्वर यशवीर महाराज ने प्रशासन को दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। थानाभवन



बघरा के यशवीर आश्रम पीठाधीश्वर यशवीर महाराज ने जलालाबाद निवासी दूसरे समुदाय के युवक द्वारा बजरंग बली हनुमान के प्रति अशोभनीय टिप्पणी पर कडा आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपित के खिलाफ रासुका की कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि हिन्दू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जानकारी के अनुसार शनिवार को कस्बा जलालाबाद निवासी दूसरे समुदाय के युवक द्वारा बजरंग बली हनुमान के प्रति इंस्टाग्राम आईडी पर की गयी अशोभनीय टिप्पणी से हिन्दू संगठनों में आक्रोश फैल गया था। विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया था। अब इस मामले में बघरा के यशवीर आश्रम के पीठाधीश्वर यशवीर महाराज भी आगे आए हैं, उन्होंने अशोभनीय टिप्पणी करने वाले आरोपित के खिलाफ रासुका की कार्रवाई करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि आरोपित की गिरफ्तारी से वे संतुष्ट नहीं बल्कि ऐसे आरोपितों के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जानी चाहिए।

## सीएमओ ने स्वास्थ्य मेलों का किया औचक निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

- ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर दिया जोर, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों की प्रभावी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने रविवार को विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य मेलों में मिल रही सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों के प्रति व्यवस्थाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ब्लॉक मोरना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरना, सिकंदरपुर व भोकरहेड़ी तथा ब्लॉक पुरकाजी के अंतर्गत शेरपुर, महरायपुर, तेजलहेड़ा और बरला स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने पंजीकरण से लेकर उपचार तक की सभी व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। डॉ. तेवतिया ने ओपीडी सेवाओं, दवा वितरण, जांच सुविधाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दिये जा रहे लाभ पर संतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने मरीजों की समयबद्ध जांच, उपचार और दवा उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

## जानलेवा हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शामली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भिक्की मोड़ पर हुई मारपीट और जानलेवा हमले की घटना में फरार चल रहे आरोपी बोबी उर्फ मनोज को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान में यह महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। बताया गया कि गत 23 नवंबर को मोहल्ला कंबोज कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि भिक्की मोड़ पर प्रतिवादी पक्ष के लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर मारपीट की हैं।

घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। एसपी एन.पी. सिंह के आदेश पर अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और सीओ नगर अपेक्षा निम्बाडिया के पर्यवेक्षण में सदर कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक शैलेन्द्र पूनिया व महिला हेड कांस्टेबल रीता ने जानलेवा हमले के वांछित आरोपी बोबी उर्फ मनोज पुत्र स्व. महेंद्र दत्त निवासी निकट बलभद्र मंदिर को गिरफ्तार कर लिया हैं।

## डीएम ने किया एसआईआर मेगा कैंप का निरीक्षण

- मतदाताओं से की अंतिम तिथि से पहले फॉर्म जमा करने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सदर विधान सभा क्षेत्र के मोहल्ला कुकड़ा में जीसी पब्लिक स्कूल कुकड़ा में बूथ संख्या 251 से 295 एवं 283 से 290 तक चल रहे मेगा कैम्प का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्रों के संग्रहण कार्यों की समीक्षा की और जनमानस को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा करें, ताकि उनका नाम डाटा एंट्री में शामिल हो सके। निरीक्षण के दौरान बीएलओ ने बताया कि जिन मतदाताओं के फॉर्म भर गए हैं, उन्हें कैंप में जमा किया जा रहा है। साथ ही, घर-घर जाकर फॉर्म जमा कराने का भी कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर कार्य में तेजी लाएं और कोई भी मतदाता छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि जो लोग गणना प्रपत्र जमा करने में छूट गए हैं, उनके घर जाकर फॉर्म जमा कराया जाए। जिलाधिकारी ने ईआरओ, एआरओ सहित अन्य एसआईआर कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े समस्त अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और निश्चित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट पंकज राठौर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### शुकतीर्थ में आयोजित सनातन धर्म संसद में 12 प्रस्ताव पारित

## योगी को पीएम बनाने पर संतों ने लगाई मुहर

- भारत को हिंदू राष्ट्र और गौ माता को राष्ट्रीय गोमाता घोषित करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर



तीर्थनगरी शुक्रताल के हनुमान धाम परिसर में आयोजित सनातन धर्म संसद में हिंदू समाज की एकता और संस्कृति की सुरक्षा को लेकर 12 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें सबसे ध्यान देने योग्य प्रस्ताव था उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री बनाने का, जिस पर संतों की मोहर लगने के बाद परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। धर्म संसद में संतों, महामंडलेश्वरों, धर्माचार्यों, विद्वानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भारत को पुनः हिंदू राष्ट्र घोषित करने, गौ माता को राष्ट्रीय गोमाता का दर्जा देने, केंद्रीय सनातन बोर्ड के गठन की वकालत की गई। इसके साथ ही सामाजिक एकता, समरसता और हिंदू हितों को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने, राष्ट्रीय स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने, जनसंख्या नियंत्रण, समान नागरिक संहिता लागू करने तथा राष्ट्र निर्माण में संत समाज की औपचारिक भूमिका को मान्यता देने के प्रस्ताव भी पारित किए गए। धर्म संसद में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संतों ने चेताया कि देश को तोड़ने वाली ताकतों का मुकाबला करने के लिए हिंदू समाज को जागरूक और एकजुट होना होगा। इसके अतिरिक्त भारत के ऐतिहासिक हिंदू मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के मूल स्वरूप को संरक्षित रखने के लिए विशेष राष्ट्रीय कानून बनाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। हिंदू संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धर्म संसद ने हिंदू समाज में एकजुटता और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।



### धर्म संसद में छा गई नाजिया इलाही खान

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म संसद में दिल्ली से आई नाजिया इलाही खान ने अपने प्रभावशाली भाषण से समस्त पंडाल को तालियों से गूंजने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने महमूद मदनी के जेहाद की हुंकार के खिलाफ भाषण देते हुए कहा कि देश विरोधी जेहाद को भारत की धरती पर पनपने नहीं दिया जाएगा।

## लूट का राज खोलने में तेजी से जुटी पुलिस

- खुद एसपी सिटी ने संभाली कमान, एसओजी टीम खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज
- घर के भेदी की तलाश तेज

पायनियर समाचार सेवा। खतौली

शहर में शुक्रवार देर रात कोतवाली से कुछ ही दूरी पर हुई दुस्साहसिक लूट ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मोहल्ला लाल मोहम्मद में प्रॉपर्टी डीलर नाजिम पुत्र यूसुफ के घर तीन नकाबपोश बदमाशों ने इलेक्ट्रिशियन और डेकोरेशन कर्मी बनकर प्रवेश किया और परिवार के चार सदस्यों को बंधक बनाकर 65 तोला सोना-चांदी व 11 लाख रुपये नकद लूट ले गए। रात करीब नौ बजे हेलमेट पहने एक बदमाश ने दरवाजा खटखटाकर सबीना से कहा कि खाला, मैं हूं, लाइटें उतारने आए हैं। विश्वास होने पर जैसे ही दरवाजा खोला गया, बदमाशों ने गेट धक्का देकर घर में घुसते ही सबीना को दबोच लिया और पिस्टल कनपटी पर रख दी। इसके बाद पूरे परिवार को रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया। पूछताछ के दौरान बदमाश लगातार यही पूछते रहे दो करोड़ रुपये कहां छिपाए हैं? यह सवाल पुलिस के संदेह को गहरा कर रहा है कि लुटेरों को घर की गतिविधियों और हाल ही में हुई जमीन बिक्री की पूरी जानकारी थी, यानी घटना में किसी घर के भेदी की भूमिका हो सकती है। वारदात की सूचना मिलते ही एसएसपी संजय वर्मा, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ रामआशीष यादव व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था।

## वंचित-दलित-पिछड़ों का सशक्तीकरण

# उत्तर प्रदेश बना राष्ट्रीय मॉडल

❖ सामाजिक सुरक्षा क्रांति के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार, करोड़ों लाभार्थियों तक पहुंचा प्रत्यक्ष लाभ

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एक बार फिर सामाजिक न्याय के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एक-दो महीनों में यह सुनिश्चित कर लिया जाएगा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और संविदा कर्मी को न्यूनतम मानदेय की गारंटी मिल सके। योगी सरकार पिछले साढ़े 8 वर्षों में वंचितों और पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान से संबंधित योजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर रही है। वहीं 2012-17 का शासन दलित और वंचितों पर अत्याचार के लिए कुख्यात था।

**सामाजिक कल्याण योगी सरकार की पहली प्राथमिकता:** 2017 में सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं को जिस पैमाने पर क्रियान्वित किया है जो राज्य के इतिहास में अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से लेकर बाल सेवा, पेंशन, छात्रवृत्ति और शादी अनुदान तक हर योजना का सीधा लाभ करोड़ों परिवारों तक पहुंचा है। सभी जनपदों में लागू अभ्युदय योजना से तीन वर्षों में 743 से अधिक युवाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की। निराश्रित महिला, वृद्धावस्था और दिव्यांगजन पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 1,06,17,640 लाभार्थियों को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन दी जा रही है, जिसने लाखों परिवारों को सामाजिक सुरक्षा की नई सीढ़ी दी है।

**बेसहारा और गरीबों के लिए मददगार योगी सरकार:** पिछले साढ़े 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार ने छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से करोडों विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्रदान की है। अनुसूचित जाति वर्ग में पूर्वदशम श्रेणी के 32,49,854 छात्रों को 708.65 करोड रुपये और दशमोत्तर श्रेणी के 88,81,716 छात्रों को 8,370.45 करोड रुपये दिए गए। ओबीसी वर्ग में पूर्वदशम योजना के तहत 63,47,476 छात्रों को 1,300.88 करोड रुपये तथा दशमोत्तर योजना में 1,44,05,981 छात्रों को 12,235.85 करोड रुपये वितरित हुए। छात्रवृत्ति वितरण से स्पष्ट है कि शिक्षा सहायता को पहली बार भेदभावरहित और पारदर्शी ढंग से लागू करते हुए प्रत्येक छात्र को अपनी पढाई जारी रखने के लिए वास्तविक आधार उपलब्ध कराया गया। योगी सरकार में दलितों और वंचितों को पावर सेंटर बनाया जा रहा है। वंचित आज मुख्यधारा में शामिल होकर उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

## 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा उत्तर प्रदेश: योगी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/नई दिल्ली**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत के विजन 2047 को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे अहम है। शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित एक निजी समाचार पत्र के कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत को वर्ष 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य समान गति और संकल्प के साथ आगे बढ़े। मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक विमर्श और जनभागीदारी के आधार पर राज्य का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा जनता दोनों के सुझाव शामिल किए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुसार विकसित भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश को अपनी भूमिका मजबूत करनी होगी। इसके लिए विधानसभा में 27 घंटे तक लगातार चर्चा कराई गई, जिसमें सभी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जनता से भी व्यापक स्तर पर सुझाव मांगे गए और अब तक 98 लाख विचार प्राप्त हुए। इन सुझावों को आधार बनाकर राज्य के 12 प्रमुख सेक्टरों के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का है और राज्य की वर्तमान प्रगति इस दिशा में उत्साहजनक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश' और 'आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को पूरा करेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश के क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रारंभिक दौर में कई उद्यमी उत्तर प्रदेश लौटने से हिचकिचाते थे और राज्य के प्रति नकारात्मक धारणा रखते थे।

योगी ने कहा कि उन्होंने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि नया उत्तर प्रदेश उन्हें अवश्य दिखाई देगा। इसी प्रयास के परिणामस्वरूप रोड शो में ढाई लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए और पहले इन्वेस्टर समिट में यह आंकड़ा बढ़कर लगभग चार लाख पचहत्तर हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 के तीसरे इन्वेस्टर समिट में उत्तर प्रदेश को कुल 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस प्रकार राज्य को अब तक कुल 45 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं जिनमें से 15 लाख करोड़ की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं।

## 91,441 बूथों पर बीएलओ ने किया शत-प्रतिशत कार्य

**पायनियर समाचार सेवा लखनऊ।**

प्रदेश के 34 विधानसभा क्षेत्रों और 91,441 बूथों पर बीएलओ ने शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। अब तक 15.43 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है, जो लगभग 99.93 प्रतिशत है। इनमें से 14.52 करोड़ से अधिक प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूर्ण हो चुका है, जो करीब 94.04 प्रतिशत है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि राज्य में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों में तेज प्रगति दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि बीएलओ को चिन्हित अनुपस्थित, शिफ्टेड और मृत मतदाताओं की दोबारा गहन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। इस प्रक्रिया में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए से पूरा सहयोग लेने पर भी जोर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने बीएलए को सहयोगात्मक भूमिका निभाने के निर्देश दें, जिससे पात्र मतदाताओं के नाम सही ढंग से मतदाता सूची में दर्ज हो सकें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य अंतिम चरण में है और आयोग इसे पारदर्शी तथा त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देना

❖ 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले बकायेदार भी होंगे लाभान्वित

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पहले 31 मार्च के बाद आंशिक भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था, जिससे अनेक उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। विभिन्न जिलों के दौरे और विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री से आग्रह किया कि अप्रैल, मई, जून आदि महीनों में उन्होंने कुछ न कुछ भुगतान अवश्य किया है, किंतु फिर भी उनका काफी बकाया शेष है, इसलिए उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाए। उपभोक्ताओं की इस पीड़ा और वास्तविक स्थिति को समझते हुए ऊर्जा मंत्री ने अत्यंत संवेदनशीलता के साथ अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को योजना के लाभ से वंचित न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देना है, इसलिए भुगतान कर चुके किन्तु अब भी बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिलना चाहिए। ऊर्जा मंत्री के निर्देशों के क्रम में अब 30 नवंबर तक भुगतान करने वाले ऐसे सभी उपभोक्ताओं को भी विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। जनहित में लिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले से प्रदेशभर के उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वास्तव में जनता की परेशानी को समझा और राहत प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया है।

## संविधान को सही तरीके से लागू करे सरकार: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने रविवार को कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने करोड़ों गरीबों, दलितों, शोषितों और वंचितों को सामाजिक न्याय व अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके मिशनरी विचार बहुजन समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि बाबा साहेब ने जीवनभर वंचितों और आमजन के हितों के लिए संघर्ष किया और संविधान के माध्यम से उन्हें अधिकार दिलाए। इसलिए उनके दिखाए मार्ग पर चलना और उनकी नीतियों को ईमानदारी से लागू करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी समर्थकों और श्रद्धालुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि बाबा साहेब का मिशन तभी पूरा होगा जब पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों को न्याय, सुरक्षा और समान अवसर वास्तविक रूप से प्राप्त होंगे।

## सशस्त्र सेनाएं कठिन परिस्थितियों में राहत पहुंचाने का करती हैं कार्य : गोयल

❖ सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव को निदेशक ने प्रतीकात्मक झंडा लगाकर स्मृति चिन्ह किया भेंट

पायनियर समाचार सेवा

**लखनऊ।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के पावन अवसर पर मुख्य सचिव एसपी गोयल को सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के निदेशक ब्रिगेडियर अतुल कुमार एसएम (अ. प्रा.) द्वारा प्रतीकात्मक झंडा लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

उन्होंने कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाओं का साहस, शौर्य, त्याग, बलिदान तथा निःस्वार्थ भाव से सेवा करने का स्वर्णिम इतिहास रहा है। सशस्त्र सेनाएं कठिन परिस्थितियों और दुर्गम स्थानों पर न केवल राष्ट्र की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखण्डता को बनाए रखने, अपितु देश की आन्तरिक कठिनाइयों व दैवीय आपदाओं के समय लोगों की जीवन रक्षा करने तथा उन्हें राहत पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न करती हैं।

## दलित व पिछड़े वर्ग के लिए संगठन आर-पार की करेगा लड़ाई



❖ यूपी पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यसमिति के पदाधिकारियों ने बैठक

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

यूपी पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यसमिति की एक आवश्यक बैठक रविवार फील्ड हॉस्टल कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बिजली निगम में दलित एवं पिछड़े वर्ग के अभियंताओं के साथ हो रही लगातार उत्पीड़नात्मक और भेदभावपूर्ण कार्यवाहियों के विरोध में संगठन आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। एसोसिएशन ने कहा कि वर्तमान चुनी हुई सरकार में दलित अभियंताओं को न्याय केवल उच्च न्यायालय से ही मिल पाता है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। इसलिए सरकार से मांग की गई कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। संगठन ने अपने सभी सदस्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभागों में हो रही दुर्भावनापूर्ण कार्यवाहियों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। इन सभी रिपोर्टों को एकत्रित कर एसोसिएशन मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री से समय लेकर विस्तृत रूप से अवगत कराएगा कि बिजली कंपनियों में दलित अभियंताओं के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्यवाही हो रही है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। एसोसिएशन ने स्पष्ट कहा कि दलित अभियंताओं के उत्पीड़न के कई मामलों से यह साबित होता है कि दलित अभियंताओं के खिलाफ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' से आगरा मंडल में जबरदस्त सफलता

पायनियर समाचार सेवा

लखनऊ/आगरा। योगी सरकार की हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की नीति उत्तर प्रदेश को विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भर बना रही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। केंद्र की 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' को आगरा मंडल में जबरदस्त सफलता मिली है। यहां 82 हजार से अधिक लोगों ने सौर ऊर्जा से अपने घर और प्रतिष्ठान रोशन करने के लिए आवेदन किया है, जिससे ब्रज क्षेत्र ग्रीन एनर्जी की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

यूपी नेडा परियोजना अधिकारी (अतिरिक्त प्रभार) खगेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्रोत्साहन नीतियों और पीएम सूर्य घर योजना के कारण सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है। आगरा मंडल में अब तक 82759 लोगों ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आवेदन किया है। जिसमें आगरा जनपद से 30502 आवेदन प्राप्त हुए है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली प्रदान कर रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देते हुए पर्यावरण और रोजगार दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना से आगरा मंडल में अब तक 3200 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 'सूर्य मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यूपी नेडा द्वारा युवाओं को सोलर पैनल लगाने और रखरखाव का मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाता है।

## पिछले 4 वर्षों में काशी में 26 करोड़ श्रद्धालुओं और पर्यटकों का हुआ आगमन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि 'काशी तमिल संगमम' का आयोजन प्रधानमंत्री की सोच है। प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर एवं दक्षिण भारत की सांस्कृतिक आदान-प्रदान की परंपरा को 'काशी तमिल संगमम' के माध्यम से पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा काशी के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं और इसी का परिणाम है कि पिछले 4 वर्षों में काशी में लगभग 26 करोड़ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आगमन हुआ, जो की वाराणसी के सांस्कृतिक आकर्षण को दर्शाता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं वाराणसी के मंडलायुक्त राजलिंगम ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 'काशी तमिल संगमम' का आयोजन उत्तर एवं दक्षिण भारत की संस्कृत आदान-प्रदान परंपरा की परंपरा को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता को भी बल प्रदान करती है।

मंडलायुक्त ने कहा कि यह काशी एवं रामेश्वरम का आकर्षण ही है कि उत्तर भारत के लोगों को दक्षिण भारत एवं दक्षिण भारत के लोगों को उत्तर भारत की यात्रा के लिये प्रोत्साहित करती है। मंडलायुक्त ने कहा कि उत्तर एवं दक्षिण भारत के बीच यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान सदियों पुराना है और 'काशी तमिल संगमम' के माध्यम से यह एक नये रूप में दिख रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर प्रभाकर सिंह ने कहा काशी तमिल संगमम के आयोजन से दोनों स्थानों के लोगों को एक दूसरे के महान विभूतियों जिनका राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है तथा यह हमारी सांस्कृतिक एकता को बल प्रदान करता है।

मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुये काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जिसके चलते इसकी जिम्मेदारियां भी एक सजग प्रहरी के रूप में है।कार्यशाला में बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक मनोज कुमार बख्शी द्वारा भी भागीदारी की गई।

## स्टेट बैंक एससी-एसटी एसो. के चुनाव संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

भारतीय स्टेट बैंक अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ, लखनऊ पूरब तथा पश्चिम अंचल का त्रैवार्षिक चुनाव, मण्डल महामंत्री-आशा राम की निगरानी में, चुनाव अधिकारी रतन कुमार (सेनि), कौशलेन्द्र कुमार (सेनि) तथा राजेंद्र प्रसाद (सेनि) द्वारा संपन्न कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में लखनऊ अंचल पूरब तथा पश्चिम के सभी जिलो अयोध्या, गोंडा, बाराबंकी, सीतापुर, लखीमपुर, शाहजहांपुर, बलरामपुर, बहराइच एवं लखनऊ से आए सभी सदस्यों ने अपने-अपने जिला कमेटी का गठन कर, अंचल कमेटी का गठन किया। जिसमें लखनऊ अंचल (पश्चिम) से गौरव कुमार सिंह को अध्यक्ष, विवेक कुमार को उपमहासचिव एवं लखनऊ अंचल (पूरब) से अशोक कुमार को अध्यक्ष एवं राहुल कुमार सिंह को उप महासचिव एवं अन्य पदाधिकारी को सर्वसम्मति से चुना गया।

## टैलेंट हंट में युवा प्रतिभाओं ने जीता दिल

❖ 23 दिसम्बर को होगा ग्रैंड फिनाले

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**




उत्तर प्रदेश के युवा कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने के उद्देश्य से ''उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट अकादमी'' द्वारा ''मिस एंड मिस्टर उत्तर प्रदेश-2025-26'' टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में रविवार 7 दिसम्बर को गोमती नगर विभूति खंड स्थित होटल सेवी ग्रैंड में टैलेंट हंट का आयोजन किया गया। इसमें लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रभावी प्रदर्शन कर अपनी प्रबल दावेदारी पेश की। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 23 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिल्म जगत की प्रतिष्ठित हस्तियाँ राजकुमार संतोषी, अनिल शर्मा, राहुल रॉय, सुरेंद्र पाल, अली खान, हेमंत बिरजे, उर्वशी सोलंकी, शुभी जोशी और संजय गगनानी की उपस्थिति प्रस्तावित है। रविवार को हुई प्रतिस्पर्धा के निर्णायक मंडल में अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर निधि खन्ना, कोरियोग्राफर दीप सच्चर, निहिल श्रीवास्तव, मिस उत्तर प्रदेश तनिष्क शर्मा, प्रभाती पांडे, वैष्णवी दुबे, अभिनेता पुष्पेंद्र सक्सेना तथा अजीम खान, अज़हर मिर्ज़ा उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल ने सुयोग्य प्रतिभागियों का चयन अपनी अपनी कसौटी पर किया। मिस एंड मिस्टर उत्तर प्रदेश के टैलेंट हंट राउंड में दीपांजलि त्रिपाठी ने सेमी क्लासिकल गाने पर सुंदर डांस किया वहीं अभिमन्यु राज ने अपनी गायकी से मशहूर गायक राहत फतेह अली के सूफियाना अंदाज को पेश किया।

## यहियागंज गुरूद्वारे का दो करोड़ से किया जाएगा कायाकल्प: जयवीर

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

पर्यटन विभाग राजधानी लखनऊ स्थित ऐतिहासिक यहियागंज गुरुद्वारे का पर्यटन विकास करने जा रहा है। गुरुद्वारे के ऐतिहासिक महत्व, सामुदायिक आस्था और शहर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन विकास पर 2 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर और दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की स्मृतियों से जुड़े गुरुद्वारे का पर्यटन विकास हमारी प्राथमिकता है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार सभी धर्मों की आस्था का समान रूप से सम्मान करती है।

## राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में सम्पन्न हुई 33वीं द्विवर्षीय कॉन्फ्रेंस

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में 5 से 7 दिसंबर तक '33वीं बायनयल कॉन्फ्रेंस' (द्विवर्षीय कॉन्फ्रेंस) आयोजित की गयी, जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार जीओसी-इन-सी पश्चिमी कमान और कर्नल ऑफ द राजपूत रेजिमेंट, वरिष्ठ सेवारत एवं सेवानिवृत अधिकारी, सभी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर्स और सूबेदार मेजर सम्मिलित हुए क इस अवसर पर सभी पदों ने रेजिमेंट के महत्वपूर्ण सामरिक विषयों पर चर्चा की। शनिवार को एक भव्य एवं गरिमामयी सैन्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी वरिष्ठ सैन्य पदों ने करियप्पा वार मेमोरियल पर पहुंचकर अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। जिसने वातावरण को भावनात्मक और गौरवपूर्ण बना दिया। पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत विशेष सैनिक सम्मलेन का आयोजन हुआ जहां लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार जी ओ सी-इन-सी पश्चिमी कमान और कर्नल ऑफ द रेजिमेंट द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही कमांडांट, आर्मी वार कॉलेज, महू को 'बैटन' सौंपकर 'कर्नल ऑफ द राजपूत रेजिमेंट' के अतिप्रतिष्ठित पद का औपचारिक हस्तांतरण सम्पन्न किया गया। नव नियुक्त 19वें कर्नल ऑफ़ द रेजिमेंट ने भूतपूर्व 18वें कर्नल ऑफ़ द रेजिमेंट को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान स्वरुप उन्हें स्क्राल भेंट की।

## मीटर स्मार्ट है लेकिन अभी तक कॉमिक स्मार्ट नहीं : उपभोक्ता परिषद

❖ अबतक प्रदेश में 4702 उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोल से मैन्युअली काटे गए

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



यूपी में अब तक लगभग 53 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। यह मीटर पूरी तरह ऑटोमेटिक प्रणाली पर कार्य करते हैं, जिनमें उपभोक्ता के खाते में शेष राशि कम होने या बकाया होने पर बिजली सप्लाई स्वतः ही ऑनलाइन कट जाती है और रिचार्ज होने पर स्वयं जुड़ भी जाती है। लेकिन कुछ खंडों में अभी भी अभियंताओं को पुरानी आदत पड़ी है कि बकाए पर कनेक्शन सीढ़ी से कटता है तो स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं के यहां भी सीढ़ी लेकर पहुंच गए मीटर स्मार्ट है लेकिन अभी तक कॉमिक स्मार्ट नही।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बिजली कंपनियों में जानकारी चौंकाने वाली रही कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बावजूद प्रदेश में 4702 उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोल से मैन्युअली काटे गए। यह वही पुरानी व्यवस्था है जिसमें बिजली कर्मचारी सीढ़ी लेकर पोल पर चढ़कर कनेक्शन काटते थे। जब यह मामला विद्युत निगम के आला अधिकारियों के संज्ञान में आया तो उन्होंने सभी अभियंताओं और कर्मचारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में किसी भी प्रकार का पोल से कनेक्शन काटना पूर्णतः अनुचित और गैर-जरूरी है, क्योंकि यह सिस्टम पूरी तरह डिजिटल है और कनेक्शन स्वतः ही ऑनलाइन कटता है।

मामला बढ़ने पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (तकनीकी) को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने एक स्पष्ट व सख्त आदेश जारी किया। जिसमें उन्होंने यह कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं का कनेक्शन किसी भी परिस्थिति में पोल से नहीं काटा जाएगा। किसी भी मैन्युअल हस्तक्षेप–जैसे पोल से लाइन उतारना या डिस्कनेक्ट करना–पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाता है। स्मार्ट मीटर से जुड़े सभी डिस्कनेक्शन-रिकनेक्शन केवल ऑटोमेटिक ऑनलाइन प्रणाली से ही होंगे। अभियंताओं और फील्ड स्टाफ के लिए स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम पर विशेष प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाये।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 8 दिसंबर 2025



# राजनाथ ने 125 बीआरओ परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं

भाषा। लेह

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की हाल में पूर्ण हुई 125 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और इन्हें भारत के सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक 'प्रभावी उदाहरण' बताया।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इन परियोजनाओं का निर्माण 5,000 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और ये परियोजनाएं लद्दाख और जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेशों तथा अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम सहित सात राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और चार अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।



यह आयोजन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के इतिहास में एक ही दिन में किए गए सबसे बड़े और सर्वाधिक मूल्य वाले उद्घाटन का प्रतीक बना। लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने लेह पहुंचने पर रक्षा मंत्री का स्वागत किया और उद्घाटन समारोह में उनके साथ शामिल हुए। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि हमारे सैनिकों का शौर्य और पराक्रम अपने आप में हमारे लिए प्रेरणा है। ये बुनियादी ढांचा परियोजनाएं उन वीरों को राष्ट्र की श्रद्धांजलि हैं, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती सड़कें राष्ट्रीय सुरक्षा की जीवन रेखा हैं और बेहतर संपर्क का परिचालन तत्परता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि उन्नत सड़क नेटवर्क, वास्तविक समय संचार प्रणाली और उपग्रह आधारित निगरानी अब भारतीय सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों में अधिक गति और सटीकता के साथ काम करने में सक्षम बना रही है।

सिंह ने परियोजनाओं को लगातार समय से पहले पूरा करने और सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप नयी तकनीकों को अपनाने के लिए बीआरओ की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत सीमा संपर्क ना केवल सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को भी स्थिर करता है, आपदा प्रतिक्रिया को बढ़ाता है - जैसा कि जम्मू कश्मीर के चासोई में बादल फटने के बाद बचाव कार्यों के दौरान देखा गया। उन्होंने कहा कि सड़ी हीं यह और दूरदराज के क्षेत्रों में शासन में लोगों का विश्वास मजबूत करता है। सिंह ने कहा कि हमारे सशस्त्र बल, बीआरओ कर्मी और सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिक मिलकर राष्ट्रीय सुरक्षा का सामूहिक कवच बनाते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि उनके बीच का यह बंधन निरंतर बढ़ता रहे। रक्षा मंत्री ने रेखांकित किया कि लद्दाख में दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर निर्मित 920 मीटर लंबी श्योक सुरंग एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जो दुनिया के सबसे दुर्गम सैन्य इलाकों में से एक को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सुरंग विशेष रूप से भारी बर्फबारी और हिमस्खलन से प्रभावित कठोर सर्दियों के दौरान गतिशीलता, रसद वितरण और त्वरित तैनाती क्षमता को तेजी से बढ़ाएगी।

# इंडिगो के बोर्ड ने संकट प्रबंधन समूह का किया गठन

❖ हालात की नियमित निगरानी जारी: एयरलाइन

भाषा। मुंबई

> एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन की उड़ान बाधाओं के मामले में प्राधिकरण जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई करेंगे।

इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के बोर्ड ने एक संकट प्रबंधन समूह (सीएमजी) का गठन किया है, जो हालात की निगरानी के लिए नियमित रूप से बैठक कर रहा है। एयरलाइन ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

इसमें कहा गया कि कंपनी का निदेशक मंडल ग्राहकों को हो रही परेशानियों का समाधान करने और यात्रियों को रिफंड सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। एक दिन पहले इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ इसिड्रो पोरकेरस को नागर विमानन विभाग (डीसीए) ने नोटिस जारी कर बड़े पैमाने पर उड़ान बाधाओं को लेकर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा था। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शनिवार को कहा कि एयरलाइन की उड़ान बाधाओं के मामले में प्राधिकरण जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई करेंगे। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो) के निदेशक मंडल की बैठक उसी दिन हुई, जिस दिन रद्दीकरण और विलंबित उड़ानों की समस्या सामने आई। सदस्यों को प्रबंधन की ओर से संकट की प्रकृति और दायरे पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस बैठक के बाद बोर्ड ने संकट प्रबंधन समूह (सीएमजी) गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता, निदेशक मंडल के सदस्य ग्रेग सारेट्स्की, माइक व्हिटेकर और अमिताभ कांत, तथा सीईओ पीटर एल्बर्स सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

## अगवा किए गए व्यवसायी को केरल के पलक्कड़ में एक खाली घर से छुड़ाया गया

भाषा। पलक्कड़ (केरल)

बंदूक का भय दिखाकर कथित तौर पर अगवा किए गए एक व्यापारी को रविवार को यहां एक खाली घर में पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, मोहम्मद अली को शनिवार रात एक अज्ञात समूह ने उस समय अगवा कर लिया, जब वह अपनी लग्जरी कार में सवार होकर मलपुरम के वंदूर से कोच्चि हवाई अड्डे के लिए जा रहे थे।

चालिस्सेरी पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, चार नकाबपोश बदमाशों ने शोरानूर के पास दुबीर रोड पर अली की कार को रोक लिया।

## उपराज्यपाल ने बीआरओ की 22 परियोजनाओं को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा, विकास के लिए अहम बताया

भाषा। जम्मू

जम्मू-कश्मीर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 22 परियोजनाओं के उद्घाटन को लेकर रविवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया और इन परियोजनाओं को क्षेत्र की सुरक्षा एवं विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

ये 22 परियोजनाएं देश के विभिन्न हिस्सों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पूरी की गई 125 परियोजनाओं में शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने लद्दाख के लेह जिले की अपनी यात्रा के दौरान इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ) विजय कुमार सिंह, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और जितेंद्र सिंह तथा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी डिजिटल माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता, सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा, बीआरओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन और 14वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा बीआरओ के कर्मी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



उद्घाटन की गई परियोजनाएं जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम में हैं, जिनमें 28 सड़कें, 93 पुल और लद्दाख में दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर श्योक सुरंग शामिल हैं।

## चीनी सैन्य विमान ने जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' किया

एपी। तोक्यो

चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है।

'रडार लॉक' का मतलब होता है- किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो बार अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में लगभग तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया।

मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर 'रडार लॉक' किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ प्रतिक्रिया दी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि 'रडार लॉक' करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं।

## इंडिगो: भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन लड़खड़ा गई



भाषा। नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने अपने अब तक के सबसे बड़े परिचालन संकट के कारण सैकड़ों उड़ानों को रद्द कर दिया। नए नियमों के तहत पायलटों की ड्यूटी समय सीमा में बदलाव और इंडिगो के 'लीन-स्टाफिंग' मॉडल ने मिलकर संकट को जन्म दिया।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ान ड्यूटी समय-सीमा (एफडीटीएल) नियमों में बदलाव किए। नए नियमों के तहत पायलटों का साप्ताहिक आराम 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे किया गया, रात में उड़ानों की संख्या सीमित की गई, और लगातार रात की ड्यूटी को केवल दो तक सीमित किया गया। इससे प्रत्येक पायलट द्वारा संचालित उड़ानों की संख्या में काफी कमी आई। इंडिगो ने अपने एयरबस ए320 बेड़े के लिए 2,422 कप्तानों की आवश्यकता बताई थी, लेकिन केवल 2,357 कप्तान उपलब्ध थे और 'फर्स्ट ऑफिसर्स' में भी कमी थी। इसके साथ ही एयरलाइन का उच्च विमान उपयोग और रात की उड़ानों पर निर्भरता वाला मॉडल काम नहीं आया, जिसके कारण दो दिसंबर से बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द होने लगीं। रविवार को 2,300 में 650 उड़ानें रद्द की गईं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों की लंबी कतारें, खोया हुआ सामान और परेशान यात्री देखने को मिले। कई यात्रियों की महत्वपूर्ण बैठकें, साक्षात्कार और शादी समारोह छूट गए। इंडिगो ने तीन दिसंबर को समस्याओं की पुष्टि की और इसके लिए तकनीकी गड़बड़ी, मौसम, सर्दियों का शेड्यूल और नए क्रू नियमों को जिम्मेदार ठहराया। एयरलाइन ने यात्रियों को पूरा रिफंड, शुल्क माफ करने और वैकल्पिक व्यवस्था की पेशकश की।

इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यात्रियों से माफी मांगी और 10-15 दिसंबर तक पूर्ण परिचालन बहाल करने का वादा किया। डीजीसीए ने पांच दिसंबर को इंडिगो के ए320 बेड़े को रात की उड़ानों और लैंडिंग में अस्थायी छूट दी, जबकि औपचारिक जांच भी शुरू की। डीजीसीए ने एयरलाइन को पायलट ड्यूटी और कर्मचारी व्यवस्थापन में सुधार पर रिपोर्ट देने को कहा। संकट के कारण घरेलू हवाई किराए में वृद्धि हुई। उदाहरण के लिए, दिल्ली-बेंगलुरु उड़ान के लिए सबसे सस्ता किराया 40,000 रुपये से ऊपर चला गया। सरकार ने छह दिसंबर को सभी एयरलाइन के लिए किराए की सीमा तय कर दी।

# जलवायु दबाव बढ़ने के कारण कोर्टेवा ने भारत में जैविक गतिविधियों को तेज किया

❖ किसानों को सबसे ज्यादा जरूरत जैव-नियंत्रण की है। अभी तक किसी ने भी इसे बड़े पैमाने पर हल नहीं किया है: कनिंघम

भाषा। हैदराबाद



अमेरिका की कृषि क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कोर्टेवा एग्रीसाइंस भारत में अपने जैविक उत्पादों के विस्तार में तेजी ला रही है और जैव-नियंत्रण तथा जैव-उत्तेजक पर विशेष ध्यान दे रही है। कंपनी की एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। बढ़ते जलवायु दबाव और कीट-प्रतिरोध की चुनौतियों के बीच प्राकृतिक फसल-सुरक्षा समाधान तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। कोर्टेवा की एशिया-प्रशांत अध्यक्ष ब्रूक कनिंघम ने अपनी भारत यात्रा के दौरान 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि प्राकृतिक खेती और जीन-संपादन प्रौद्योगिकियों को मिल रहे सरकार के समर्थन के कारण कंपनी भारत को जैविक उत्पादों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बाजार मानती है।

कनिंघम ने कहा कि किसानों को सबसे ज्यादा जरूरत जैव-नियंत्रण की है। अभी तक किसी ने भी इसे बड़े पैमाने पर हल नहीं किया है। उन्होंने बताया कि कंपनी सूक्ष्मजीवीय समाधानों में भारी निवेश कर रही है, जो या तो कीटों पर सीधा हमला करते हैं या पौधों की रक्षा-क्षमता को बढ़ाते हैं। जैविक उत्पादों की ओर बदलाव जलवायु परिवर्तन के कारण और तेज हो रहा है, क्योंकि इससे कीटों का फैलाव तेज हो रहा है तथा सूखा, बाढ़ और गर्मी से पौधों पर तनाव बढ़ रहा है। जैव-उत्तेजक अब भारतीय किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण उपकरण बनकर उभर रहे हैं। कनिंघम ने कहा कि यह रसायनों का विकल्प नहीं, बल्कि एकीकृत कीट प्रबंधन है।

उन्होंने बताया कि रासायनिक समाधान अभी भी फलों में 80 प्रतिशत और सब्जियों में 50 प्रतिशत नुकसान रोकते हैं। कंपनी जैविक उत्पादों को पारंपरिक फसल सुरक्षा का पूरक मानती है, जो कीट-प्रतिरोध और पर्यावरणीय स्थिरता की दोहरी चुनौतियों का समाधान करते हैं।

भारत में, जहां किसान वैश्विक कृषि भूमि के केवल 2.4 प्रतिशत हिस्से पर 1.4 अरब लोगों को भोजन उपलब्ध कराते हैं, जैविक उत्पाद खाद्य सुरक्षा और नियत लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक माने जा रहे हैं। हालांकि ब्राजील अभी कीटों के भारी दबाव के कारण जैविक उत्पाद अपनाने में सबसे आगे है, लेकिन भारत में अनूठे अवसर मौजूद हैं। सरकार का प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और जीन-संपादन तकनीकों का समर्थन देश को बीज, फसल संरक्षण तथा जैविक उत्पादों में अत्याधुनिक नवाचार लागू करने की स्थिति में ला रहा है। कनिंघम ने कहा कि भारत उस निर्णायक मोड़ पर खड़ा है जहां से वह दुनिया को भोजन और ईंधन दोनों मुहैया करा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि देश के 15 करोड़ छोटे किसान, जिनमें अधिकांश के पास दो हेक्टेयर से कम जमीन है, जैविक समाधानों से काफी लाभ उठा सकते हैं।

इन समाधानों से 0.3 हेक्टेयर वाले किसानों की उपज औसतन 15-20 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। भारत कोर्टेवा का एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ा बीज बाजार है और यह क्षेत्र कंपनी के वैश्विक राजस्व का लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है। अनुसंधान एवं विकास तथा साझेदारियों के बारे में कनिंघम ने कहा कि कोर्टेवा अपनी आय का आठ प्रतिशत फसल संरक्षण और बीज क्षेत्र में अनुसंधान पर पुनः निवेश करती है, जो सालाना लगभग 1.4 अरब डॉलर है। कंपनी नई जैविक तकनीकों को तेजी से और कम लागत में विकसित करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर रही है। कनिंघम ने कहा कि हमारे पास एक अरब डॉलर से अधिक का अनुसंधान बजट होने के बावजूद हम अकेले नवाचार नहीं कर सकते। इसलिए हम स्थानीय नवप्रवर्तकों के साथ साझेदारी कर रहे हैं।

## रोजगारपरक व नवाचार उन्मुख शिक्षा को जनांदोलन का रूप देने की आवश्यकता: शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

भाषा। भोपाल

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मध्यप्रदेश को वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक शिक्षा का 'सदियों पुराना केंद्र' करार देते हुए रविवार को कहा कि अब समय है कि भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली को कृत्रिम मेधा (एआई) से जोड़कर विश्व के सामने पेश किया जाए ताकि यहां की समृद्ध संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिले।

प्रधान मध्यप्रदेश में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 क्रियान्वयन, चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने मैकाले द्वारा स्थापित शिक्षा व्यवस्था में भारतीयता को स्थापित करने को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य बताया और रोजगारपरक व नवाचार उन्मुख शिक्षा को जनांदोलन का रूप देने की आवश्यकता पर बल दिया।



शिक्षा को प्राथमिकता का विषय बनाने के लिए राज्य शासन का आभार जताते हुए उन्होंने कहा, "मध्यप्रदेश ने संस्कृति, धर्म और ज्ञान परंपरा की निरंतरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वैज्ञानिकता, दार्शनिक स्पष्टता और अध्यात्मिकता का पुट भारतीय शिक्षा व्यवस्था का आधार रहा है।

उन्होंने प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में 'न्यू एज स्किल' जैसे क्वान्टम कम्प्यूटिंग और एआई के विस्तार की भी आवश्यकता बताई। प्रधान ने विद्यार्थियों के निरंतर अध्ययनरत रहने, शोध को स्थानीय आवश्यकताओं से जोड़ने, शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन में समाज की भागीदारी बढ़ाने और शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाने पर भी जोर दिया।

# एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर पर एस्केलेटर के सुरक्षित उपयोग के लिए अभियान शुरू किया

भाषा। नई दिल्ली

तीव्र गति नमो भारत कॉरिडोर पर यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने अपने स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियों (एस्केलेटर) के सुरक्षित उपयोग पर एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

इस पहल के तहत एनसीआरटीसी और इसके संचालन तथा रखरखाव साझेदार, डीबी आरआरटीएस इंडिया की टीम ने कई नमो भारत स्टेशनों पर और ट्रेन में सवार यात्रियों के साथ बातचीत की, ताकि बुनियादी एस्केलेटर सुरक्षा नियमों और जिम्मेदार यात्रा व्यवहार के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। एक बयान के अनुसार पहले चरण में इस अभियान की अधिकतम पहुंच के लिए आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ दक्षिण समेत अधिक भीड़भाड़ वाले स्टेशनों को शामिल किया गया। बातचीत के दौरान यात्रियों को परामर्श दिया गया कि वे एस्केलेटर का उपयोग करते समय रेलिंग को पकड़ें, जल्दबाजी से बचें, मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा भारी सामान ले जाते समय लिफ्ट का इस्तेमाल करें।




इसमें कहा गया है कि उन्हें आपातकालीन स्टॉप बटन के स्थान और उनके उचित उपयोग के बारे में भी बताया गया। स्टेशन परिसर में प्रमुख सुरक्षा संदेशों वाले बैनर और पोस्टर प्रमुखता से प्रदर्शित किये गये। बयान के अनुसार बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया तथा कर्मचारियों ने बच्चों के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक किया, जैसे कि बच्चों के हाथों को मजबूती से पकड़ना, उन्हें किनारों से दूर रखना तथा उन्हें एस्केलेटर पर दौड़ने या खेलने से रोकना।

एनसीआरटीसी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस तरह के जागरूकता अभियान सुरक्षित यात्रा की संस्कृति को मजबूत करने और सभी नमो भारत उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसने कहा कि सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए, सभी नमो भारत स्टेशनों और रेलगाड़ियों को चौबीसों घंटे सीसीटीवी निगरानी से सुसज्जित किया गया है, जिसकी निगरानी एक केंद्रीय सुरक्षा नियंत्रण केंद्र से की जाती है।

इसके अनुसार प्रत्येक स्टेशन में स्थानीय प्राधिकारियों के साथ त्वरित समन्वय के लिए एक समर्पित पुलिस कक्ष भी है, जबकि प्रवेश बिंदुओं पर यात्रियों की जांच 'मल्टी-जोन डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर' (डीएफएमडी) के माध्यम से की जाती है। बयान में कहा गया है कि वर्तमान में, 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का न्यू अशोक नगर और मेरठ साउथ के बीच 55 किलोमीटर लंबा हिस्सा, जिसमें 11 स्टेशन शामिल हैं, संचालित है। इसमें कहा गया है कि शेष खंड को जल्द ही जनता के लिए खोल दिए जाने की उम्मीद है।

## पंजाब में सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़: डीजीपी

भाषा। चंडीगढ़

पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।



पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पांच पिस्तौल बरामद की गई हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी अपने वांछित सहयोगी सैफली सिंह के साथ मिलकर पाकिस्तान स्थित एक आका के निर्देश पर हथियारों की खेप प्राप्त कर रहा था और पंजाब में अपराधियों और गैंगस्टर को इनकी आपूर्ति कर रहा था।

अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। डीजीपी ने कहा कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच जारी है।

### हरियाणा बास्केटबॉल कोर्ट हादसा

## मृत खिलाड़ी के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की

भाषा। चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने पिछले महीने रोहतक जिले में अभ्यास के दौरान बास्केटबॉल 'हूप' का लोहे का खंभा गिरने से जान गंवाने वाले नाबालिग बास्केटबॉल खिलाड़ी के परिवार की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

रोहतक के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले हार्दिक राठी के परिवार ने शनिवार को शिकायत दर्ज कराई। लाखनमाजरा के एसएचओ समरजीत सिंह ने कहा कि उसके (पीड़ित के) पिता ने शनिवार को शिकायत दर्ज कराई और उसके आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106 (लापरवाही से मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत में उन सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है जिनकी लापरवाही के कारण यह घटना हुई। पिछले महीने हरियाणा में हार्दिक और एक अन्य नाबालिग खिलाड़ी की इसी तरह की दुर्घटना में मौत हो गई थी, जब अभ्यास के दौरान कोर्ट पर 'हूप' का लोहे का खंभा टूट गया था। रोहतक और झज्जर जिलों में हुई दोहरी घटनाओं ने राज्य के खेल बुनियादी ढांचे को जांच के दायरे में ला दिया है। रोहतक में 16 वर्षीय हार्दिक की मौत हो गई, जबकि बहादुरगढ़ में घायल 15 वर्षीय अमन ने पीजीआईएमएस रोहतक में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। हार्दिक के पिता संदीप राठी ने हाल में रोहतक में संवाददाताओं से कहा कि हमने अपने गांव के खेल के मैदान की हालत के बारे में बार-बार शिकायत की, लेकिन प्रशासन ने इस बारे में कुछ नहीं किया। अगर उन्होंने समय रहते कार्रवाई की होती, तो मेरे बच्चे की जान नहीं जाती।



फाइल फोटो

## श्रीनगर में मादक पदार्थ तस्कर का मकान कुर्क

भाषा। श्रीनगर

पुलिस ने रविवार को शहर के नटिपोरा इलाके में मादक पदार्थों के एक तस्कर का मकान कुर्क कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कुर्क किया गया यह मकान जाविद अहमद गनी के नाम पर पंजीकृत है।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने मादक पदार्थ पर रोकथाम से संबंधित 'एनडीपीएस' कानून के प्रावधानों के तहत लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य का दो मंजिला आवासीय मकान कुर्क किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी के कई मामलों में पहले भी संलिप्त रहा है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान, यह निर्णायक रूप से स्थापित हो गया कि संपत्ति अवैध नशीले पदार्थों के व्यापार से अर्जित की गई थी।

प्रवक्ता ने बताया कि जांच के आधार पर, सक्षम प्राधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68-एफ के तहत मकान को कुर्क करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि चानापोरा के मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में, उचित कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कुर्की की कार्रवाई की गई।

# मंधाना और पलाश ने खत्म किया रिश्ता...बोले-निजी जीवन का सम्मान करें

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को घोषणा की कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है तथा उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से अटकलों पर विराम लगाने का आग्रह किया, जबकि संगीतकार पलाश मुछाल ने पुष्टि की कि उन्होंने रिश्ते से आगे बढ़ने का फैसला किया है। मुछाल ने अपमानजनक अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

भारत की सबसे प्रमुख महिला क्रिकेटरों में से एक मंधाना ने पिछले महीने अपनी निजी जिंदगी को लेकर अफवाहें तेज होने के बाद सोशल मीडिया पर अपना पहला सार्वजनिक बयान जारी किया। मंधाना ने लिखा, मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा करने का अनुरोध करती हूं। मंधाना की 23 नवंबर को मुछाल से शादी होने वाली थी, लेकिन इस स्टार क्रिकेटर के पिता श्रीनिवास को दिल से जुड़ी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था जिसके कारण शादी स्थगित कर दी गई थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, पिछले कुछ सप्ताह से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर अपनी बात रखना महत्वपूर्ण है। खुद को एक बेहद निजी इंसान करार देते हुए मंधाना ने कहा कि चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत के कारण उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने प्रशंसकों और जनता से अनुरोध किया कि वे दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें और उन्हें इससे निपटने और आगे बढ़ने के लिए जगह दें।भारत के आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र की तैयारी कर रही मंधाना ने कहा कि उनका ध्यान पूरी तरह से क्रिकेट पर है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हम सभी के जीवन में एक बड़ा उद्देश्य होता है और मेरे लिए वह उद्देश्य हमेशा अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करना रहा है। मुझे उम्मीद है कि मैं यथासंभव लंबे समय तक भारत के लिए खेलती रहूंगी और ट्राफियां जीतती रहूंगी। मंधाना की पोस्ट के तुरंत बाद पलाश मुछाल ने भी बयान जारी किया, जिसमें पुष्टि की गई कि उन्होंने आगे बढ़ने का फैसला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा को आधारहीन करार देते हुए इस पर दुख भी व्यक्त किया।मुछाल ने कहा,मैंने अपने जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है। मेरे लिए यह देखना बहुत मुश्किल रहा है कि जो चीज मेरे लिए सबसे पवित्र है उसको लेकर लोग निराधार अफवाहों पर इतनी सहजता से प्रतिक्रिया दे रहे हैं।उन्होंने लिखा,यह मेरे जीवन का सबसे मुश्किल दौर है और मैं अपने विश्वास पर कायम रहते हुए इसका सामना करूंगा। मुछाल ने लोगों से आग्रह किया कि वे असत्यापित दावों को बढ़ावा देने से पहले विचार करें। उन्होंने कहा,मैं वास्तव में उम्मीद कर रहा हूं कि एक समाज के तौर पर हम बिना पुष्टि की गई बिना किसी स्रोत वाली अफवाहों के आधार पर किसी के बारे में राय बनाने से पहले रुकना सीखेंगे। हमारे शब्द हमें ऐसे ज़ख्म दे सकते हैं जिन्हें हम कभी समझ ही नहीं पाएंगे। मुछाल ने यह भी कहा कि उनकी टीम अपमानजनक सामग्री फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, मेरी टीम झूठी और अपमानजनक सामग्री फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। मुछाल ने इस दौरान उनका समर्थन करने वाले लोगों का भी आभार व्यक्त किया।पलाश की बहन और गायिका पलक ने कुछ दिन पहले इस मुद्दे पर बात की थी जिसके बाद अब मंधाना का बयान सामने आया है।उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि दोनों परिवारों ने बहुत मुश्किल समय का सामना किया है। जैसा आपने अभी कहा, मैं बस यही दोहराना चाहती हूं कि हम इस समय सकारात्मक होकर आगे बढ़ना चाहते हैं।हम जितना हो सके उतना सकारात्मक बने रहना चाहते हैं। हम मजबूत बने रहने की भी कोशिश कर रहे हैं। यह दोनों बयान इस विषय को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं और और असत्यापित रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आए हैं। यही वजह थी कि उन्हें अटकलों पर विराम लगाने के लिए आगे आना पड़ा है। पिछले लगभग एक दशक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य सदस्य रही 28 वर्षीय मंधाना बेहतरीन बल्लेबाज हैं और खेल के प्रत्येक प्रारूप में उनकी बल्लेबाजी काफी मायने रखती है। भारतीय महिला टीम का 2026 का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और बाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने दोहराया कि उनकी पेशेवर प्रतिबद्धताएं उनके लिए प्राथमिकता बनी रहेंगी।

> पिछले कुछ हफ्तों से मेरी जिंदगी को लेकर कई तरह की बातें कही जा रही हैं। मैं बहुत निजी स्वभाव की हूं और अपनी प्राइवेट लाइफ को निजी ही रखना चाहती हूं, लेकिन अब यह बताना जरूरी है कि शादी अब रद्द हो चुकी ह। मैं चाहती हूं कि यह मामला यहीं खत्म हो जाए। आप सभी से निवेदन है कि दोनों परिवारों की प्राइवेसी का सम्मान करें और हमें समय दें, ताकि हम इस परिस्थिति से निकल सकें और आगे बढ़ सकें।
> **स्मृति मंधाना, महिला क्रिकेटर**



> मैंने अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और अपने निजी रिश्ते से पीछे हटने का फैसला किया है। लोगों को बिना वजह और बिना किसी आधार वाली अफवाहों पर इतनी जल्दी प्रतिक्रिया देते हुए देखना मेरे लिए बहुत तकलीफदेह रहा है, खासकर तब, जब यह मामला मेरे लिए बेहद निजी और अहम रहा। यह मेरे जीवन का सबसे कठिन दौर है, लेकिन मैं अपनी मान्यताओं के साथ मजबूती से इसे पार करूंगा। इस मुश्किल समय में जो भी लोग मेरे साथ खड़े रहे और मुझे दयालुता दिखाई, मैं उनका शुक्रिया अदा करता हूं।
> **पलाश मुच्छल,म्यूजिक कंपोजर**

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सीएम ने प्रतीका रावल को 1.5 करोड़ के पुरस्कार का ऐलान किया



**नईदिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को महिला क्रिकेटर प्रतीका रावल से अपने आवास पर मुलाकात की और दिल्ली सरकार की ओर से उन्हें 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। रावल ने हाल में समाप्त हुए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 308 रन बनाए। वह लौरा वोल्वार्ड्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर थीं।दिल्ली की यह क्रिकेटर बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ग्रुप लीग मैच के दौरान चोटिल हो गई थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं खेल सकी थी। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता।गुप्ता ने एक पोस्ट में कहा,आज मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में हमने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी प्रतीका रावल का स्वागत किया। हमारी प्रतिभाशाली बेटी प्रतीका ने दिल्ली को गौरवान्वित किया है। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली सरकार उन्हें 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार देगी। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली भी उपस्थित थे।

### आईपीएल मैचों की मेजबानी करता रहेगा चिन्नास्वामी स्टेडियम

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने रविवार को घोषणा की कि चिन्नास्वामी स्टेडियम भविष्य में आईपीएल मैचों की मेजबानी करता रहेगा। यह घोषणा चार जून को स्टेडियम में हुई भगदड़ के बाद कर्नाटक में इस आयोजन की मेजबानी को लेकर उठे संशय के बीच की गई है। यह भगदड़ उस समय हुई थी जब आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत का जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हुई थी। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष पद के चुनाव में अपना मतदान करने के बाद शिवकुमार ने पत्रकारों से कहा कि भविष्य में एक नया बड़ा स्टेडियम भी बनाया जाएगा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने कहा,मैं क्रिकेट का प्रशंसक हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कर्नाटक में हुई दुर्घटना दोबारा न हो और चिन्नास्वामी स्टेडियम में क्रिकेट कार्यक्रम इस तरह आयोजित किए जाएं जिससे बेंगलुरु का सम्मान बना रहे।उन्होंने कहा कि केएससीए कानून के दायरे में स्टेडियम का संचालन करते हुए दर्शकों के प्रबंधन के उचित उपाय लागू करेगा। शिवकुमार ने कहा, ''हम आईपीएल को कहीं और स्थानांतरित नहीं करेंगे और इसे यहीं चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित करते रहेंगे। यह बेंगलुरु और कर्नाटक का गौरव है, जिसे हम बरकरार रखेंगे। महिलाओं के मैचों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकार उनके लिए भी अवसर सुनिश्चित करेगी।

### मणिपुर ने जीती 12वीं बार जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप

**अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)।** मणिपुर ने रविवार को बंगाल को 9-0 से हराकर जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप टियर एक का खिताब 12वीं बार अपने नाम कर लिया। चिंगखामायुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें मिनट), लोंगजाम नीरा चानू (29वें, 55वें, 59वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, जबकि याइफाबी थोकचोम (68वें, 76वें मिनट) ने दो और मोंगजाम पुष्परानी देवी (75वें मिनट) ने एक गोल किया। महान भारतीय फुटबॉलर डॉ. तालीमेरेन एओ के नाम पर आयोजित इस चैंपियनशिप में मणिपुर का दबदबा रहा है। बंगाल ने फाइनल में पहुंचने के बाद मणिपुर की बादशाहत को चुनौती देने की कोशिश की लेकिन पूर्वोत्तर की इस मजबूत टीम ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। मणिपुर ने इसके साथ इस खिताब की हैट्रिक जीत पूरी की। टीम ने इससे पहले 2023-24 और 2024-25 में भी इस खिताब को जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त

**दूसरा एशेज टेस्ट**



**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया।

ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000 टेस्ट रन पूरे किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे।गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए। इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी। इंग्लैंड के कप्तान ने 'बैजबॉल' की आक्रामक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाते हुए टीम की एशेज संभावनाओं को फिर से जीवित करने की कोशिश की। इंग्लैंड ने सुबह छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए उकसाया जा सके।स्टोक्स और विल जैक्स (41) ने पहले सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यह इंग्लैंड की हमेशा हर कीमत पर आक्रामक खेलने वाली मानसिकता से बिल्कुल अलग तरीका था क्योंकि इसकी पहले काफी आलोचना हुई थी। सातवें विकेट की जोड़ी ने 96 रन की भागीदारी करके इंग्लैंड को अगले सत्र के करीब पहुंचा दिया। यही लय बदलने वाला पल था। इसके बाद विकेट जल्दी-जल्दी गिरने लगे। इंग्लैंड ने 17 रन पर चार विकेट गंवा दिए और दूसरी पारी में 241 रन पर ऑल आउट हो गई। माइकल नेसर ने पांच विकेट लिए। स्टोक्स ने 148 गेंद में अपने 50 रन पूरे किए जो उनके करियर का दूसरा सबसे धीमा अर्धशतक था।

# रोहित से मजाक के बाद कुलदीप बोले-डीआरएस लेने में गलत रहता हूं

**विशाखापत्तनम।** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे।



कुलदीप ने बीसीसीआई के वीडियो में कहा, साफ जाहिर है कि डीआरएस लेने के मामले में मेरा आकलन सही नहीं रहता। मुझे लगता है कि एक डीआरएस मेरे लिए आरक्षित रहता है।उन्होंने कहा, एक गेंदबाज होने के कारण आपको हमेशा यह लगता है कि यह आपका विकेट है, यह आउट है। लेकिन रोहित भाई, केएल भाई, वे विकेट के पीछे खड़े होते हैं इसलिए उन्हें बेहतर अंदाजा होता है कि गेंद स्टंप्स को छोड़कर जा रही है या नहीं। गेंद की ऊंचाई और प्रभाव के बारे में उन्हें बेहतर जानकारी होती है। कुलदीप ने कहा, लेकिन मैं हमेशा यही सोचता हूं कि बल्लेबाज आउट हो गया है। उन्होंने कहा, केवल दो डीआरएस होते हैं, इसलिए आपको सही मार्गदर्शन के लिए ऐसे लोगों की जरूरत होती है, अन्यथा आप डीआरएस को बर्बाद कर सकते हैं। इसलिए मुझे यह बताने के लिए उन्हें भी श्रेय देना चाहिए कि डीआरएस का बुद्धिमानी से उपयोग किया जाए और हम यह नहीं सोचें कि हमने उन्हें बर्बाद कर दिया है। कुलदीप ने कहा,रोहित भाई हमेशा वहां मौजूद रहते हैं। वह मुझसे पूछते हैं कि मैं इस लाइन के बारे में क्या सोचता हूं। जहां तक गेंद की ऊंचाई का सवाल है तो मैं उसका अंदाजा लगा सकता हूं लेकिन गेंद की लाइन और उसके प्रभाव को लेकर फैसला बड़ा महत्वपूर्ण होता है।

# कोहली व वाशिंगटन ने विशाखापत्तनम के सिंहाचलम मंदिर में पूजा-अर्चना की



**विशाखापत्तनम।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, उनके परिवार के सदस्यों और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने रविवार को यहां श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। भारतीय टीम ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। मंदिर के अधिकारियों ने कोहली और उनके परिवार का स्वागत किया और उन्हें दर्शन के लिए ले गए। दर्शन करने से पहले उन्होंने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। सूत्रों के अनुसार कोहली अपने परिवार के सदस्यों और भारतीय टीम के अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे। उन्होंने बताया कि दर्शन के बाद पुजारियों ने नादस्वरम की ध्वनि के साथ वेद आशीर्वाद का पाठ किया। पुजारियों ने खिलाड़ियों को मंदिर का पवित्र वस्त्र दिया और देवस्थानम की ओर से उन्हें भगवान का चित्र और प्रसाद भेंट किया।

# सारस्वत ने पहला सुपर 100 खिताब जीता

**गुवाहाटी मास्टर्स**

**गुवाहाटी।** राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने रविवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में मिथुन मंजूनाथ को तीन गेम में हराकर अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। जोधपुर के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने स्मैश की बौछार करके पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ को 21-11, 17-21, 21-13 से हराया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच यह फाइनल 50 मिनट तक चला।

**तन्वी शर्मा को रजत पदक :** विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को महिला एकल फाइनल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से 18-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह उप विजेता रहीं। पंजाब की 16 साल की खिलाड़ी पिछले हफ्ते सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। वह पिछले साल ओडिशा मास्टर्स के फाइनल में



राजस्थान के संस्कार सारस्वत

पहुंची थीं जबकि इस साल के अमेरिकी ओपन सुपर 300 और विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भी उप विजेता रही थीं। भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक भी एकतरफा फाइनल में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई की छठी वरीय जोड़ी से 13-21 18-21 से हारने के बाद दूसरे स्थान पर रहे। सारस्वत ने पिछले साल बेंगलुरु में अर्श मोहम्मद के साथ अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय युगल खिताब जीता था और इससे पहले जूनियर एकल का खिताब भी जीता था। यह जोड़ी पिछले साल सितंबर में 31वें स्मिट कृष्णा खेतान मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-19 इवेंट में उपविजेता भी रही थी। अपने दाहिने पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत पहले गेम के शुरू में बढ़त बनाए थे। लेकिन मंजूनाथ ने 7-7 की बराबरी हासिल की। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की गलतियों का फायदा उठाया। सारस्वत ने ब्रेक तक 11-9 की मामूली बढ़त बनाई हुई थी लेकिन आक्रामक शॉट्स लगाकर इसे 14-10 तक बढ़ा दिया। मंजूनाथ अपने प्रतिद्वंद्वी के क्रॉस-कोर्ट और डाउन-द-लाइन स्मैश को समझने में संघर्ष कर रहे थे जिससे सारस्वत नौ गेम प्वाइंट तक पहुंच गए और आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सारस्वत ने आक्रामक खेल जारी रखा और अपने तेज स्मैश से 8-2 की बढ़त बना ली जिससे मंजूनाथ दबाव में आ गए। हालांकि कर्नाटक के शटलर ने जोरदार वापसी की और लगातार पांच अंक जीतकर बराबरी की और ब्रेक तक 11-10 से आगे हो गए। मंजूनाथ ने हालांकि लय हासिल करते हुए पिछड़ने के बाद 18-16 की बढ़त हासिल कर ली। फिर सारस्वत की गलतियों ने उन्हें तीन गेम प्वाइंट दिए जिससे उन्हें निर्णायक गेम तक पहुंचने में मदद मिली। तीसरे गेम में सारस्वत आक्रामक इरादे से उतरे और 7-0 की बढ़त बना ली। मंजूनाथ कुछ समय के लिए अंतर कम करने में कामयाब रहे, लेकिन सारस्वत ने नियंत्रण बनाए रखा और ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली। फिर उन्होंने बढ़त को 14-6 तक बढ़ाया और आठ मैच प्वाइंट हासिल किए। सारस्वत ने अपने दूसरे मौके पर एक डीप रिटर्न के साथ मैच जीत लिया। सारस्वत अपने पिता राज की वजह से इस खेल में आए जो खुद एक राष्ट्रीय स्तर के एकल और युगल खिलाड़ी रह चुके हैं।

**एमएलएस कप फुटबॉल**

## मुलर पर भारी पड़े मेस्सी, वैंकूवर वाइटकैप्स को 3-1 से हराया

# इंटर मियामी पहली बार बना एमएलएस चैंपियन

**एजेंसी। फोर्ट लॉडरडेल**

थॉमस मुलर ने लियोनेल मेस्सी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के शनिवार को खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली। मुलर और मेस्सी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेस्सी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन शनिवार को अर्जेन्टीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को एमएलएस कप फाइनल में मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेस्सी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

मेस्सी ने मैच के बाद कहा,तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था। मेस्सी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रैंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई।


इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेस्सी ट्रॉफी हाथ में लिए अपने साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते हुए।

मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं।

**बेकहम ने की मेस्सी की तारीफ :** इंटर मियामी के को.ओनर डेविड बेकहम टीम की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते दिखे। उन्होंने कहाए वैंकूवर ने बेहतरीन खेल दिखाया और कई मौकों पर मियामी पर दबाव भी बनाया। बराबरी का गोल करने के बाद वे मैच में हावी होते दिख रहे थे। बेकहम ने मेस्सी की तारीफ करते हुए कहा कि जब भी गेंद मेसी के पास जाती हैए वह कुछ



ना कुछ कमाल कर ही देते हैं और मौके बना देते हैं। उन्होंने कहा कि टीम पूरे साल एकजुट रही और इसी का नतीजा है कि वे चैंपियन बने। बेकहम इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेकहम ने इस खिताब तक के सफर के बारे में भी बात की। बेकहम ने कहा कि कई रातें चिंता में बीतींए लेकिन उन्हें हमेशा मियामी और इस क्लब की सफलता पर भरोसा था। हम शुरू से ही अपने फैंस से वादा करते आए हैं कि हम उन्हें बेहतरीन खिलाड़ी और अच्छे नतीजे देंगे। उन्होंने कहा कि अगला साल नई शुरूआत होगीए लेकिन आज की रात टीम और फैंस पूरी तरह जश्न मनाएंगे।

# अपने गैजट्स को बनाइए बेहतर

आप अपने पास मौजूद कई गैजट्स (स्मार्टफोन, टैबलट, वाई-फाई राउटर, कैमरे) में ऐसे फीचर्स जोड़ सकते हैं, जिनकी सुविधा कंपनी ने नहीं दी है। इसके लिए बस आपको थोड़ा सा दिमाग लगाने की जरूरत होती है। बाकी हितेश राज भगत और करण बजाज बता देते हैं कि इसे आप कैसे कर सकते हैं, आगे क्लिक करते जाइए और जानिए...




**आपका मल्टिफंक्शनल स्मार्टफोन:-** क्या आपके लैपटॉप में वेबकैम नहीं है? तो आपको फिक्र करने की कोई जरूरत नहीं है। फ्री ऐंड्रॉयड ऐप ड्रॉइडकैम के जरिए आप फोन के कैमरे और माइक्रोफोन का इस्तेमाल कर स्काइप, गूगल हैंगआउट और बाकी प्लैटफॉर्म पर दोस्तों से बात कर सकते हैं। इसके लिए फ्री ऐप और फ्री विंडोज, लाइनक्स सर्वर सॉफ्टवेयर चाहिए। इसके बारे में आपको विस्तार से जानकारी 'डब्लूडब्लूडब्लू डॉट डीईवी7एप्पस डॉट कॉम' पर मिल सकती है।

**वाई-फाई रेंज दुगनी-तिगुनी करिए:-** वाई-फाई एक अजीब साइंस है। आप ठीक-ठीक नहीं पता लगा सकते कि आपका वाई-फाई कहीं पर क्यों कमजोर होता है, लेकिन आप कुछ गाइडलाइंस के मुताबिक काम करके वाई-फाई की रेंज बढ़ा सकते हैं। बेहतर कवरेज के लिए राउटर को घर के बीचो-बीच रखिए और इसे 6 फीट या इससे ज्यादा की ऊंचाई पर रखिए। ऐसा इस वजह से क्योंकि वाई-फाई सिग्नल ओमनी-डायरेक्शनल होते हैं और वे ऊपर जाने की जगह नीचे की तरफ आते हैं। अगर आपके पास दो ऐंटेना वाला राउटर है, तो एक को वर्टिकल रखिए, दूसरे को हॉरिजनटल। अगर आप ये न कर सकें या इन तरीकों से फायदा न हो, तो रेंज बढ़ाने के लिए पुराने राउटर्स को वाई-फाई सिग्नल रिपीटर्स के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं या आप किसी इलेक्ट्रिकल आउटलेट में सीधे लगाने के लिए डीलिंक और नेटगियर जैसे ब्रैंड्स के छोटे रिपीटर्स (कीमत करीब 1500 रुपए) खरीद सकते हैं। रिपीटर अपने नेटवर्क की सीमा पर लगाएं, जिससे वह वहां से सिग्नल को आगे भेज सके। इसे लगाना बहुत आसान होता है। इसमें रिपीटर मोड चुनिए, अपने वाई-फाई नाम और पासवर्ड को डालिए, बस हो गया। आप दुगना या तिगुना या आउटडोर तक सिग्नल पहुंचाने के लिए और रिपीटर्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**अपने कैमरे की क्षमता बढ़ाइए:-** किसी कैमरे से आरएडब्लू फॉर्मैट की इमेज उस तस्वीर का डिजिटल नेगेटिव होता है। सही सॉफ्टवेयर की मदद से आप आरएडब्लू इमेज को बेहतर प्रोसेस कर सकते हैं, ताकि आपको अच्छी तस्वीर मिल सके। आम तौर पर डीएसएलआर कैमरों में आरएडब्लू का ऑप्शन होता है। कई मिड-रेंज और एंट्री लेवल कैमरों में यह नहीं होता, जबकि कई बार उनका हार्डवेयर इसे सपॉर्ट करता है। आप एक टेंपररी फर्मवेयर (एक तरह का सॉफ्टवेयर) की मदद से आप अपने कैमरे को ऐसा ऐसा बना सकते हैं कि वह आरएडब्लू इमेज ले सके और आपको कुछ अतिरिक्त सेटिंग्स दे सके। कैनन के कैमरे रखने वाले लोग ले सकते हैं। आप अपने कैमरा मॉडल को सर्च करिए और सही फर्मवेयर डाउनलोड कर लीजिए। इसमें स्टेप-बाई-स्टेप बताया गया है कि कैमरे में फर्मवेयर कैसे लोड करें। एक बार फर्मवेयर अपडेट होने के बाद आप आरएडब्लू ऑप्शन के अलावा कई और सेटिंग्स देख सकेंगे। इससे लाइव हिस्टोग्राम, फोकस पीकिंग, स्पॉटमीटर, एचडीआर विडियो, अनकम्प्रेस्ड रॉ विडियो सपॉर्ट, मोशन डिटेक्शन जैसे कई फीचर मिलेंगे. सपोर्टेड डीएसएलआर कैमरों की लिस्ट के लिए डबलूडबलूडबलू डॉट मैजिकक्लैंटर्न डॉट एफएम पर जा सकते हैं।

**टीवी का वायरलेस विडियो सिग्नल:-** अगर आपको अपने स्टाइलिश एलईडी-एलसीडी टीवी के केबल के कारण आने वाली खड़खड़ाहट पसंद नहीं है, तो आप अपने टीवी को वायरलेस बना सकते हैं। आपको अपनी मौजूदा डिवाइसेज (मसलन केबल सेट टॉप बॉक्स, डीवीडी प्लेयर और गेम कंसोल) के लिए वायरलेस एडीएमआई अडॉप्टर खरीदना होगा। इसके बाद टीवी के एचडीएमआई पोर्ट में रिसीवर और बाकी डिवाइस में ट्रांसमीटर लगाना होगा। वायरलेस एवी ट्रांसमीटर और रिसीवर की कॉस्ट 4, 000 लेकर 65, 000 रुपए तक बैठती है। कॉन्टेंट (फोटो, म्यूजिक, विडियो) की स्ट्रीमिंग के लिए मौजूदा वाई-फाई कनेक्शन का इस्तेमाल करते हुए स्मार्टफोन या टैबलट जैसी डिवाइस से टीवी को जोड़ने के लिए डीएलएनए टेक्नॉलजी का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**आईपैड को बनाइए दूसरा डिस्प्ले:-** आईपैड का डिस्प्ले काफी शानदार है। चाहे आप आईपैड 2 इस्तेमाल करें या फर्स्ट जेनरेशन आईपैड मिनी, डिस्प्ले की क्वॉलिटी काफी बेहतरीन है। इस वजह से आपको इसे अपने कंप्यूटर के लिए दूसरे डिस्प्ले की तरह इस्तेमाल करना चाहिए। यह ट्रिक विंडोज और मैक दोनों पर काम करती है। इसके लिए सबसे पहले यह पक्का करें कि कंप्यूटर और आईपैड दोनों एक ही वाई-फाई नेटवर्क से जुड़े हों। साथ ही, एयर डिस्प्ले 2 (9.99 डॉलर) या डिस्प्लेपैड (2.99 डॉलर) और कंप्यूटर के लिए संबंधित सर्वर ऐप लेना होगा।

## वायरलेस हार्ड ड्राइव और प्रिंटर

वाई-फाई शेयर करने का शानदार जरिया है। लिहाजा आपके पास मौजूदा प्रिंटर (नॉन-वायरलेस) या एक्सटर्नल हार्ड ड्राइव है, तो आपको इन बिल्ट यूएसबी पोर्ट और प्रिंट सर्वर से लैस राउटर लेना चाहिए। मिसाल के तौर पर बेल्किन का प्लेमैक्स एन 600 (8, 000 रुपए) वाई-फाई एन सर्टिफाइड राउटर है और ड्यूल यूएसबी पोर्ट भी है। साथ ही, इसे परंपरागत वायरलेस राउटर की तरह भी इस्तेमाल किया जा सकता है। आप इसमें एक साथ यूएसबी हार्ड ड्राइवर और यूएसबी प्रिंटर कनेक्ट कर सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि इस नेटवर्क पर कोई भी कंप्यूटर घर में किसी जगह से प्रिंट करने में सक्षम होगा। साथ ही, हार्ड ड्राइव में मौजूद कॉन्टेंट का भी ऐक्सेस मुमकिन होगा।

# मिनटों में लगाएं अपने चोरी हुए फोन का पता

मौजूदा समय में हमारे ज्यादातर काम स्मार्टफोन पर होते हैं फिर चाहे वो ऑफिशियल काम हो या फिर पर्सनल काम। स्मार्टफोन पर हमारी निजी जानकारी जैसे फोटोज, वीडियोज, सोशल मीडिया अकाउंट और बेंकिग जैसी जानकारियां मौजूद रहती हैं। ऐसे में फोन का खो जाना या फिर चोरी हो जाना किसी भी यूजर के लिए बूरे सपने से कम नहीं है। फोन के चोरी होने या फिर खो जाने पर गूगल का एक फीचर आपके काम आ सकता है।



दरअसल एप्पल के फाइंड माय फोन फीचर की तरह एंड्रॉयड स्मार्टफोन्स में यूजर्स को फाइंड माय फोन फंक्शन मिलता है। फाइंड माय फोन फंक्शन की मदद से आप अपने फोन की पुरानी लोकेशन से लेकर मौजूदा लोकेशन तक की जानकारी पा सकते हैं। गूगल मैप्स की मदद से आप अपने खोए हुए फोन को मिनटों में ढूंढ सकते हैं। तो जानते हैं इन स्टेप्स के बारे में जो आपके काम आ सकते हैं।

स्टेप 1: अपने स्मार्टफोन या फिर पीसी पर ब्राउजर को ओपेन करें और डब्लूडब्लूडब्लू डॉट मैप्स डॉट गूगल डॉट को डॉट इन पर जाएं।

स्टेप 2: अपने उस गूगल अकाउंट से लॉग-इन करें जिससे खोया या फिर चोरी हुआ फोन लिंक था।

स्टेप 3: ऊपर दाई ओर बने तीन डॉट्स पर क्लिक करें।

स्टेप 4: इसके बाद योर टाइमलाइन ऑप्शन पर क्लिक करें।

स्टेप 5: यहां उस साल, महीना या फिर दिन की जानकारी इंटर करें जब से आप अपने खोए हुए फोन की लोकेशन का पता लगाना चाहते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका फोन 14 अगस्त को चोरी हुआ है या फिर खोया है, तो टाइम लाइन में 14 अगस्त 2018 इंटर करें।

स्टेप 6: मैप आपको फोन की पुरानी लोकेशन से लेकर मौजूदा लोकेशन तक की पूरी जानकारी देगा।

**(नोट- यह प्रक्रिया तभी काम करेगी जब आपका स्मार्टफोन और लोकेशन सर्विस दोनों ही ऑन हो।)**

# नया पीवीसी पेन कार्ड बनवाने का आसान तरीका



**कभी-कभी हम ऐसी सिचुएशन में आ जाते हैं जहां हमारा पेन कार्ड खो जाता है, चोरी हो जाता है या इतना पुराना हो जाता है कि उसकी कंडीशन इतनी खराब हो जाती है कि वह इस्तेमाल करने लायक नहीं रहता। ऐसे पेन कार्ड को देखकर काफी फ्रस्ट्रेटिंग फील हो सकता है। ऐसे में नया पेन कार्ड बनवाना टाइम लेने वाला और चैलेंजिंग लग सकता है लेकिन आपको बता दें कि यह प्रोसेस पूरी तरह से आसान और ऑनलाइन है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने पेन कार्ड को नए पेन फॉर्मेट में अवेलेबल कराया है, जिसके लिए आप घर बैठे कुछ ही मिनटों में दोबारा अप्लाई कर सकते हैं।**

आपको कहीं जाने या किसी एजेंट के पास जाने की भी जरूरत नहीं है। बस कुछ बेसिक जानकारी डालकर, आप अपना नया पेन कार्ड अपने घर पर मंगवा सकते हैं। पीवीसी पेन कार्ड के बारे में अवेयरनेस बढ़ रही है क्योंकि वे पुराने पेपर कार्ड के मुकाबले ज्यादा सिक्योर और भरोसेमंद हैं। तो, आइए समझते हैं कि यह पीवीसी पेन कार्ड क्या है और आप इसे घर बैठे कैसे ऑर्डर कर सकते हैं।

पीवीसी पेन कार्डऔर कुछ नहीं बल्कि पेन कार्ड का नया, मॉडर्न और सुरक्षित संस्करण है। यह प्लास्टिक पीवीसी से बना होता है, जो पानी से खराब नहीं होता। ये मुड़ता या फटता नहीं है और लंबे समय तक सही स्थिति में रहता है। साथ ही इसमें दफकोड दिया होता है, जिससे कार्ड की ऑथेंटिसिटी तुरंत चेक की जा सकती है, यानी यह कार्ड दिखने में एटीएम कार्ड जैसा होता है और काफी मजबूत रहता है।

**नया पीवीसी पेन कार्ड बैठे कैसे प्राप्त करें?**

अगर आपका पेन कार्ड चोरी हो गया है, खो गया है या खराब हो गया है, तो नया नया पीवीसी पेन कार्ड बनवाने के लिए इन आसान स्टेप्स को फॉलो करें:

- सबसे पहले तो आधिकारिक वेबसाइट www.utiitsl.com पर जाएं।
- इसके बाद 'Reprint PAN' या 'Download e-PAN / Reprint PAN' वाला ऑप्शन सेलेक्ट करें।
- यहां नया या डुप्लीकेट कार्ड मंगाने का ऑप्शन मिलेगा।
- अपनी जानकारी जैसे पेन नंबर, जन्मतिथि, आधार नंबर दर्ज करें।
- अब आपको केवल 50 रूपये का चार्ज देना होगा, जिसे यूपीआई, कार्ड या नेट बैंकिंग से पे किया जा सकता है।
- पेमेंट पूरा होने के बाद फॉर्म सबमिट करें।

**कितना समय लगता है डिलीवरी में?**

आमतौर पर पीवीसी पेन कार्ड 10 से 15 दिनों के भीतर स्पीड पोस्ट के जरिए आपके एड्रेस पर पहुंच जाता है। कभी-कभी छुट्टी, पिन कोड या वेरिफिकेशन कारणों से थोड़ी देरी भी हो सकती है।

# एक ही ऑर्बिट में भारत-रूस का स्पेस स्टेशन

**अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का सफर 2030-31 तक खत्म होने वाला है। इसके बाद रूस और भारत ने भविष्य के अपने अंतरिक्ष स्टेशनों को एक ही कक्षा में रखने का फैसला किया है। यह घोषणा रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख दमित्री बकानोव ने नई दिल्ली दौरे के दौरान की. वे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आए थे। दोनों स्टेशन 51.6 डिग्री झुकाव वाली कक्षा में चक्कर लगाएंगे। यह वही कक्षा है जिसमें आज आईएसएस घूमता है। इससे दोनों देशों के अंतरिक्ष यात्री आसानी से एक-दूसरे के स्टेशन पर जा सकेंगे। वैज्ञानिक प्रयोग कर सकेंगे। आपात स्थिति में मदद ले सकेंगे। बकानोव ने कहा कि यह फैसला दोनों देशों के लिए आपसी लाभ वाला होगा। इससे पहले रूस अपने रशियन ऑर्बिटल स्टेशन के लिए 96 डिग्री झुकाव वाली कक्षा सोच रहा था, लेकिन अब 51.6 डिग्री पर सहमति बनी है।**



**रूस का आरओएस:** रशियन स्पेस सेंटर एनर्जिया द्वारा विकसित होगा। यह स्टेशन गहरे अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान बनाने और लॉन्च करने का आधार बनेगा। इसका मॉड्यूलर डिजाइन इसे लंबे समय तक काम करने लायक बनाएगा।

**भारत का बीएएस:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा 2035 तक पूरा करने की योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे स्वतंत्रता के 100वें साल (2047) से पहले चंद्रयान-3 जैसी सफलताओं के बाद घोषित किया था।

एक ही कक्षा क्यों? 51.6 डिग्री झुकाव आईएसएस जैसी है, जो पृथ्वी के 51.6 डिग्री उत्तर-दक्षिण अक्षांश को कवर करती है। इससे रूस के सोयूज रॉकेट और भारत के गगनयान मिशन आसानी से डॉकिंग कर सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ेगा।

पहला वैज्ञानिक और पावर मॉड्यूल 2028 में लॉन्च होगा। बाकी चार मुख्य मॉड्यूल 2030 तक। 2031-33 में अतिरिक्त मॉड्यूल जोड़ेंगे। खुनिचेव सेंटर को तीन मॉड्यूल के लिए अंगारा-A5M रॉकेट ऑर्डर दिए गए हैं।

इसरो ने 2035 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। हाल ही में स्पेडेक्स सैटेलाइट डॉकिंग सफलता के बाद भारत चौथा देश बना जो यह तकनीक हासिल कर सका (रूस, अमेरिका, चीन के बाद)। 2030-31 में दोनों देश क्रर से अलग हो जाएंगे। रूस पहले ही घोषणा कर चुका है कि वह क्रर के लिए अमेरिका का साथ नहीं दोगा।

**भारत-रूस का पुराना रिश्ता:** भारत ने अपना पहला सैटेलाइट आर्यभट्ट रूस की मदद से लॉन्च किया था। चंद्रयान-2 में रूस ने मदद की थी। गगनयान मिशन के लिए भारतीय यात्री रूस में ट्रेनिंग ले चुके हैं। पुतिन का यह दौरा ब्रिक्स समिट के बाद हुआ, जहां दोनों नेताओं ने अंतरिक्ष सहयोग पर बात की. बकानोव ने कहा किरूस की उन्नत तकनीक भारत के साथ साझा होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह समझौता रूस को क्रर के बाद नई साझेदारी देगा, जबकि भारत को अमेरिका-चीन के बीच संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। अगर सब ठीक रहा, तो 2030 के दशक में अंतरिक्ष में रूसो-भारतीय कॉरिडोर बनेगा।

# बिना बीप कोई भी फोन कॉल रिकॉर्ड करें

**बेस्ट कॉल रिकार्डर एक पूरी तरह से कस्टमाइज किया जा सकने वाला एस60 सिंबयिन सॉफ़्टवेयर है, इसके द्वारा आपके मोबाइल फोन पर आने वाली और की जाने वाली सभी कॉलें रिकॉर्ड की जा सकती हैं भले ही वह नम्बर आपकी फोन लिस्ट में हो या फिर न हों। यह कॉल रिकार्डिंग साफ्ट्वेयर बहुत ही सरल है। इसके सेटिंग विकल्प बेहद आसानी से समझ में आने वाले हैं।**

**इसमें उपलब्ध महत्वपूर्ण गुण हैं...**

- इसमें कॉल रिकॉर्ड करते समय बीप की आवाज बंद कर सकते हैं।
- इसमें स्वतः ही कॉल रिकॉर्ड होने लगती है, बात-चीत कितनी भी लम्बी क्यों न हो, रिकॉर्ड की जा सकती है।
- यदि आप फोन मेमोरी इस्तेमाल करते हैं तो आप रिकॉर्ड की गयी कॉल कहां पर सुरक्षित की जायेगी इसे निश्चित कर सकते हैं।
- इसमें आप यह सेट कर सकते हैं कि किस नम्बर से आने वाली कॉल को रिकॉर्ड किया जायेगा या फिर आने वाली कॉल ही रिकॉर्ड की जायेंगी या फिर सिर्फ की जाने वाली कॉल ही।
- इसका प्रयोग करने पर आपके मोबाइल की बैटरी खर्च होने की दर बहुत ही कम है।
- इसका इंटरफेस बेहद सरल और समझ में आने वाला है।

# कम खर्च होगा डेटा, अपनाएं काम की 8 टिप्स

**पिछले कुछ सालों में मोबाइल पर डेटा की खपत तेजी से बढ़ी है। स्मार्टफोन यूजर्स अपने ज्यादातर काम ऑनलाइन ही कर रहे हैं। आज लगभग हर छोटे-बड़े काम के लिए ऐप्स उपलब्ध हैं। ये ऐप्स भी लगातार अपडेट होते हैं, जिनमें यूजर का काफी डेटा खर्च होता है। इसके अलावा, भारत में विडियो स्ट्रीमिंग सर्विसेज भी तेजी से पॉप्युलर हुई हैं। ऐसे में यूजर की डेटा की जरूरतें लगातार बढ़ रही है। यहां हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहें जिनसे आप अपने मोबाइल में इंटरनेट का इस्तेमाल करने के साथ डेटा की बचत कर सकते हैं।**

### अपनी डेटा लिमिट सेट करें

अपने ऐंड्रॉयड फोन में डेटा के लिए लिमिट सेट करके आप अपना डेटा यूज ट्रैक कर सकते हैं। डेटा लिमिट सेट करने के लिए अपने ऐंड्रॉयड फोन की सेटिंग में जाएं। सेटिंग्स में डेटा यूजेज ऑप्शन पर टैप करें, फिर बिलिंग साइकल में जाएं इसके बाद डेटा लिमिट और बिलिंग साइकल पर टैप करके आप डेटा लिमिट सेट कर सकते हैं।

### बैकग्राउंड डेटा रिस्ट्रिक्ट करें

कई ऐप्स फोन के बैकग्राउंड में मोबाइल डेटा कंज्यूम करते रहते हैं। ऐसे में जिन ऐप्स को बैकग्राउंड में रन करने की जरूरत नहीं है, उन्हें आप सेटिंग्स में जाकर डेटा यूजेज में 'रिस्ट्रिक्ट ऐप बैकग्राउंड डेटा' पर टैप करके बैकग्राउंड में डेटा खर्च होने से बचा सकते हैं।

### डेटा कंप्रेशन का यूज करें

गूगल क्रोम सबसे पॉप्युलर ऐप्स में से एक है। इस ऐप में डेटा कंप्रेशन का ऑप्शन इंबिल्ट होता है। इसके लिए आपको दायीं तरफ कॉर्नर में तीन डॉट नजर आएंगे उन पर टैप करके सेटिंग्स में जाकर डेटा सेवर ऑप्शन पर टैप करके उसे ऑन करें।

### अपडेट के लिए वाई-फाई का करें इस्तेमाल



अपने स्मार्टफोन में ऐप्स को अपडेट करने के लिए वाई फाई का इस्तेमाल करने से आप डेटा की बचत कर सकते हैं। इसके लिए आप फोन के मेन्यू में जाकर सेटिंग्स में जाएं और 'ऑटो अपडेट ऐप्स ओवर वाई-फाई ओनली' ऑप्शन पर टैप करें।

### फोन में स्टोर करें विडियो और म्यूजिक

स्मार्टफोन पर म्यूजिक और विडियो स्ट्रीमिंग करने में सबसे ज्यादा डेटा खर्च होता है। ऐसे में आप विडियो और म्यूजिक अगर फोन में लोकली स्टोर करते हैं तो आप डेटा की बचत कर सकते हैं।

### ऑफलाइन मैप का इस्तेमाल करें

गूगल मैप्स एक पॉप्युलर सर्विस है। इसके इस्तेमाल में यूजर का काफी डेटा खर्च होता है। ऐसे में डेटा बचाने के लिए आप मैप्स को सेव कर सकते हैं। मैप डाउनलोड होने के बाद आप जीपीएस की मदद से इसका इस्तेमाल ऑफलाइन कर सकते हैं।

### मैलवेयर को रखें दूर

ऐंड्रॉयड फोन में मैलवेयर (वायरस) के चलते भी आपका ज्यादा डेटा खर्च हो सकता है। इसके लिए यूजर को अपने फोन को स्कैन करते रहना चाहिए। इसके लिए किसी अच्छे एंटीवायरस ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### जरूरत न होने पर डेटा ऑफ कर दें

जिस वक्त आप फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं या ऑफलाइन सर्विस यूज कर रहे हैं उस वक्त डेटा ऑफ कर दें। इस तरह आप काफी मोबाइल डेटा सेव कर सकेंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। **प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह।** पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।